दैनिक नवसंदेश

धनतेरस आज

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शुक्रवार, 6 नवम्बर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-253 ■ पृष्ठ -16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

संक्षिप्त खबरें

फुलवारी शरीफ थाना का एक सिपाही गिरफ्तार, 7 फरार

फुलवारी शरीफ। स्मैक तस्करों को 11 लाख रुपये लेकर छोड़ने के मामले में पुलिस महकमे में कार्रवाई तेज हो गई है। गुरुवार को फुलवारी शरीफ थाने के एक सिपाही आनंद राज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वहीं मामले में आरोपित सात अन्य पुलिसकर्मी फरार बताए जा रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर लगातार छापेमारी की जा रही है। इसके अलावा इस मामले में आकिब खान को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। गुरुवार को आफताब शाहबाज और परवेज को भी जेल भेजा गया है।

दिल्ली में 3 मंजिला निमार्णाधीन बिल्डिंग गिरी, 2 की मौत

नई दिल्ली। दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में गुरुवार सुबह तीन मंजिला निमार्णाधीन इमारत ढह गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हुए हैं। दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, करीब 15 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। अधिकारियों के मुताबिक, घटना सुबह 9:50 बजे चावड़ी बाजार मेट्रो स्टेशन के पास गली सत्तारा में हुई। सूचना मिलने के बाद दमकल की 6 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। NDRF, दिल्ली पुलिस और MCD की टीमें भी रेस्क्यू और सर्च ऑपरेशन में जुटी हैं।

यूजीसी के जातिगत भेदभाव विरोधी नियमों की होगी दोबारा समीक्षा

नई दिल्ली। उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिगत भेदभाव रोकने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की ओर से बनाए गए नए नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई। इस दौरान केंद्र सरकार ने अदालत को बताया कि वह विवादित यूजीसी नियमों की दोबारा समीक्षा करेगी और इसके लिए एक समिति भी गठित की जाएगी। केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट को आश्वस्त किया कि नियमों की समीक्षा के दौरान सभी वर्गों के छात्रों के हितों का ध्यान रखा जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी वर्ग का छात्र खुद को असंतुष्ट, असुरक्षित या डरा हुआ महसूस न करे।

पीओके में पाकिस्तानी सेना की फायरिंग, 5 की मौत

रावलकोट। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के रावलकोट में गुरुवार को प्रदर्शनकारियों पर पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने फायरिंग की है।इसमें कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 गंभीर रूप से घायल हो गए। मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं। यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी ने आरोप लगाया कि सुरक्षाबलों ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर भारी मशीनगनों और ड्रोन से हमला किया। घटना को लेकर अभी तक पाकिस्तानी अधिकारियों का आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

दीपावली-छठ से पहले पटना में तैनात 195 दारोगा का तबादला

पटना (एनएसबी)। त्योहारों के मौसम में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से पटना पुलिस महकमे में व्यापक फेरबदल किया गया है। पटना जिले के शहरी और ग्रामीण थानों में तैनात 195 दारोगा (पुलिस अवर निरीक्षक) का तत्काल प्रभाव से तबादला कर दिया गया। 2022 बैच की आईपीएस अधिकारी और पटना नगर एसपी (पूर्वी) शैलजा के हस्ताक्षर से ये आदेश जारी हुआ है। इसके तहत दो साल से अधिक समय से एक ही स्थान पर टिके अधिकारियों को बदल दिया गया है। 195 दारोगा (एएसआई) के तबादले से थानों में पुलिसिंग को नई ऊर्जा देने और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पटना नगर पूर्वी क्षेत्र के विभिन्न थानों में पदस्थापित 83 पुलिस अवर निरीक्षकों का तबादला किया गया है। इन सभी 83 अधिकारियों को बिना किसी देरी के अगले 24 घंटे के भीतर अपने नए पदस्थापित स्थान पर योगदान देने का निर्देश जारी किया है। वहीं ग्रामीण इलाकों में दो साल से अधिक अवधि से तैनात 112 दारोगा का ट्रांसफर किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में स्थानांतरित सभी 112 दारोगा को एक सप्ताह के अंदर अपने नए थानों में योगदान करने को कहा गया है। संबंधित थानाध्यक्षों को अपने स्तर से अनुसंधान और विधि-व्यवस्था की ड्यूटी सुचारू रूप से संचालित करने की जिम्मेदारी दी गई।

■ 83 शहरी और 112 ग्रामीण दारोगा हैं शामिल
■ सिटी एसपी (पूर्वी) ने जारी किया आदेश

सीएम ने मुसहर जाति की बुनियादी समस्याओं के निराकरण का दिया भरोसा

डॉ.भीम सिंह भवेश के नेतृत्व में सौंपी गईं नौ सूत्री मांगें

पटना (एनएसबी)। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी को माता शबरी संघर्ष समिति के बैनर तले आरा में दिया गया महाधरना से संबंधित 9 सूत्री मांग-पत्र पद्म डॉ. भीम सिंह भवेश के नेतृत्व में दिया गया। चौधरी ने संबंधित मांगों को लेकर राज्य स्तर पर निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया। विदित हो कि



सभी जिलों को भेजा जाएगा निर्देश : सम्राट चौधरी

मुसहर जाति अनुसूचित जाति के अंतर्गत सर्वाधिक अशिक्षित, गरीब तथा सामाजिक एवं आर्थिक रूप से हाशिए पर है। इस जाति के लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। बिहार में 42 लाख से अधिक आबादी के बावजूद मात्र 98 हजार लोग मैट्रिक पास हैं। इस जाति के 98 प्रतिशत परिवारों के पास शौचालय और रसोई गैस नहीं है। राज्य में 3 प्रतिशत से अधिक आबादी के बावजूद सिर्फ निम्न वर्गीय सेवाओं में मात्र 0.75 हिस्सेदारी है। 80 प्रतिशत से अधिक परिवारों के आवास जीर्णशीर्ण एवं अपूर्ण हैं। 06 से 14 आयु वर्ग के 80 प्रतिशत से अधिक बच्चे ड्रॉप आउट के शिकार हैं। इन मांगों में मुसहर जाति को विशेष श्रेणी का दर्जा, आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति का आंकलन के लिए मुसहर जाति आयोग का गठन, मुसहर जाति की शिक्षा एवं रोजगार के लिए विशेष अभियान, जन्म प्रमाण-पत्र हेतु विशेष निर्देश, आधार, राशन, आयुष्मान एवं लेबर कार्ड की व्यवस्था, सभी मुसहर बस्तियों में पेयजल, शौचालय, सामुदायिक भवन एवं पहुंच पथ की व्यवस्था, आवास विहीन परिवारों को आवासीय भूमि या अपार्टमेंट निर्माण कर आवासीय सुविधा, मुसहर टोलों के जर्जर एवं अपूर्ण आवासों का जीर्णोद्धारा एवं पूर्णता, मुसहर जाति के सभी परिवारों का उज्जवला योजना से आच्छादन, राज्य एवं केन्द्र में मुसहर जाति के युवकों को चतुर्थ वर्गीय सेवा में प्राथमिकता आदि मांगे शामिल थीं। इस अवसर पर डॉ. भवेश द्वारा मुख्यमंत्री को अपनी दो पुस्तकें सान्निध्य का संस्मरण और हाशिए पर हसरत भी भेंट किया। शिष्टमंडल में माता शबरी संघर्ष समिति के धरमु राम, लाल बिहारी राम, भरत कुमार, जय किशुन राम एवं विकास कुमार शामिल थे।

गांवों का समग्र एवं संतुलित विकास सरकार की प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

सीएम की अध्यक्षता में वीबी-जीराम जी को लेकर समीक्षा बैठक

पटना (एनएसबी) । मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में गुरूवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में विकसित भारत-रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जीराम जी) को लेकर समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव एचआर श्रीनिवास ने वीबी-जीराम जी की विशेषताएं, कार्य योजना एवं क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत जानकारी दी। बैठक में सीएम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की उपलब्धता बढ़ाने के साथ-साथ गांवों का समग्र एवं संतुलित विकास सरकार की प्राथमिकता है। वीबी-जीराम जी मिशन के तहत ग्रामीण परिवारों को वर्ष में 125 दिनों के रोजगार की गारंटी है। केंद्र एवं राज्य सरकार के बीच 60:40 के अनुपात में वित्त पोषण की व्यवस्था होगी। उन्होंने निर्धारित समय सीमा के भीतर अर्थात 15 दिनों में मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने पर जोर दिया। सीएम ने कहा कि उक्त मिशन के तहत गांवों के समग्र विकास एवं ग्रामीण रोजगार के लिए 22,000 करोड़ रुपए की विभिन्न योजनाओं को शामिल करें। आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण में 12 लाख रुपए खर्च किये जायेंगे। साथ ही अतिरिक्त 2 लाख रुपए आंगनबाड़ी केन्द्रों के साज-सज्जा, पठन-पाठन सामग्री, फर्नीचर आदि पर खर्च किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि वीबी-जीराम जी मिशन के तहत अभी तक 1.5 लाख योजनाएं ली गई हैं, इनकी संख्या बढ़ाकर 3 लाख करें। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी गांवों में मुलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुये उन सभी कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करें, इसके लिए संबंधित विभाग समन्वय करें, डीएम इसकी सतत निगरानी करें। सीएम ने कहा कि मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायतों को विकसित करने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए। साथ ही सामाजिक अंकेक्षण की प्रभावी व्यवस्था और जनशिकायतों के त्वरित निवारण पर भी बल दिया। बैठक में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी व बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री लेशी सिंह, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव सीके अनिल, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर, कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल, वीबी-जीराम जी के आयुक्त इअंजनी कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्य बिंदु

आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण में 12 लाख रुपए किये जायेंगे खर्च

मिशन के तहत योजनाएं की संख्या बढ़ाकर 3 लाख करें

छठ घाटों पर रखें सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम : सम्राट

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरूवार को लोक आस्था के महापर्व छठ-2026 की तैयारियों को लेकर गंगा नदी के छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टीमर द्वारा नासरीगंज घाट से कलेक्ट्रीयेट घाट, गांधी घाट, पहलवान घाट, गुलबी घाट, चौधरी टोला घाट, पथरी घाट और गायघाट से भद्र घाट होते हुए महावीर घाट तक के विभिन्न गंगा घाटों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीएम ने छठ घाटों की सफाई, सुरक्षा एवं स्वच्छता के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि छठ महापर्व को देखते हुए गंगा घाटों पर सारी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। व्रतियों को अर्घ्य देने में कोई परेशानी न हो, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। गंगा नदी के जलस्तर एवं प्रवाह को देखते हुये छठ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखें।

अनंत सिंह को चार दिसम्बर तक सरेंडर करने का आदेश



पटना (एनएसबी)। मोकामा विधायक अनंत सिंह को दुलारचंद यादव हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट ने अब 4 दिसंबर तक या उससे पहले संबंधित जांच अधिकारी के सामने सरेंडर करने का आदेश दिया है। इससे पहले उनके लिए सरेंडर करने की समय सीमा 1 दिसंबर तय होने की बात सामने आई थी। ताजा आदेश में इसे बढ़ाकर 4 दिसंबर कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के 19 मार्च 2026 के जमानत आदेश को अगली सुनवाई तक निलंबित कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने अनंत सिंह को जमानत देते समय उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की संख्या और आरोपों की गंभीरता पर सही तरीके से विचार नहीं किया। कोर्ट ने इस बात पर भी सवाल उठाया कि उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों को राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता से जोड़कर कैसे देखा गया। सुप्रीम कोर्ट ने जांच अधिकारी को चार महीने के भीतर जांच पूरी कर पूरक आरोप पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई चार महीने बाद होगी।

■ दुलारचंद हत्याकांड में सुप्रीम कोर्ट ने सस्पेंड की बेल



ईओ सुशील कुमार के ठिकानों पर निगरानी ब्यूरो की छापेमारी

पटना (एनएसबी)। आय से अधिक संपत्ति के मामले में गुरुवार को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने मुजफ्फरपुर जिले की नगर पंचायत माधोपुर सुस्ता के कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ) सुशील कुमार के ठिकानों पर छापेमारी की। पटना, मुजफ्फरपुर और सहरसा स्थित आवास एवं कार्यालयों की तलाशी में सुशील कुमार, उनकी पत्नी चांदनी गुप्ता और स्वजन के नाम पर छह अचल संपत्तियों का पता चला है। इनकी अनुमानित कीमत करीब 1.37 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसके अलावा विभिन्न बैंकों में करीब 28.54 लाख रुपये जमा होने की जानकारी भी मिली है। निगरानी के अनुसार, आरोपित के पास उनकी ज्ञात आय से करीब 110 प्रतिशत अधिक संपत्ति पाई गई है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने इस मामले में निगरानी थाना कांड संख्या 131/26 दर्ज किया था। इसमें सुशील कुमार पर एक करोड़ 58 हजार 733 रुपये की आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है।



■ 1.37 करोड़ की छह अचल संपत्ति का खुलासा हुआ
■ ज्ञात आय से 110% अधिक संपत्ति मिली

जंतर-मंतर हिंसा मामले में कम शिकायतें मिलीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि जंतर-मंतर पर 20 जुलाई को हुए छात्र प्रदर्शन के दौरान हिंसा और पुलिस की ज्यादती की जांच कर रही कमेटी को अब तक बहुत कम शिकायतें मिली हैं। पर्याप्त सामग्री नहीं होने के कारण कमेटी फिलहाल किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी। पूर्व जज जस्टिस आर. सुभाष रेड्डी की अध्यक्षता वाली हाई पावर्ड इन्क्वायरी कमेटी (HPEC) ने कोर्ट को बताया कि शिकायतों के लिए पोर्टल और ईमेल की व्यवस्था करने के बावजूद लोगों ने बहुत कम शिकायतें दर्ज कराईं। 29 अक्टूबर को कमेटी की बैठक में सिर्फ एक शिकायतकर्ता हलफनामे के साथ पहुंचा था। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को पीड़ितों की ओर से दाखिल वीडियो, याचिकाएं और हलफनामे कमेटी को भेजने की अनुमति दी। साथ ही निर्देश दिया कि कमेटी संबंधित पक्षों से जवाब लेकर नियमित अंतराल पर अंतरिम रिपोर्ट पेश करे।



■ प्रदर्शनकारियों और पुलिस पर हमले के पर्याप्त सबूत नहीं, जांच कमेटी किसी नतीजे तक नहीं पहुंची



हस्त नक्षत्र व वैधृति योग के सुयोग में धनतेरस आज

पटना (एनएसबी) । कार्तिक कृष्ण प्रदोष व्यापिनी त्रयोदशी में आज शुक्रवार को हस्त नक्षत्र व वैधृति योग के सुयोग में दीपोत्सव का प्रथम पर्व धनतेरस मनाया जाएगा कआज धन त्रयोदशी की तिथि सुबह 11:06 बजे से पुरे दिन होने से पूजा-पाठ, निवेश तथा खरीदारी पुरे दिन होगी कआज ऐश्वर्य, धन, आरोग्य, सौभाग्य, सुख आदि में वृद्धि हेतु लक्ष्मी-गणेश के साथ धन्वंतरि भगवान की पूजा होगी कधनतेरस के दिन बर्तन, सोना, चांदी, झाड़ू आदि खरीदने की परंपरा है कआज के दिन शुभ मुहूर्त में खरीदारी करने से उसका लाभ अधिक दिन तक मिलता है।

दिनभर है खरीदारी का महामुहूर्त : योतिषाचार्य राकेश झा ने बताया कि धनतेरस पर आज शुक्रवार को हस्त नक्षत्र, अमृत सिद्धि योग, प्रीति योग का उत्तम संयोग बन रहा है कआज लक्ष्मी पूजा के साथ खरीदारी करने के लिए यह योग मंगलकारी सिद्ध होगा कआज पुरे दिन खरीदारी का महामुहूर्त है क बर्तनों से लेकर सोना-चांदी के आभूषण, अन्न, फल, मिष्ठान्न, वस्त्र, श्रृंगार सामग्री आदि की खरीदारी होगी क धनतेरस पर शुभतादायी व समृद्धिदायक वस्तु, कौरी, धनिया, कमलगट्टा,



शुक्र प्रदोष के संयोग में खरीदारी रहेगा स्थायी व शुभ

पुरे दिन होगी खरीदारी व लक्ष्मी-गणेश की पूजा

पंचरत्न, लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा, बहुमूल्य वस्तु, भूमि, भवन, वाहन आदि की विशेष तौर पर खरीदी होगा क धनतेरस पर झाड़ू खरीदने से दरिद्रता का ह्रास व समृद्धि का वास होता है।

अकाल मृत्यु से बचाव हेतु यम को दीप दान : शुक्र प्रदोष में धनतेरस के दिन पंचदेव के निमित्त पांच दीपक जलाने से उनकी विशेष कृपा तथा अनिष्ट ग्रहों से शांति मिलेगी तथा आज प्रदोषकाल में यम को तिल तेल का दीपक घर के बाहर दक्षिण मुख दिखाने से काल- संकट, रोग,शोक, भय, दुर्घटना, अकाल या अप मृत्यु नहीं होती है कसनातन धर्मावलंबी इस दिन सुख-समृद्धि व उत्तम स्वास्थ्य की कामना से धन्वंतरि देव का पूजा कर संध्या काल में घर के मुख्य द्वार पर तेल का दीप जलाएंगे।

गुरु और शुक्र ग्रह से जुड़ा है धनतेरस : ज्योतिषी राकेश झा के मुताबिक धनतेरस धन-आरोग्य की चमक का दिन है कयह दिन गुरु जो कि आरोग्य व आयु का कारक है और शुक्र जो धन-वैभव का कारक है, से जुड़ा है कइस दिन पीतल, चांदी, सोना आदि धातु खरीदे कहल्दी, पीली वस्तु का दान व दीपदान से गुरु का बल बढ़ता है क लक्ष्मी पूजन, धातु का क्रय शुक्र ग्रह को सक्रिय करने में सहायक सिद्ध होता है कइन दोनों ग्रहों को साधने से धन वृद्धि, आरोग्य सुरक्षा व समृद्धि का शुभारंभ होता है।

एक नजर

रंगमंच में उल्लेखनीय योगदान के लिए डा. जैनेन्द्र कुमार दोस्त को मिला लोक कला गौरव सम्मान

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार के रंगमंच एवं लोक संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रख्यात रंगकर्मी, फिल्मकार एवं शोधकर्ता डा. जैनेन्द्र कुमार दोस्त को लोक कला गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। बिहार म्यूजियम, पटना में आयोजित एक गरिमामय समारोह में बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया।इस अवसर पर कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के मंत्री डा. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, बिहार म्यूजियम के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह, अपर निदेशक अशोक



राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने किया सम्मानित।

कुमार सिन्हा तथा प्रसिद्ध लोकगायिका मनीषा श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। मूलतः सारण जिले के मढ़ौरा प्रखंड अंतर्गत रामचक गांव के निवासी डा ज़ैनेन्द्र कुमार दोस्त पिछले दो दशकों से रंगमंच, लोककला, फिल्म निर्माण एवं अकादमिक शोध के क्षेत्र में सक्रिय हैं। वे भिखारी ठाकुर रंगमंडल प्रशिक्षण एवं शोध केंद्र के संस्थापक हैं। इस केंद्र के माध्यम से उन्होंने बिहार के महान लोक कलाकार भिखारी ठाकुर की समृद्ध रंगमंचीय परंपरा, गीत-संगीत एवं नृत्य को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। डा. दोस्त के निर्देशन में तैयार नाटकों का मंचन देश के प्रतिष्ठित रंगमंच महोत्सवों के साथ-साथ पाकिस्तान ,श्रीलंका, भूटान और नेपाल के विभिन्न अंतरराष्ट्रीय रंगमंच महोत्सवों में भी हो चुका है। उनके निर्देशन में वर्ष 2018 में निर्मित डक्यूमेंट्री फिल्म नाच भिखारी नाच को विशेष पहचान मिली। यह फिल्म बिहार की पहली ऐसी फिल्म बनी। जिसका चयन वर्ष 2018 में गोवा में आयोजित भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हुआ। वर्तमान में वे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र संस्कृति मंत्रालय,भारत सरकार के सहयोग से भिखारीनामा नामक डक्यूमेंट्री फिल्म पर कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में डा. जैनेन्द्र कुमार दोस्त बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के अंतर्गत बिहार शिक्षा सेवा के शोध एवं प्रशिक्षण उप-संवर्ग में व्याख्याता (कला एवं शिल्प विभाग) के पद पर कार्यरत हैं।

विदेशी शराब के साथ तीन गिरफ्तार

फतुहा / पटना (दैनिक नवसंदेश)। गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को गढ़ोचक रेल पुल के पास छापेमारी कर नदी थाने की पुलिस ने तीन शराब धंधेबाजों को 68 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि धंधेबाजों की पहचान जेठुली निवासी सूरज कुमार, मौजीपुर निवासी आदित्य कुमार एवं पप्पू राय के रूप में हुई है। सूचना मिली थी कि रेल के माध्यम से शराब की खेप लाई जा रही है। इसके बाद गढ़ोचक रेल पुल के पास से सभी को शराब के साथ पकड़ा गया। पूछताछ के बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

दनियावां नगर पंचायत में मकसूदपुर को शामिल करने को लेकर विरोध

दनियावां / पटना (दैनिक नवसंदेश)। प्रस्तावित दनियावां नगर पंचायत के गठन को लेकर गांवों को शामिल करने को लेकर ग्रामीणों में अंतर्विरोध व्याप्त हो गया है। शाहजहांपुर पंचायत के मकसूदपुर गांव को दनियावां नगर पंचायत में शामिल करने को लेकर ग्रामीणों में अंतर्विरोध व्याप्त हो गया है। गांव के कुछ ग्रामीण प्रस्तावित नगर पंचायत में शामिल होने के पक्ष में हैं,जबकि कुछ लोग शामिल होने के विरोध में है। दोनों पक्षों के अपने अपने तर्क हैं। स्थानीय ग्रामीण एवं प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रवि प्रकाश ने नगर पंचायत गठन का स्वागत किया है।उन्होंने कहा कि इससे विकास की गति तेज होगी।स्थानीय मुखिया पल्लवी भारती एवं ग्रामीणों के आवेदन पर अनुमंडल पदाधिकारी पटना सिटी के निर्देश पर गुरुवार को एक ग्राम सभा का आयोजन शाहजहांपुर पंचायत के मकसूदपुर गांव में किया गया।जिसकी अध्यक्षता मुखिया पल्लवी भारती ने किया।ग्राम सभा में शामिल ग्रामीणों ने प्रस्तावित नगर पंचायत के गठन पर विचारोपरान्त असहमति व्यक्त करते हुए सभा की कार्यवाही संपन्न की।

फर्जीवाड़ा कर जमीन बेचने का आरोप, केस दर्ज

फतुहा/ पटना (दैनिक नवसंदेश)। फर्जीवाड़ा कर एक सेवानिवृत्त शिक्षक की जमीन दूसरे के नाम रजिस्ट्री कर देने का मामला सामने आया है। पीड़ित सेवानिवृत्त शिक्षक वरुणा निवासी रामपदार्थ सिंह ने थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार पूर्व की उनकी जमीन और खरीी जमीन पर दखल-कब्जा चला आ रहा है। लेकिन आरोपितों ने मूल दस्तावेज में फर्जीवाड़ा कर जमीन दूसरे के हाथों बेचनी शुरू कर दी है। आरोप है कि उस जमीन पर जाते ही आरोपितों द्वारा इन्हें तरह-तरह की धमकियां दी जा रहीं हैं जिससे पूरा परिवार भयभीत है। उन्होंने पुलिस से जानमाल की सुरक्षा एवं न्याय की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष श्रीमंत कुमार सुमन ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है, आगे की कार्रवाई की जा रही है।

खनन क्षेत्र में पारदर्शिता, निवेश, औद्योगिकीकरण एवं रोजगार सृजन को लेकर बिहार सरकार प्रतिबद्ध : डा. प्रमोद कुमार

पटना (दैनिक नवसंदेश)। गोवा में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय कोयला एवं खान मंत्रियों के दो दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ।

सम्मेलन में विभिन्न राज्यों के कोयला एवं खान मंत्री, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, खनन क्षेत्र के विशेषज्ञ, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, निवेशक एवं अन्य हितधारक शामिल हुए। इस अवसर पर बिहार के खान एवं भूतत्व मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने भी सम्मेलन को संबोधित किया।

अपने संबोधन में मंत्री डा. प्रमोद कुमार ने खनन एवं कोयला क्षेत्र को अधिक पारदर्शी, कुशल, प्रतिस्पर्धी एवं सतत विकासोन्मुख बनाने की दिशा में केंद्र एवं राज्य सरकारों, खनन अधिकारियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, निवेशकों तथा शोधकर्ताओं द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि बिहार अपार आर्थिक संभावनाओं, समृद्ध मानव संसाधन एवं महत्वपूर्ण प्रातिक संसाधनों वाला राज्य है। बिहार की पहचान परंपरागत रूप से



गोवा में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री की अध्यक्षता में राज्यस्तरीय कोयला एवं खान मंत्रियों का दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित।

कृषि प्रधान राज्य के रूप में रही है, लेकिन राज्य की खनिज संपदा भी औद्योगिकीकरण, आधारभूत संरचना के विस्तार, निवेश आकर्षित करने एवं रोजगार सृजन के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध कराती है। खनन क्षेत्र का सुनियोजित विकास राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार खनन एवं कोयला क्षेत्र में पारदर्शिता, कार्यकुशलता, अधिकाधिक प्रतिभागियों की सहभागिता तथा व्यवसाय करने में सुगमता सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर निरंतर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि बिहार सरकार अवैध खनन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर दृढ़ता से कायम है। इसके लिए प्रवर्तन व्यवस्था को मजबूत करने, जिला प्रशासन एवं खनन पदाधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा खनन गतिविधियों की प्रभावी निगरानी के लिए आधुनिक तकनीक के उपयोग पर विशेष बल दिया जा रहा है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के राष्ट्रीय सम्मेलन राज्यों के बीच अनुभवों एवं बेहतर कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान, नीतिगत समन्वय तथा खनन एवं कोयला क्षेत्र में निवेश एवं विकास की नई संभावनाओं को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर गोवा के मुख्यमंत्री सहित विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि एवं केंद्र तथा राज्य सरकारों के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

पढ़ाई से वंचित न रहे प्रदेश का एक भी बच्चा : शिक्षा मंत्री

पढ़बै खगड़िया पहल को सराहा, बच्चों का नामांकन और नियमित उपस्थिति बढ़ाने पर जोर

पटना (दैनिक नवसंदेश)। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि राज्य के हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। कोई भी बच्चा आर्थिक, सामाजिक या किसी अन्य कारण से पढ़ाई से वंचित नहीं रहे। इसके लिए शिक्षा विभाग लगातार प्रयास कर रहा है। शिक्षा व्यवस्था में बेहतर सुधार के लिए जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग और समाज को मिलकर काम करना होगा। शिक्षा मंत्री गुरुवार को खगड़िया जिला समाहरणालय के सभागार में शिक्षा विभाग के कार्यो और योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।



शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी का स्वागत करते अधिकारी।

बैठक में विद्यालयों की आधारभूत संरचना, विद्यार्थियों के अपार पंजीकरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्र-छात्राओं के नामांकन और नियमित उपस्थिति की समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए जरूरी कदम उठाने पर जोर दिया। बैठक में डीएम विक्रम वीरकर और डीईओ अमरेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

इस दौरान डीएम ने जिले में शुरू की गई 'पढ़बै खगड़िया' पहल की जानकारी दी। इस पहल का उद्देश्य विद्यालयों में बच्चों की ड्रपआउट दर कम करना, नामांकन बढ़ाना और उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना है।

शिक्षा मंत्री श्री तिवारी ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि 'पढ़बै खगड़िया' जैसे स्थानीय प्रयास बच्चों को विद्यालय से जोड़ने में मदार साबित हो सकते हैं।

हड़ताली राजस्व कर्मचारियों की जगह प्रतिनियुक्त विशेष सर्वेक्षण अमीनों को मिलेगा सात दिवसीय प्रशिक्षण

11 से 20 नवंबर तक ऑनलाइन माध्यम से आयोजित होगी प्रशिक्षण कार्यशाला

दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस और बिहारभूमि पोर्टल सहित राजस्व कार्यो की दी जाएगी जानकारी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राज्य में हड़ताल पर चल रहे राजस्व कर्मचारियों के स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत प्रतिनियुक्त विशेष सर्वेक्षण अमीनों को विभागीय कार्यों का सात दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित कर दिया है।

11 से 20 नवंबर तक आयोजित होने वाली इस प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रतिनियुक्त अमीनों को राजस्व कर्मचारियों के कार्यों, दायित्वों और अनलाइन सेवाओं के संचालन की जानकारी दी जाएगी।

इस संबंध में विभाग के अपर सचिव अमित कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी कर आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि प्रतिनियुक्त कर्मियों से विभागीय दायित्वों का सुचारू संचालन कराने के लिए उन्हें प्रशिक्षित करना अनिवार्य है।

अपर सचिव श्री पाण्डेय ने जिलाधिकारियों को अनुमंडल स्तर पर सुविधायुक्त प्रशिक्षण केंद्रों का चयन करने और प्रत्येक केंद्र पर एक पर्यवेक्षक पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया है। सभी जिलों के अपर समाहर्ता (राजस्व) प्रशिक्षण कार्यशाला के संचालन, प्रतिदिन प्रशिक्षण की निगरानी और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। प्रशिक्षण विभागीय स्तर से वीडियो कन्फ्रेंसिंग एवं अनलाइन माध्यम से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिया जाएगा।

सात दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिनियुक्त विशेष सर्वेक्षण अमीनों को राजस्व विभाग की अनलाइन सेवाओं एवं पोर्टल का परिचय देने के साथ अंचल कार्यालय में राजस्व कर्मचारी के भूमि संबंधी कार्यों और दायित्वों की जानकारी दी जाएगी। दाखिल-खारिज के नियम एवं प्रक्रिया, परिमार्जन प्लस के प्रावधान, बिहार भूमि पोर्टल पर राजस्व कर्मचारी लगिन के माध्यम से किए जाने वाले कार्य तथा सरकारी भूमि से संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

इसके अलावा बिहार टेनेंसी एक्ट के प्रमुख प्रावधान, रैयतों एवं सरकार के अधिकार और दायित्व, पर्चा निर्गत करने की प्रक्रिया, भू-अर्जन, अभियान बसेरा और भूमि बंदोबस्ती से संबंधित विषय भी प्रशिक्षण का हिस्सा होंगे।

बिहार में पहली बार सरकारी सहायता से हुआ लिवर प्रत्यारोपण

16 वर्षीय मोनू कुमार के महादान से तीन मरीजों को मिला नया जीवन

स्वास्थ्य मंत्री निशांत की पहल पर लिवर प्रत्यारोपण के लिए बिहार सरकार की ओर से 15 लाख का अनुदान

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार में अंगदान एवं अंग प्रत्यारोपण के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। राज्य में पहली बार बिहार सरकार की ओर से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराकर लिवर प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार की पहल एवं पूर्व घोषित निर्णय के अनुरूप लिवर प्रत्यारोपण के लिए सरकार की ओर से 15 लाख का अनुदान उपलब्ध कराया गया।



यह उपलब्धि न केवल राज्य में आधुनिक चिकित्सा सेवाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि अंगदान के माध्यम से मानवता की सेवा और जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन देने का प्रेरणादायक उदाहरण भी है।

बीते दिनों पटना के 16 वर्षीय मोनू कुमार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के दौरान आईजीआईएमएस, पटना में उन्हें ब्रेन डेड घोषित किया गया। दुःख की घड़ी में भी उनके परिजनों ने असाधारण संवेदनशीलता और साहस का परिचय देते हुए स्वेच्छा से उनका लिवर एवं दोनों किडनी दान करने का निर्णय लिया।

मोनू कुमार के इस महादान से तीन जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिला। आईजीआईएमएस पटना में 19 वर्षीय युवती का सफल लिवर प्रत्यारोपण, एक अन्य मरीज का किडनी प्रत्यारोपण तथा एम्स , पटना में एक मरीज का किडनी प्रत्यारोपण शामिल है।

इस पूरी प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में कीआईजीआईएमएस ब्रेन डेथ कमेटी, बिहार, दिल्ली, कोलकाता तथाकीआईजीआईएमएस एवं एम्स , पटना की चिकित्सकीय टीमों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने वाली पूरी चिकित्सकीय टीम को हार्दिक बधाई दी। साथ ही, मोनू कुमार के परिजनों के साहसिक, संवेदनशील एवं मानवता से परिपूर्ण निर्णय को सादर नमन करते हुए उनके प्रति गहरी संवेदना एवं सम्मान व्यक्त किया।

कक्षा 6 की व्यावसायिक शिक्षा की शिक्षक संदर्शिका को उपयोगी बनाने पर मंथन

पटना (दैनिक नवसंदेश)। महेन्द्रू स्थित राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का गुरुवार को समापन हो गया। यह कार्यशाला कक्षा 6 की व्यावसायिक शिक्षा के तहत परियोजना गतिविधियों के बेहतर संचालन के लिए आयोजित की गई थी। कार्यशाला में शिक्षक संदर्शिका (टीचर गाइड) की समीक्षा की गई। साथ ही, इसमें जरूरी सुधार और बदलाव पर चर्चा हुई। इसका उद्देश्य संदर्शिका को अधिक



सरल, उपयोगी और गतिविधि आधारित बनाना था ताकि शिक्षक कक्षा में इसका बेहतर उपयोग कर सकें। कार्यशाला में अध्यापक शिक्षा संस्थानों के व्याख्याताओं और विभिन्न जिलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। प्रथम, आईपीई ग्लोबल, मंत्रा4चेंज और पीरामल फाउंडेशन जैसे सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस दौरान सभी प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए। सामूहिक चर्चा के माध्यम से संदर्शिका को अधिक व्यावहारिक और प्रभावी बनाने के सुझाव दिए गए। कार्यशाला की अध्यक्षता एससीईआरटी के निदेशक यतेंद्र कुमार पाल ने की। इस अवसर पर विभाग के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जुगनू हाट : स्थानीय शिल्प, हथकरघा और पारंपरिक कला को मिला एक मंच

पटना (दैनिक नवसंदेश)। स्थानीय शिल्पकारों, बुनकरों और कलाकारों के हुनर को मंच प्रदान करने तथा लोगों को अपनी कला एवं संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से गर्दनीबाग स्थित बापू टावर में गुरुवार को तीन दिवसीय 'जुगनू हाट' का शुभारंभ हुआ। हाट का उद्घाटन सचिव, कला संस्कृति व भवन निर्माण विभाग प्रणव कुमार, जिलाधिकारी कुंदन कुमार और बापू टावर के निदेशक विनय कुमार ने संयुक्त रूप से किया।



हाट का उद्घाटन सचिव, कला संस्कृति व भवन निर्माण विभाग प्रणव कुमार, जिलाधिकारी कुंदन कुमार और बापू टावर के निदेशक विनय कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

'जुगनू हाट' में बिहार सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों के हस्तशिल्प, हथकरघा और पारंपरिक कला से जुड़े आकर्षक उत्पादों के स्टॉल लगाए गए हैं। यहां लुप्त होती जा रही नालंदा और नवादा की बावनबूटी कला से तैयार साड़ी, अंगवस्त्रम और दुपट्टे लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इसके अलावा बांका की पारंपरिक कलातियां, कैमूर के कालीन, बुनी हुई साड़ियां तथा विभिन्न क्षेत्रों के हस्तशिल्प उत्पाद भी प्रदर्शित किए गए हैं।

हाट में दीपावली, धनतेरस और छठ पर्व से जुड़ी पारंपरिक सामग्री के साथ घर और दीवारों को सजाने के लिए विभिन्न प्रकार के सजावटी उत्पाद भी उपलब्ध हैं। आयोजकों के अनुसार, हाट में बिहार के अलावा प्रदेश के बाहर से आए बुनकरों और शिल्पकारों ने भी अपने उत्पाद प्रदर्शित किए हैं।

आयोजक डा. स्मृति पासवान ने कहा कि 'जुगनू हाट' स्थानीय कला और हुनर को समर्पित एक प्रयास है। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध कला एवं सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि पटनावासियों के लिए यह पारंपरिक उत्पादों को देखने, खरीदने और शिल्पकारों के हुनर को करीब से जानने का अच्छा अवसर है।

इस अवसर पर मलातन इंफ्रा की संस्थापक नूतन पासवान, नरेंद्र पासवान, आयोजक डा. स्मृति पासवान और डीआईजी जयंतकांत सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

प्रतिभाओं को मंच, समाज को सहयोग डा. जूली बनर्जी का अनूठा विजन

पटना (दैनिक नवसंदेश)। डा. जूली बनर्जी, निदेशक, जेबीएसएच स्माइल फाउंडेशन के विजन का उद्देश्य है कि बिहार की छिपी हुई प्रतिभाओं को उचित मंच, पहचान और आत्मविश्वास मिले। इसी सोच के साथ 'ओपन माइक सीजन 2' का आयोजन भारती मंडपम, पटना में किया गया। मात्र आठ महीनों में संस्था का यह पाँचवाँ सफल आयोजन रहा और संस्था के सभी आयोजन किसी न किसी नेक सामाजिक उद्देश्य को समर्पित रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिलीप कुमार,आईआरटीएस , मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे रहे। कार्यक्रम के टाइटल स्पान्सर गीतांजली पैथो हायगानास्टीक थे। इस आयोजन में कुल 30 शार्टलिस्ट किए गए प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। यह कोई प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक खुला मंच था, जहाँ हर कलाकार को बिना प्रतिस्पर्धा के अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया। पाँच अनुभवी मेंटर्स श्रीमती अरुणिमा गुप्ता (शास्त्रीय गायन), तारा शंकर धर (भरतनाट्यम), सुश्री इमली दासगुप्ता (ओडिसी), अभिषेक कुमार झा (शास्त्रीय संगीत) एवं प्रतीक बनर्जी (सितार वादन) ने प्रस्तुतियों का अवलोकन किया। कार्यक्रम में पाँच वर्ष की नन्ही बच्ची ने हारमोनियम बजाकर सबका दिल जीत लिया, वहीं प्रतिभाशाली कृति ने माँ काली के स्वरूप में मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी। निशा कुमारी, आशीष कुमार, निधि, अमृत आनंद, संजना, किशन एवं प्रतीक बनर्जी ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

खबरें — खास-खास

कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर में गूंजा खुशियों का दीप सबकी खुशियों वाली दिवाली उत्सव में झूमा पूरा विद्यालय



ट्रस्ट की चेयरपर्सन व प्रबंध निदेशक सुश्री उषा कुमारी की अध्यक्षता में कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर परिसर में गुरुवार को दीयों की रोशनी, रंगोली की रंगत और बच्चों की खुशियों एक साथ दिखी।

पटना (दैनिक नवसंदेश)। कुमुदिनी शिशु विद्या मंदिर का परिसर गुरुवार को दीयों की रोशनी, रंगोली की रंगत और बच्चों की खुशियों से जगमगा उठा। विद्यालय में सबकी खुशियों वाली दिवाली उत्सव बड़े ही धूमधाम, उल्लास और भावनात्मक माहौल में मनाया गया। इसी के साथ गत 2 नवंबर से चल रहे दिवाली कार्निवाल का रंगारंग समापन भी हुआ।

'कार्निवाल में प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन': दिवाली कार्निवाल के दौरान विद्यालय में एक के बाद एक कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें 'रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता' बच्चों ने फूलों और रंगों से जय श्री राम, शुभ दिवाली और बेटी बचाओ जैसे संदेश देती मनमोहक रंगोलियाँ बनाईं। 'दीया डेकोरेशन प्रतियोगिता': मिट्टी के साधारण दीयों को बच्चों ने अपनी कल्पना से कलाकृति में बदल दिया।'कंदील मेकिंग प्रतियोगिता' : कागज और रंगीन झालरों से बने कंदीलों ने पूरे परिसर को रोशन कर दिया।'घरौंदा बनाओ-सजाओ प्रतियोगिता' : बच्चों ने अपने सपनों का घरौंदा बनाकर सभी को भावुक कर दिया।सभी प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अनुशासन, टीम भावना और रचनात्मकता का अद्भुत परिचय दिया। कार्यक्रम का सबसे हृदयस्पर्शी क्षण वह रहा, जब कुमुदिनी एजुकेशनल कम चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आर्थिक रूप से पिछड़े बच्चों के बीच मिठाई, कपड़े और उपहार वितरित किए गए। यह वितरण विद्यालय के बच्चों के हाथों से कराया गया।

'ट्रस्ट की चेयरपर्सन व प्रबंध निदेशक सुश्री उषा कुमारी' ने कहा आज का दिन हमारे लिए गर्व का दिन है। दिवाली केवल अपने घर को सजाने का नाम नहीं है, दिवाली तो उस घर को रोशन करने का नाम है, जहाँ अँधेरा है। हमारे ट्रस्ट का हमेशा यही प्रयास रहा है कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दिए जाएँ।आज जब मैंने हमारे बच्चों को अपने हाथों से जरूरतमंद बच्चों को मिठाई और कपड़े देते देखा, तो मेरा मन भर आया। यही तो हमारी असली शिक्षा है।

'विद्यालय की प्राचार्या सुश्री अंकिता कुमारी ने कहा' पिछले चार दिनों से चल रहे दिवाली कार्निवाल में बच्चों ने फूड स्टल में प्रबंधन, रंगोली में कला, दीया-कंदील में सृजन और आज खुशियाँ बाँटकर मानवता सीखी है। यही हमारे विद्यालय का मूल उद्देश्य है - अच्छे अंक ही नहीं, अच्छा इंसान बनाना। मैं सभी विजेता बच्चों को बधाई देती हूँ और सभी शिक्षकों, अभिभावकों और बच्चों को इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद देती हूँ।

शिवम सम्राट के दम पर सीएबी ने जीती विमला देवी मेमोरियल क्रिकेट ट्रॉफी

फाइनल में ट्रैम्फैंट सीसी को 49 रन से दी शिकस्त, अमन बने प्लेयर ऑफ द मैच

पटना (दैनिक नवसंदेश)। क्रिकेट एकेडमी ऑफ बिहार (सीएबी) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय विमला देवी मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। गुरुवार को सीएबी ग्राउंड पर खेले गए फाइनल मुकाबले में सीएबी ने ट्रैम्फैंट क्रिकेट क्लब को 49 रन से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। सीएबी की जीत में शिवम सम्राट की शानदार अर्धशतकीय पारी और अमन की घातक गेंदबाजी निर्णायक रही।



टॉस जीतकर ट्रैम्फैंट सीसी ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सीएबी की टीम ने निर्धारित 21 ओवर में सात विकेट पर 204 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। ओपनर शिवम सम्राट ने 46 गेंदों पर आठ चौके और पांच छक्कों की मदद से 71 रन की विस्फोटक पारी खेली। वहीं, आस्तित्व चंद्रा ने 39, विवेक कुमार ने 37 और आर्यन सिंह ने 19 रन का योगदान दिया। अतिरिक्तके रूप में 31 रन मिले। ट्रैम्फैंट की ओर से स्पर्श ने दो विकेट लिए, जबकि प्रियांशु यादव, मयंक, आदर्श और करन को एक-एक सफलता मिली।

अमन ने झटके पांच विकेट : 205 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ट्रैम्फैंट सीसी की टीम 193 ओवर में 155 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से शिवम राज ने 53 रन की पारी खेली। आकर्ष राज ने 28, स्पर्श ने 29, प्रियांशु यादव ने 13 और मयंक ने नाबाद 17 रन बनाए। सीएबी की ओर से अमन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 25 रन देकर पांच विकेट चटकाए। राहुल ने 28 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि आर्यन सिंह और दक्ष राज को एक-एक विकेट मिला। शानदार प्रदर्शन के लिए अमन को प्लेयर अफ द मैच चुना गया।

इन खिलाड़ियों को मिले व्यक्तिगत पुरस्कार : मैन अफ द सीरीज का पुरस्कार फिनिक्स सीसी के अमय सहाय को मिला। राजू वाल्स एकेडमी के आयुष्मान जैन बेस्ट बैट्समैन, सीएबी के श्रेष्ठ सुमन बेस्ट बलर, वाईसीसी के वेद नारायण बेस्ट विकेटकीपर और राज सयर के आयुष सिंह बेस्ट फील्डर चुने गए।

मैच के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में उप महापौर रेशमी चंद्रवंशी, एडीएम (उप समाहर्ता) सुबोध कुमार सिंह, संतोष कुमार, भाजपा नेता मृत्युंजय तिवारी और लोजपा (रामविलास) के जिला अध्यक्ष ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रफी देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के आयोजक इंद्रदीप चंद्रवंशी ने अतिथियों का स्वागत किया। सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउंडेशन के महासचिव सह आयोजन अध्यक्ष संतोष तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया, जबकि मंच संचालन मृत्युंजय झा ने किया।

पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता लंदन स्थित ऐतिहासिक डा. अंबेडकर हाउस पहुंचे, बाबा साहेब को अर्पित की श्रद्धांजलि

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार सरकार के पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने अपने लंदन प्रवास के दौरान भारत रत्न, भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के ऐतिहासिक निवास डा. अंबेडकर हाउस का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके जीवन और संघर्ष से जुड़ी ऐतिहासिक स्मृतियों का अवलोकन किया। मंत्री श्री गुप्ता ने कहा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर का जीवन सामाजिक न्याय, समानता, शिक्षा और मानव गरिमा के लिए समर्पित रहा है। उनके विचार और आदर्श न केवल भारत, बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने बाबा साहेब की ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 में महाराष्ट्र की तत्कालीन भाजपा सरकार द्वारा बाबा साहेब के इस ऐतिहासिक निवास का अधिग्रहण किया गया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसे स्मारक के रूप में समर्पित किया गया। यह पहल बाबा साहेब की स्मृतियों को संजोने और उनकी महान विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री श्री गुप्ता ने कहा, बाबा साहेब की विरासत केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा और मार्गदर्शन का अमूल्य स्रोत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी स्मृतियों को संरक्षित करने और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे ऐतिहासिक स्थल हमारी भावी पीढ़ियों को महान विभूतियों के संघर्ष, त्याग और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान से परिचित कराते हैं। बाबा साहेब के समानता, शिक्षा और सामाजिक समरसता के आदर्शों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

संक्षिप्त खबरें

मोबाइल व पैसा छिनतई के मामले में आरोपित गिरफ्तार

आरा/चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)। जिले के चरपोखरी थाना पुलिस ने ई-रिक्शा पर सवार युवक से मोबाइल व पैसा छिनतई करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि दूसरा भागने में सफल रहा। उसे ग्रामीणों के सहयोग से थाना क्षेत्र के सेमरांव गांव के पास से गिरफ्तार किया गया। उसके पास रही बाइक को जब्त कर लिया गया। वह चरपोखरी थाना क्षेत्र के दुलौर टोला गांव निवासी विमलेश कुमार है। इसकी जानकारी एसपी अवधेश दीक्षित ने प्रेस नोट जारी कर दी।

जेल से जमानत पर छूट कर आए बदमाश समेत चार गिरफ्तार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। नगर थाना पुलिस की टीम ने काजी टोला कबीरगंज मठिया के पास गुरुवार को छापेमारी कर जेल से जमानत पर छुटकारा आए बदमाश समेत चार को घर दबोचा। उनके पास से एक देशी पिस्तौल और मोबाइल बरामद हुआ। गिरफ्तार लोगों में नगर थाना क्षेत्र के काजी टोला निवासी तनवीर आलम उर्फ छोटन बावर्ची का पुत्र मो. जमील उर्फ आजम, मो. शाहनवाज का पुत्र मो. अकरम, मो. तालीम का पुत्र मो. साजिद एवं मो. शमी का पुत्र मोहम्मद फैज उर्फ आदिल हैं। बताया जाता है कि 4 नवंबर को पुलिस को सूचना मिली कि काजी टोला कबीरगंज मठिया के पास मो. जमील उर्फ मो. आजम जो अभी जेल से छुटकर आया है, अवैध हथियार लेकर कुछ युवको के साथ बैठकर ताश खेल रहा है। सूचना के सत्यापन उपरांत पुलिस टीम काजी टोला कबीरगंज मठिया के पास छापेमारी की पुलिस को देखते ही मो.जमील उर्फ मो. आजम भगाने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस ने सभी को घेर कर अपनी जगह बैठे रहने को कहा। पुलिस द्वारा घेरा बनते ही मो. जमील उर्फ मो. आजम अपने पास रखें पॉलिथीन में पिस्टल छिपाने का प्रयास करने लगा। इसके बाद पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया इस दौरान एक देसी कट्टा और एक मोबाइल बरामद हुआ। गिरफ्तार चारों के विरुद्ध नगर थाना के पुअनि नुमान अली शौकत के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

प्रशिक्षु जवानों को ड्यूटी के दौरान पूरी तरह सतर्क व सजग रहने का निर्देश

एसपी द्वारा प्रशिक्षु सिपाहियों को की गई ब्रीफिंग



आरा (दैनिक नवसंदेश)। दीपावली और लोक आस्था के महापर्व ह्यछठह्य के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था, शांति और सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा नवीन पुलिस केंद्र में प्रशिक्षु सिपाहियों को ब्रीफिंग की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रशिक्षु जवानों को अपनी ड्यूटी के दौरान पूरी तरह सतर्क, सजग और पेशेवर रहने का कड़ा निर्देश दिया। इसके साथ ही, आम नागरिकों के साथ विनम्र, संवेदनशील और मददगार व्यवहार बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) सहित अन्य संबंधित पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहें।

छठ पूजा कमेटी को विधायक राकेश ओझा ने उपलब्ध कराया जनरेटर

शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)। छठ महापर्व को लेकर छठ पूजा कमेटी गौरा को विधायक राकेश विशेश्वर ओझा की ओर से जनरेटर उपलब्ध कराया गया। जनरेटर मिलने से छठ घाट पर पूजा के दौरान रोशनी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में सुविधा होगी। पिछले दिनों आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान छठ पूजा कमेटी गौरा के सदस्यों ने ओझवलिया गांव पहुंचकर विधायक राकेश विशेश्वर ओझा से मुलाकात की थी। इस दौरान छठ पूजा से पहले कमेटी को जनरेटर उपलब्ध कराने की मांग रखी थी। विधायक ने अपने पिता स्व. विशेश्वर ओझा की स्मृति में गठित वीर विशेश्वर ओझा मेमोरियल ट्रस्ट के सहयोग से कमेटी को जनरेटर उपलब्ध कराया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि छठ महापर्व हम सभी की आस्था और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। इस महापर्व का विशेष स्थान हर किसी के हृदय में है। मौके पर उपदेश ठाकुर, बी.एन. तिवारी, अमरनाथ ओझा, रंटु ठाकुर, सोमनाथ पांडेय, रविंद्र ओझा, रघुवंश पांडेय, सिद्धनाथ पाठक, जितेंद्र चैबे, राधेश्याम पांडेय, शिशुपाल सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।



शासन के निर्देश पर पटाखा दुकानों का निरीक्षण

दुकानों में बालू, पानी और अग्निशमन यंत्र रखने का दिया निर्देश



चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)। प्रखण्ड मुख्यालय सहित क्षेत्र क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सरकार के दिशा निर्देश में गुरुवार को अग्निशमन विभाग की टीम ने पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान निरीक्षण टीम ने सभी पटाखा दुकानों पर पहुंचकर दुकानदारों के लाइसेंस की जांच की। साथ ही पटाखों की बिक्री के दौरान अग्नि सुरक्षा से संबन्धित नियमों और निर्धारित मानकों का पालन करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने दुकानदारों को स्पष्ट रूप से बताया कि पटाखों की बिक्री के लिए लाइसेंस होना अनिवार्य है। बिना लाइसेंस पटाखों की बिक्री करना नियमों के विरुद्ध है। अधिकारियों ने दुकानदारों को अपनी दुकानों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम रखने की हिदायत दी। इसके तहत प्रत्येक पटाखा दुकान में बालू, पानी तथा अग्निशमन यंत्र रखना अनिवार्य बताया गया ताकि किसी भी अप्रिय घटना या आग लगने की स्थिति में तत्काल बचाव कार्य किया जा सके। मौके पर अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी उमा शंकर तिवारी, प्रधान अग्निक मनोज सफी, अग्नि चालक विकास मिश्रा, अग्निक विजय पासवान एवं अग्निक ओम प्रकाश सहित अग्निशमन विभाग के अन्य कर्मी मौजूद रहे।

अधिक से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने का एसडीएम ने दिया निर्देश

पीरो (दैनिक नवसंदेश)। एसडीएम कृष्ण कुमार उपाध्याय ने अनुमंडल के पीरो, चरपोखरी व तरारी प्रखंडों में अधिक से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी व कर्मियों को दिया है। इसके लिए आयोजित वीसी में एसडीएम ने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं दिख रही है। इसलिए सभी कल्याण पदाधिकारी, बीसीएम, बीपीएम, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी इसका मनिटरिंग कर ज्यादा से ज्यादा लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाएं। उन्होंने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी को संबंधित प्रखंड में इस कार्य के लिए नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। अगर किसी प्रखंड में कर्मियों की कमी या अन्य कोई समस्या है तो वह जरूर बताएं जिससे कि उसे समस्या का निदान किया जा सके और ज्यादा से ज्यादा लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जा सके। एसडीएम के अनुसार पीरो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आरोग्य मित्र लगाए गए थे लेकिन वे निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए। लोगों को यह बताना होगा कि सीएससी सेंटर, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी आयुष्मान कार्ड बनाया जा सकता है। इस आशय की जानकारी बीडीओ अपने-अपने पंचायत के ग्रुप में डाल दें और सभी लोग इस कार्य को ज्यादा से ज्यादा संख्या में आयुष्मान कार्ड बनवायें जिससे कि अगले तीन-चार दिनों में या फिर आने वाले छठ पर लोग बाहर से आएं तब उनका भी आयुष्मान कार्ड बनाया जा सके।

मुख्यमंत्री ने मुसहर जाति की बुनियादी समस्याओं के निराकारण का दिया भरोसा

बिहार में 42 लाख से अधिक आबादी के बावजूद मात्र 98 हजार लोग मैट्रिक पास हैं। इस जाति के 98 प्रतिशत परिवारों के पास शौचालय और रसोई गैस नहीं

आरा (दैनिक नवसंदेश)। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी को 'माता शबरी संघर्ष समिति' के बैनर तले आरा में दिया गया महाधरना से संबंधित 9 सूत्री मांग-पत्र 'पद्म श्री' डॉ. भीम सिंह भवेश के नेतृत्व

डॉ.भीम सिंह भवेश के नेतृत्व में सौंपी गईं नौ सूत्री मांगें

सभी जिलों को भेजा जाएगा निर्देश : सम्राट चैधरी





में दिया गया। श्री चौधरी ने संबंधित मांगों को लेकर राज्य स्तर पर निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया। विदित हो कि मुसहर जाति अनुसूचित जाति के अंतर्गत सर्वाधिक अशिक्षित, गरीब तथा सामाजिक एवं आर्थिक रूप से हाशिए पर है। इस जाति के लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। बिहार में 42 लाख से अधिक आबादी के बावजूद मात्र 98 हजार लोग मैट्रिक पास हैं। इस जाति के 98 प्रतिशत परिवारों के पास शौचालय और रसोई गैस नहीं है। राज्य में 3 प्रतिशत से अधिक आबादी के बावजूद सिर्फ निम्न वर्गीय सेवाओं में मात्र 0.75 हिस्सेदारी है। 80 प्रतिशत से अधिक परिवारों के आवास जीर्णशीर्ण एवं अपूर्ण हैं। 06 से 14 आयु वर्ग के 80 प्रतिशत से अधिक बच्चे ड्रॉप आउट के शिकार हैं। इन मांगों में मुसहर जाति को विशेष श्रेणी का दर्जा, 'मुसहर जाति आयोग' का गठन, शिक्षा एवं रोजगार के लिए विशेष अभियान, जन्म प्रमाण-पत्र, आधार, राशन, आयुष्मान एवं लेबर कार्ड की व्यवस्था, सभी मुसहर बस्तियों में पेयजल, शौचालय, सामुदायिक भवन एवं पहुंच पथ की व्यवस्था, आवास विहीन परिवारों को आवासीय भूमि या अपार्टमेंट निर्माण कर आवासीय सुविधा, मुसहर टोलों के जर्जर एवं अपूर्ण आवासों का जीर्णोद्धारा एवं पूर्णता, मुसहर जाति के सभी परिवारों का उज्जवला योजना से आच्छादन, आदि मांगे शामिल थीं। इस अवसर पर डॉ. भवेश द्वारा मुख्यमंत्री को अपनी दो पुस्तकें 'सान्निध्य का संस्मरण' और 'हाशिए पर हसरत' भी भेंट किया। शिष्टमंडल में माता शबरी संघर्ष समिति के धरमु राम, लाल बिहारी राम, भरत कुमार, जय किशुन राम एवं विकास कुमार शामिल थे।

जिला स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

ससमय तैयारी पूर्ण करने का दिया निर्देश



आरा (दैनिक नवसंदेश)। उप विकास आयुक्त अरुण प्रकाश की अध्यक्षता में जिला स्थापना दिवस-2026 के सफल आयोजन की तैयारियों को लेकर विद्या भवन स्थित सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने संबंधित विभागों द्वारा लगाए जाने वाले विभागीय स्टॉल, खेल प्रतियोगिताओं, प्रभातफेरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, दीपोत्सव सहित अन्य प्रस्तावित गतिविधियों की तैयारियों की बिंदुवार जानकारी प्राप्त की। संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिला स्थापना दिवस के आयोजन को आकर्षक, सुव्यवस्थित एवं यादगार बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी विभाग आपसी समन्वय एवं सहयोग के साथ कार्य करें तथा अपने-अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय स्टॉल के माध्यम से सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकासात्मक कार्यों एवं विभागीय उपलब्धियों को आमजनों के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रदर्शित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही खेल प्रतियोगिताओं एवं प्रभातफेरी के आयोजन में अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जिले की समृद्ध कला, संस्कृति एवं लोक परंपराओं को प्रदर्शित करने पर विशेष बल दिया। दीपोत्सव कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं, स्थल चयन, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य संबंधित तैयारियों को भी समय रहते पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को कार्यक्रमवार जिम्मेदारियां निर्धारित करते हुए नियमित रूप से तैयारियों की समीक्षा करने तथा किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरतने की हिदायत दी।

मां-बेटे की हत्या में आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी

पत्नी सहित बड़ा बेटा गिरफ्तार ● तेंदुनी दोहरा हत्याकांड

आरा/जगदीशपुर (दैनिक नवसंदेश)। जगदीशपुर थाना क्षेत्र के तेंदुनी गांव निवासी महिला पंच रामावती कुंअर और उनके बेटे की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा दी है। पुश्तैनी संपत्ति हड़पने के लिए बड़े बेटे और बहू ने ही सुपारी देकर हत्या करायी थी। उसके लिए बड़े बेटे दिनेश कुमार ने पचास हजार की सुपारी दी थी। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित के निर्देश पर एसडीपीओ रवि कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने तकनीकी और वैज्ञानिक साक्ष्य आधारित जांच के जरिए हत्याकांड का खुलासा किया है। पुलिस ने रामावती कुंअर के बड़े बेटे दिनेश कुमार और उसकी पत्नी शांति देवी को गिरफ्तार कर लिया है। सुपारी लेने वाले की भी पहचान कर ली गयी है और उसकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। इधर, हत्या के मामले में पंच रामावती कुंअर की बेटी विभा उर्फ गुड़िया कुमारी के बयान पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है। उसमें गुड़िया ने अपने बड़े भाई दिनेश कुमार और भाभी शांति देवी सहित तीन लोगों को नामजद किया गया है। पांच अन्य अज्ञात लोगों को भी आरोपित किया गया है। एसडीपीओ रवि कुमार की ओर से गुरुवार को प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि मां बेटे की हत्या को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक की ओर से विशेष टीम गठित की गयी थी। टीम ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वैज्ञानिक और तकनीकी साक्ष्य अनुसंधान शुरू किया गया। उसमें रामावती कुंअर के बड़े बेटे दिनेश कुमार और बहू शांति देवी की हत्या में संलिप्तता पायी गयी। तफ्तीश में यह बात सामने आयी कि संपत्ति के लालच में दिनेश कुमार ने अपनी पत्नी सहित अन्य लोगों के साथ मां और भाई की हत्या की थी। दिनेश कुमार और उसकी पत्नी साजिश के साथ हत्या में भी शामिल थी।उसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पति-पत्नी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है।

पुलिस ने पांचों अभियुक्तों को गुरुवार को 48 घंटे की रिमांड पर लिया

राम कुमार सिंह हत्याकांड:

चंदन सहित गिरफ्तार पांच अभियुक्तों से पूछताछ शुरू

आरा (दैनिक नवसंदेश)। राम कुमार सिंह हत्याकांड में गिरफ्तार चंदन सिंह और मनोज सिंह सहित पांचों अभियुक्तों से पूछताछ कर रही है। न्यायालय के आदेश पर गुरुवार को पुलिस ने पांचों अभियुक्तों को 48 घंटे की रिमांड पर लिया है। पूछताछ के दौरान पुलिस पांचों से शूटरों के अलावे हत्याकांड में शामिल अन्य अभियुक्तों के साथ घटना में इस्तेमाल हथियार सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी ले रही है। उसे लेकर वरीय अधिकारियों की मौजूदगी में पांचों अभियुक्तों से आमने-सामने और अलग-अलग पूछताछ की जा रही। हत्याकांड के नामजद अभियुक्त चंदन सिंह और मनोज सिंह उर्फ लक्की के अलावे टीपू कुमार, अभिषेक यादव तथा हत्या की सुपारी लेने वाले पिंटू सिंह को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। बता दें कि 15 अक्टूबर की सुबह करीब छह बजे कनकपुरी मोहल्ला निवासी पूर्व अधिकारी रामकुमार सिंह की घात लगाए बाइक सवार बदमाशों हत्या कर दी थी। इस मामले में उनके बेटे अमित कुमार उर्फ गोल्डी के बयान पर मुकदमा दर्ज किया गया है। उसमें चंदन सिंह, चंदन सिंह की पत्नी चांदनी सिंह, मनोज सिंह उर्फ लक्की, जय प्रकाश यादव उर्फ गुड्डू, मुफस्सिल थाने के तत्कालीन थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राम कल्याण यादव सहित 14 लोगों को नामजद किया गया है। इंस्पेक्टर राम कल्याण और राजस्व कर्मचारी विष्णु देव सिंह सहित चार लोगों पर हत्या की साजिश रचने का आरोप है। हत्या के तत्काल बाद मनोज सिंह लक्की को गिरफ्तार कर लिया गया था। उसके कुछ दिन के बाद चंदन सिंह और उसके सहयोगी अभिषेक यादव को कोलकाता से गिरफ्तार किया गया था। चंदन सिंह की गिरफ्तारी के बाद उसके घर से एक देसी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, एक मैगजीन और एक थार कार जब्त की गयी थी।

अवैध हथियार व मैगजीन के साथ चाय दुकानदार

आरा (दैनिक नवसंदेश)। उदवंतनगर थाना पुलिस ने गुरुवार को तेतरिया मोड़ स्थित मटका चाय दुकान में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने चाय दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास एक देशी पिस्तौल तथा दो मैगजीन बरामद हुआ। इसकी जानकारी सदर एसडीपीओ 1 सुशील कुमार ने दिया।

सोशल मीडिया की लत पर बच्चों ने दिया जागरूकता का संदेश

प्रसैनन पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)। दीपावली के पावन अवसर पर गुरुवार को रेसिडेंशियल प्रसैनन पब्लिक स्कूल, कोईलवर में रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नर्सरी से लेकर कक्षा दसवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा और कलात्मक कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने ह्यसोशल मीडिया एडिक्शनह्य विषय पर रंगोली बनाकर युवा पीढ़ी को मोबाइल और सोशल मीडिया की बढ़ती लत से बचने का संदेश दिया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे रंगों और अपनी कल्पनाशीलता के माध्यम से आकर्षक रंगोलियां बनाईं। कक्षा तीन के नन्हें विद्यार्थियों ने मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम को समर्पित सुंदर रंगोली बनाकर अपनी धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक जुड़ाव का परिचय दिया। वहीं, बिहार की लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को दशार्ती भगवान सूर्य की भव्य रंगोली भी आकर्षण का केंद्र रही। इस आयोजन में सामाजिक जागरूकता की झलक भी देखने को मिली। रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने ह्यडोंट बी एडिक्टेडह्य का



संदेश देते हुए सोशल मीडिया के संतुलित उपयोग के प्रति लोगों को जागरूक किया। विद्यालय के निदेशक रविकांत राय ने कहा कि इस तरह के रचनात्मक आयोजन से बच्चों की प्रतिभा निखरती है और उनमें कला, संस्कृति एवं सामाजिक सरोकारों के प्रति समझ विकसित होती है। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियां विद्यालय के लिए गर्व का विषय हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की।

अनुपस्थित पाए गए एलईओ तरारी व अंचल कर्मियों के वेतन भुगतान पर रोक

पीरो (दैनिक नवसंदेश)। अनुमंडल पदाधिकारी पीरो कृष्ण कुमार उपाध्याय द्वारा गुरुवार को तरारी के अंचल कार्यालय, बाल विकास परियोजना कार्यालय, आधार केंद्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी तरारी व अंचल कार्यालय में पदस्थापित लिपिक अर्जुन गुप्ता, शेर बहादुर प्रसाद, कार्यपालक सहायक जीतेन्द्र कुमार शर्मा, डाटा इंट्री आपरेटर स्नेहा कुमारी तथा कार्यालय परिचारी कृष्ण कुमार राय बिना सूचना अनुपस्थित पाए गए। एसडीएम ने कर्मियों के मनमाने तरीके से ड्यूटी से गायब रहने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए उनसे कारणपृच्छा की है। साथ ही अनुपस्थित पाए गए श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सहित



अंचल कर्मियों का निरीक्षण तिथि का वेतन अवरुद्ध करने का निर्देश जारी किया है। दूसरी ओर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा पीरो अनुमंडल मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में कई चिकित्सक व कर्मी अनुपस्थित पाए गए। यहां भी एसडीएम ने अनुपस्थित चिकित्सकों की उपस्थिति पंजी पर हाजिरी काटते हुए उनसे कारणपृच्छा की है। एसडीएम ने कहा कि कर्मियों की अनुपस्थिति उनकी अनुशासनहीनता, लापरवाही व सरकारी कार्य के प्रति उदासीनता दशार्ता है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की मनमानी रोकने के लिए सरकारी कार्यालयों का नियमित निरीक्षण किया जाएगा और जो पदाधिकारी या कर्मी अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित पाए जाएंगे उनके विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।

घर के बाहर खेल रहा बच्चा लापता, चोरी की आशंका

आरा (दैनिक नवसंदेश)। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बलुआ गांव स्थित दलित टोला में मंगलवार की शाम बेल के पेड़ के पास खेल रहा एक मासूम बच्चा अचानक लापता हो गया। परिजन द्वारा बच्चा चोर गिरोह पर चोरी करने की आशंका जताई जा रही है। लापता बच्चा मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बलुआ गांव निवासी अमरजीत प्रसाद का 5 वर्षीय पुत्र मणि कुमार है। पिता अमरजीत प्रसाद द्वारा थाना में उसके गुम हो जाने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बताया गया है कि 3 नवंबर मंगलवार की शाम उनका पुत्र मणि कुमार बलुआ स्थित दलित टोला स्थित बेल के पेड़ के पास खेल रहा था। शाम करीब चार बजे जब वह अपने पुत्र को लाने के लिए पहुंचे तो, उनका पुत्र वहां नहीं मिला। जिसके बाद उनके द्वारा इधर-उधर एवं पूरे गांव में उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया था।

संक्षिप्त खबरें

मद्यनिषेध विभाग ने की छापेमारी,756 लीटर अवैध नेपाली देशी शराब बरामद

दरभंगा (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार ने निदेर्शानुसार दरभंगा जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं सेवन के विरुद्ध मद्यनिषेध विभाग द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर मद्यनिषेध पुलिस टीम ने सोनकी थाना क्षेत्र के महुआ लोहा भट्ठा के पास छापेमारी कर 756 लीटर अवैध नेपाली देशी शराब बरामद की।छापेमारी के दौरान मद्यनिषेध टीम द्वारा छापेमारी स्थल से 02 मोटरसाइकिल को जप्त किया गया। मौके से अवैध शराब कारोबार में संलिप्त अभियुक्त सदर थाना क्षेत्र के कांटी वार्ड नम्बर - 06 निवासी जीवछ चौपाल एवं सोनकी थाना क्षेत्र के महुआ वार्ड नम्बर - 01 निवासी विजय मंडल मौके से फरार हो गया।

एम. एल एस एम कॉलेज की महिला बैडमिंटन टीम ने की क्वालिफाई



बैडमिंटन खेलती छात्राएं।

दरभंगा (एनएसबी)। रामाश्रय बालेश्वर कॉलेज (आर.बी. कॉलेज), दलसिंहसराय में दिनांक 4 से 6 नवंबर,2026 तक आयोजि अंतर-महाविद्यालय टूर्नामेंट में एम एल एस एम कॉलेज, दरभंगा का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है। कॉलेज की महिला बैडमिंटन टीम ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए गुरुवार के सेमीफाइनल मैच में डीबीकेएन कॉलेज, नेहरा की टीम को पराजित कर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। इसके साथ ही, कबड्डी प्रतियोगिता में भी कॉलेज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वालिफाई कर लिया है। इस दोहरी सफलता से एमएलएसएम कॉलेज परिसर में उत्साह का माहौल है। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. शभु कुमार यादव ने दोनों टीमों की इस शानदार उपलब्धि पर खिलाड़ियों एवं प्रबंधकों को हार्दिक बधाई दी है। प्रधानाचार्य डॉ. यादव ने बैडमिंटन टीम के प्रबंधक अनूप कुमार झा और कबड्डी टीम के प्रबंधक सुनील कुमार झा के साथ-साथ सभी प्रतिभावान खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं है। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए फाइनल मुकाबले में भी इसी तरह का उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने और जीत हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

सिमरी मे नकली विदेशी शराब बनाने वाली मिनी कंपनी का हुआ भंडाफोड़

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। सिमरी थानाक्षेत्र के फुलथुआ गांव में छापेमारी कर नकली विदेशी शराब बनाने वाली मिनी कंपनी का भंडाफोड़ सिमरी पुलिस ने किया है। पुलिस ने विदेशी शराब की खाली बोतल, शराब का रैपर एवं सीलिंग मशीन को जप्त किया है। जबकि तस्कर गगन सहनी मौके से फरार हो गया। बताया गया है कि चार नवंबर की शाम पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि फुलथुआ गांव में गगन सहनी अपने घर में नकली शराब बनाकर आसपास में बेचता है। जानकारी मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए सिमरी पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही तस्कर भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा किया लेकिन अंधेरे का लाभ उठाकर वह भागने में सफल रहा। घर की तलाशी के दौरान बरामदे के कोने और अंदर रैक में छिपाकर रखा शराब की खाली बोतल, रैपर एवं सीलिंग मशीन बरामद हुआ। सिमरी थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि ऑफिसर च्वाइस व्हिस्की 180 एमएल टेट्रा पैक के 58 खाली सफेद और लाल रैपर एवं टीसीएल कंपनी की लिखावट वाली लोहे की इलेक्ट्रिक सीलिंग मशीन, सफेद प्लास्टिक के बोरे में रखी 11 खाली कांच की बोतलें भी बरामद की गई है। सिमरी थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में एफआईआर दर्ज कर फरार तस्कर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने के मामले में चार नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। माधोपुर गांव के एक युवक पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने के मामले मे चार नामजद नाबालिग आरोपी को सिमरी पुलिस ने छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। दुर्गा पूजा के दौरान आरोपियों ने माधोपुर में इस घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने गुरुवार को आवश्यक न्यायिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद चारों को दरभंगा भेज दिया गया। मालूम हो कि 18 अक्टूबर गांव के ही बीस वर्षीय युवक दिलशान कुमार दुर्गा मेला देखकर घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव में पानी टंकी के पास चार युवकों ने उन्हें घेर लिया। आरोपितों ने उन्हें धनकौल स्थित लीची गाछी में लगे दुर्गा मेला में चलने को कहा। विरोध करने पर आरोपितों ने उनके शरीर पर पेट्रोल छिड़ककर लाइटर से आग लगा दी। जख्मी हालत में उसे इलाज के लिए डीएमसीएच में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। उसके पिता सोनू भगत के बयान पर एफआईआर दर्ज की गई थी। सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि इस मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

महापुरुषों की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव पारित

बेनीपुर (एनएसबी)। नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति की बैठक आयोजित कि गई जिसमें में आगामी दीपावली एवं छठ महापर्व को लेकर नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाने पर सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई। बैठक में नगर परिषद क्षेत्र में पंडित हरिनाथ मिश्र, बाबा विनोदानंद झा, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाएं स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी डा जयचन्द्र अकेला,मुख पार्षद मो अकबाल, उपमुख्य पार्षद राजीव कुमार ठाकुर, योजना पदाधिकारी कुमार संभव , पार्षद राजीव लोचन ठाकुर, सहित अन्य समिति के सदस्य उपस्थित थे।

बेनीपुर नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति की बैठक में निर्णय

गाछी से पांच कार्टन विदेशी शराब जप्त

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। सिमरी थाना की पुलिस ने थाना क्षेत्र के तेलिया पोखर के पास स्थित गाछी में छापेमारी कर 43.2 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। बताया गया है कि गस्ती में निकली सिमरी पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि तेलिया पोखर के पास स्थित बगीचा में शराब छिपाकर रखी गई है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू की। इस दौरान ऑफिसर्स च्वाइस व्हिस्की के पांच कार्टन में रखे 180 एमएल के 240 टेट्रा पैक बरामद हुआ। इनकी कुल मात्रा 43.2 लीटर बताई गई है। मौके पर कोई शराब तस्कर मौजूद नहीं था। सिमरी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि इस मामले में अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

दरभंगा की खबरें पेज-10 पर भी देखें

लोकतंत्र की मजबूती के लिए एनडीए ने किया एकजुटता का आह्वान

एनडीए की लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ पदयात्रा में उमड़ा जनसैलाब



पदयात्रा में शामिल केंद्रीय मंत्री मंत्री प्रदेश अध्यक्ष सांसद विधायक व अन्य।



एयरपोर्ट पर मंत्री का स्वागत करते सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर, पप्पू सिंह व अन्य।



पदयात्रा में शामिल एनडीए के नेता एवं कार्यकर्ता।



केंद्रीय मंत्री का स्वागत करते डॉ रामचंद्र प्रसाद।



समर्थकों के साथ भाजपा नेता डॉ कुमार गौरव एवं अन्य।

दरभंगा (एनएसबी)। पोलो मैदान, लहेरियासराय में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए के तत्वावधान में लोकतंत्र की मजबूती, जनहित और जन अधिकारों की रक्षा के संकल्प के साथ 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा का भव्य आयोजन भाजपा जिला अध्यक्ष प्रो आदित्य नारायण मन्ना की अध्यक्षता मे किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव जी रहे। इस अवसर पर बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं दरभंगा नगर विधायक संजय सरावगी तथा जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा जी सहित एनडीए के कई वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा को संबोधित करते हुए केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि लोकतंत्र केवल चुनाव कराने की व्यवस्था नहीं, बल्कि जनता के विश्वास, संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान और जनादेश की स्वीकार्यता का मजबूत आधार है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए संवैधानिक व्यवस्थाओं पर सवाल उठाना और जनता के बीच भ्रम फैलाना लोकतांत्रिक परंपराओं के विरुद्ध है। श्री यादव जी ने कहा कि देश की जागरूक जनता लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध होने वाले हर प्रयास का जवाब अपनी



रैली में जाते मंत्री मदन सहनी साथ में डॉ अनिल बिहारी व अन्य।

लोकतांत्रिक शक्ति, विवेक और एकजुटता से देगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं आम जनता से लोकतंत्र, संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती के लिए एकजुट होकर आगे आने का आह्वान किया। वहीं जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा की विपक्ष को लोकतंत्र की मजबूती, संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा, जनता के जनादेश के सम्मान करना चाहिए। लोकतांत्रिक प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और जनता द्वारा दिए गए निर्णय का सम्मान करना प्रत्येक राजनीतिक दल और जनप्रतिनिधि का दायित्व है।वहीं बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा की लोकतंत्र में जनता का जनादेश सर्वोपरि होता है, लेकिन जब विपक्ष जनता के फैसले को स्वीकार करने के बजाय राजनीतिक भ्रम और अनावश्यक विवाद खड़ा करने में अपनी ऊर्जा लगाता है, तब लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े होते हैं। दरभंगा के सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि विपक्ष को यह समझना चाहिए कि लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष दोनों की अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियां हैं। केवल राजनीतिक स्वार्थ के लिए लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं पर सवाल उठाना उचित नहीं है। संचालन जिला महामंत्री सुजीत मल्लिक जबकि धन्यवाद ज्ञापन दरभंगा के सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर ने किया। इस अवसर पर सांसद अशोक यादव ; बिहार सरकार के मंत्री मदन सहनी , मंत्री डॉ. रामचंद्र प्रसाद , पूर्व मंत्री हरि सहनी , विधायक जीवेश मिश्रा , डॉ मुरारी मोहन झा , ईश्वर मंडल , प्रो विनय कुमार चौधरी , माधव आनंद , अतिरेक कुमार ,मैथिली ठाकुर, पूर्व विधान पार्षद अर्जुन सहनी , पूर्व विधायक अमरनाथ गामी , प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जायसवाल,प्रदेश मंत्री अंजनी निषाद,प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता, जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा,भाजपा पूर्वी के जिला अध्यक्ष विनय पासवान,लोजपा के जिला अध्यक्ष देवेंद्र झा,राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश महासचिव हिमांशु पटेल एवं जिला अध्यक्ष यदुवीर कुशवाहा, हम के जिला अध्यक्ष आर के दत्ता, भाजपा नेता डॉ मृदुल कुमार शुक्ला, देवेंद्र झा, मन्नू चौधरी, ब्रह्मानंद यादव, डॉ कुमार गौरव, जदयू नेता अनिल बिहारी सहित एनडीए के अनेक वरिष्ठ उपस्थित उपस्थित थे।



कार्यक्रम में शामिल डॉ. मृदुल कुमार शुक्ला व अन्य।



रैली में भाजपा नेता देवेंद्र झा व अन्य।

पांच माह से मानदेय लंबित, आर्थिक संकट से जूझ रहे ग्रामीण आवास कर्मी

दरभंगा (एनएसबी)। सदर प्रखंड में कार्यरत ग्रामीण आवास सहायक, ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक एवं लेखापाल पिछले पाँच माह से मानदेय भुगतान नहीं होने के कारण गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। इसको लेकर राज्य ग्रामीण आवास कर्मी संघ, बिहार के सदर प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार चौधरी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी, सदर प्रखंड, दरभंगा को आवेदन देकर लंबित मानदेय का अविलंब भुगतान कराने की मांग की है।इस संबंध में राजीव कुमार चौधरी ने कहा कि ग्रामीण आवास कर्मी सरकार की महत्वाकांक्षी ग्रामीण आवास योजनाओं को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। लाभार्थियों का सत्यापन, पात्रता जांच, आवास निर्माण की प्रगति का निरीक्षण, जियो-टैगिंग, ऑनलाइन प्रविष्टि एवं विभागीय अभिलेखों के संधारण सहित सभी कार्यों का निष्पादन कर्मियों द्वारा पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ किया जा रहा है। इसके बावजूद पाँच माह से मानदेय का भुगतान नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मानदेय लंबित रहने से कर्मियों के समक्ष बच्चों की शिक्षा, परिवार का भरण-पोषण, वृद्ध माता-पिता के इलाज, मकान का किराया, बिजली बिल एवं अन्य दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति को लेकर कठिनाइयां उत्पन्न हो गई हैं। दीपावली एवं छठ जैसे महत्वपूर्ण पर्व भी मानदेय के अभाव में कर्मियों के लिए परेशानी भरे रहे।श्री चौधरी ने प्रशासन से मांग की कि सभी संबंधित कर्मियों के पाँच माह के बकाया मानदेय का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा भविष्य में मानदेय भुगतान की नियमित एवं समयबद्ध व्यवस्था की जाए।

■ सदर प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार चौधरी ने अविलंब भुगतान की उठाई मांग



प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपते।

ईमानदार प्रतिनिधि चुनें, तभी बनेगा सशक्त बिहार : प्रशांत किशोर



संबोधित करते विधायक प्रशांत किशोर।

बेनीपुर (एनएसबी)। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने गुरुवार को बेनीपुर प्रखंड क्षेत्र के महिनाम गांव में आयोजित मैथिली बुद्धिजीवी विचार संगोष्ठी सह अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार की बदहाली के लिए केवल सरकार को दोषी ठहराना पर्याप्त नहीं है, बल्कि आम मतदाताओं को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। जब तक लोग जाति, धर्म, वर्ग, संप्रदाय और व्यक्तिगत लालच से ऊपर उठकर प्रत्येक समाज के बुद्धिजीवियों एवं ईमानदार लोगों को साथ लेकर नया राजनीतिक विकल्प तैयार नहीं करेंगे, तब तक सशक्त बिहार की परिकल्पना साकार नहीं हो सकती।इससे पूर्व ग्रामीणों एवं उपस्थित बुद्धिजीवियों ने विकास, कल्याणकारी योजनाओं, बुनियादी समस्याओं, जातिवादी व्यवस्था, यूजीसी सहित विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर उनसे सवाल किए।

सवालों का जवाब देते हुए प्रशांत किशोर ने बिहार एवं केंद्र की भाजपा नीत गठबंधन सरकार पर निशाना साधा। साथ ही उन्होंने मिथिलांचल के लोगों की राजनीतिक सोच और मतदान के तरीके पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि यदि मतदाता जाति, धर्म, वर्ग और लालच के आधार पर मतदान करते रहेंगे तो क्षेत्र की समस्याओं का समाधान संभव नहीं है। आज बिहार के मुख्यमंत्री अपराध और क्राइम के बीच अंतर नहीं समझ पा रहे हैं। इसके लिए केवल मुख्यमंत्री को दोषी ठहराना उचित नहीं है, बल्कि ऐसी सरकार चुनने वाले मतदाताओं को भी आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि मोदी जी के कहने पर आपने वोट दिया, अब मोदी जी ने किसे मुख्यमंत्री बनाया, इसमें आपकी भी जिम्मेदारी बनती है। प्रशांत किशोर ने भाजपा गठबंधन सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि बिहार को पिछड़ा बनाए रखना सरकार की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है और इसी कारण राज्य विकास की दौड़ में पीछे रह गया है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों को अपने अतीत से सबक लेते हुए शिक्षा, विवेक और बुद्धि का इस्तेमाल करना होगा। सामाजिक भेदभाव को दूर कर स्वस्थ मानसिकता के साथ अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए योग्य एवं ईमानदार जनप्रतिनिधि का चयन करना होगा।उन्होंने कहा कि यदि समाज स्वयं में सुधार लाने के लिए तैयार नहीं होगा तो कोई भी राजनीतिक दल आपके बच्चों का भविष्य संवारने नहीं आएगा। देश और विदेश के विभिन्न क्षेत्रों के उदाहरण देते हुए उन्होंने लोगों से वहां की व्यवस्था और विकास से सीख लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि सामाजिक एकजुटता, शिक्षा और सही राजनीतिक निर्णय के माध्यम से ही बिहार को विकास की मुख्यधारा में लाया जा सकता है।कार्यक्रम का आयोजन जन सुराज के संस्थापक सदस्य एवं समाजसेवी के. के. झा के संयोजन में किया गया।

■ जाति-धर्म और लालच से ऊपर उठकर नव बिहार का निर्माण करें

बेरि हाईस्कूल में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)। उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेरि में फेस्टिवल सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सत्येंद्र कुमार सुमन, डा० कृष्ण कुमार तेजस्वी, डॉक्टर पूजा कुमारी, अखिलेश झा ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर हिन्दी दैनिक सन्मार्ग की खास प्रस्तुति 'दरभंगा दर्शन' पुस्तिका का लोकार्पण किया गया।

डा० कृष्ण कुमार तेजस्वी ने कहा कि मिथिला के हृदय के रूप में विकसित दरभंगा का इतिहास और इसकी गौरव गाथा मैथिल संस्कृति, ज्ञान, कला और आधुनिक महत्वाकांक्षाओं का जीवंत उदाहरण है। इससे समाजिक एवं सांस्कृतिक विरासत का परिचय होगा।

संवाददाता सत्येंद्र कुमार सुमन सम्मानित



कार्यक्रम में सम्मानित होते सत्येंद्र कुमार सुमन।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। गीत, नृत्य और छठ महापर्व की झांकी से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के दौरान मैथिली साहित्य शिक्षक अखिलेश झा ने छठ महापर्व पर प्रकाश डाला। डा० पूजा कुमारी ने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्र-छात्राओं को अनुशासन, संस्कार और शिक्षा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए वहीं कार्यक्रम में विद्यालय की ओर से पत्रिका छपवाने को लेकर भी विशेष चर्चा हुई। शिक्षकों और अतिथियों ने कहा कि पत्रिका के माध्यम से बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने का मौका मिलेगा और विद्यालय की गतिविधियों को भी एक नई पहचान मिलेगी। इस पर सभी ने सहमति जताई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार तेजस्वी ने मिथिला की परंपरा के अनुसार सन्मार्ग संवाददाता सत्येंद्र कुमार सुमन को तालियां की गड़गड़ाहट के बीच पाग और माला पहनाकर सम्मानित किया। सम्मानित संवाददाता सत्येंद्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा और पत्रकारिता दोनों का लक्ष्य एक ही है। समाज का गहरा संबंध है पत्रकारिता का मूल धर्म सच, ज्ञान और संस्कार का प्रकाश समाज तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि एक सच्चा पत्रकार समाज की आवाज बनता है और सच को निर्भीकता से सामने लाता है उन्होंने छात्र-छात्राओं से सच बोलने, सच लिखने और समाज के प्रति जिम्मेदार बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, ग्रामीण अभिभावक एवं सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। अंत में प्रधानाध्यापक डॉ कृष्ण कुमार तेजस्वी ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और आगंतुक ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया।

संक्षिप्त खबरें

लोक आस्था की महापर्व छठ की दस्तक से बांस से तैयार करने वाले कारीगरों के चेहरों पर भी मुस्कान



बाजार में छठ पूजा सामग्री बिकता।

खजौली (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर प्रखंड क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं। बाजारों में पूजन सामग्री की खरीदारी शुरू होने के साथ ही बांस से पूजा के सामान बनाने वाले भंगी समुदाय के कारीगर भी काम में जुट गए हैं। कोई बांस की पतली कमाची तैयार कर रहा है तो कोई उससे सूप, डाला, दौरा, कोनिया और डगरा बना रहा है। यू कहे कि लोक आस्था की महापर्व छठ की दस्तक से बांस से तैयार करने वाले कारीगरों के चेहरों पर भी मुस्कान लौट आई है। जानकारी हो कि लोक आस्था की महापर्व छठ के दौरान छठव्रती के द्वारा भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए बांस से बने सूप, डाला और दौरा का उपयोग करते हैं। पर्व से कुछ दिन पहले इनकी मांग बढ़ जातीहैं। वहीं प्रखंड क्षेत्र रसीदपुर , हॉस्पिट चौक खजौली बाजार, लोहिया चौक ,बिरौल सहित विभिन्न गांव के बांस से सूप, दौरा, डाला, कोनिया सहित अन्य सामग्री बनाने वाले दर्जनों कारीगर बताते हैं की छठ के दौरान ही उन्हें अपने पारंपरिक हुनर से अच्छी कमाई का अवसर मिलता है। साल के बाकी दिनों में इन सामानों की मांग कम रहती है और पर्व के बाद इनकी कीमत लगभग आधी रह जाती है वहीं कारीगरों के अनुसार, इस बार बांस की कीमत में काफी बढ़ोतरी हुई है। पहले जिस बांस के लिए करीब 100 रुपये देने पड़ते थे, अब उसकी कीमत 200 रुपये तक पहुंच गई है। एक बांस से सामान बनाने में काफी मेहनत और समय लगता है। परिवार के महिला पुरुष सदस्य हाथों से बुनाई कर अलग अलग आकार के सामान तैयार करते फिलहाल बाजार में एक दौरा करीब 400 रुपये, सूप 200 रुपये और कोनिया 125 रुपये में बेचा जा रहा है। ग्राहकों की मांग के अनुसार सामान बनाए जा रहे हैं। बांस महंगा होने से कीमत भी बढ़ानी पड़ रही है।

संस्कृत शिक्षा के सशक्त भविष्य एवं 648 संस्कृत विद्यालयों के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल



कुलपति से मिलते अध्यक्ष।

मधुबनी (एनएसबी)। नई दिल्ली में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी जी से आत्मीय एवं सौहार्दपूर्ण भेंट हुई। इस अवसर पर उन्होंने अंगवस्त्र, स्मृति-चिह्न एवं दीपावली उपहार भेंट कर जिस आत्मीयता और भव्यता के साथ सम्मानित किया, वह मेरे लिए अत्यंत सुखद एवं अविस्मरणीय रहा। पारस्परिक सम्मान और आत्मीयता के इस वातावरण में संस्कृत एवं भारतीय संस्कृति के उन्नयन को लेकर सार्थक विमर्श हुआ। इस महत्वपूर्ण बैठक में बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत संचालित 648 संस्कृत विद्यालयों के विकास, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव कुलपति महोदय के समक्ष रखे। प्रमुख विषयों में— ?? नए पाठ्यक्रम के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों का प्रकाशन एवं उपलब्धता। ?? संस्कृत विद्यालयों में आधुनिक शिक्षा पद्धति के अनुरूप शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति एवं शैक्षणिक सहयोग। ?? विद्यालयों के आधारभूत संरचना का विकास एवं आधुनिकीकरण। ?? केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सहयोग से विद्यालयों का शैक्षणिक एवं संस्थागत सुदृढ़ीकरण। ?? बिहार में 50 संस्कृत विद्यालयों को मॉडल विद्यालय के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर विशेष चर्चा। बैठक में बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड की कार्य-प्रगति एवं उपलब्धियों से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट भी प्रस्तुत की तथा सभी प्रस्तावों को व्यवस्थित रूप देने के लिए विस्तृत डीपीआर तैयार कर विश्वविद्यालय को सौंपने का प्रस्ताव रखा। माननीय कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी जी ने इन विषयों पर विशेष रुचि लेते हुए विधिवत डीपीआर तैयार कर प्रस्तुत करने का आग्रह किया, ताकि उसके आधार पर बिहार के संस्कृत विद्यालयों के विकास एवं शैक्षणिक उन्नयन की दिशा में ठोस पहल की जा सके। मेरा दृढ़ विश्वास है कि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय एवं बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के साझा प्रयासों से संस्कृत शिक्षा को आधुनिकता, गुणवत्ता और भारतीय ज्ञान परंपरा के साथ जोड़कर एक नई ऊँचाई प्रदान की जा सकती है। संस्कृत का संरक्षण, संवर्धन और आधुनिक शिक्षा के साथ समन्वय ही हमारी प्राथमिकता है।

पुण्यतिथि पर बिहार कोकिला प्रो. शारदा सिन्हा को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



पुष्प अर्पित करते।

जयनगर (एनएसबी)। डी.बी. कॉलेज के सभागार में बिहार कोकिला एवं पद्म विभूषण से सम्मानित सुप्रसिद्ध लोकगायिका प्रो. शारदा सिन्हा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. बुद्धदेव प्रसाद सिंह, सीटीओ डॉ. चंदन कुमार, डॉ. शैलेश कुमार सिंह, डॉ. अखिलेश श्रीवास्तव, डॉ. आनंद राज, डॉ. रंजना एवं डॉ. मसरूर सोगरा सहित शिक्षकों ने उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।सभा को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. बुद्धदेव प्रसाद सिंह ने कहा कि शारदा सिन्हा ने अपने लोकगीतों के माध्यम से बिहार की सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। छठ महापर्व के गीतों से लेकर विवाह एवं अन्य पारंपरिक लोकगीतों तक उनकी गायकी ने लोकपरंपराओं को नई ऊंचाइयां दी।वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने कहा कि शारदा सिन्हा के गीत केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि बिहार की लोकसंस्कृति और परंपराओं की अमूल्य धरोहर हैं। उनके छठ गीतों में आज भी बिहार की मिट्टी की खुशबू और लोकजीवन की आत्मीयता जीवंत है। उनका स्वर और सांस्कृतिक योगदान सदैव नई पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।डॉ. अखिलेश श्रीवास्तव ने उन्हें बिहार की सांस्कृतिक पहचान और लोकपरंपराओं की सशक्त संवाहक बताया। वहीं, सीटीओ डॉ. चंदन कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि शारदा सिन्हा की मधुर आवाज सदैव जनमानस में गूंजती रहेगी और भारतीय लोकसंगीत के इतिहास में शारदा सिन्हा का नाम सदैव स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा।मौके पर दर्जनों शिक्षक एवं एनसीसी कैडेट धर्म कुमार, उमाशंकर, जयप्रकाश, ममता, ललित सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

मशाल प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां प्रारंभ



प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

बिस्फी (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय सिंघासों के परिसर में मशाल प्रतियोगिता में भाग लेने को लेकर विद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राओं के बीच विभिन्न खेलों की प्रतियोगिता आयोजित किए गए. खेल प्रतियोगिता के नोडल शिक्षक सहित अन्य शिक्षकों के सहयोग से मसाल प्रतियोगिता में भाग लेने को लेकर छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है. प्रधानाध्यापक जितेंद्र पांडेय एव बसंत कुमार चौधरी ने बताया कि मशाल प्रतियोगिता मैं भाग लेने को लेकर प्रशिक्षित की जा रही है. कबड्डी, लंबी कूद, बाल प्रो, 30 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़ सहित कई खेल शामिल है। नोडल शिक्षक बिनोद कुमार, नागेश्वर कुंवर, शिक्षक प्रवीण कुमार सिंह, अशेष कुमार साहू,अर्चना कुमारी,मुकेश कुमार सुमित कुमार सिंह, अभिराम सौरभ, इंद्रजीत, तुफैल अहमद सहित अन्य शिक्षक के सहयोग से प्रतियोगिता आयोजित कर छात्र छात्राओं की सूचीबद्ध की जा रही है. प्रतिभागी अंकुश कुमार,मो. शमीर, गुलनाज, रीति कुमारी, सोनाक्षी, निशा,आशीष, अंश मिश्रा व अन्य बच्चो इसमें भाग लिए।

सरकारी प्रोटोकॉल तथा कार्यालय की गरिमा व प्रतिष्ठा के प्रतिकूल आचरण पर तीन शिक्षक पर निलंबन की कार्रवाई

जिलाधिकारी ने सरकारी सेवा की गरिमा व मयार्दा के अनुरूप आचरण करने तथा पूरी जवाबदेही, निष्ठा एवं ईमानदारी से शिक्षा के मंदिर में आचरण का आदर्श प्रतिमान स्थापित करने का दिया निर्देश, जो बच्चों के लिए अनुकरणीय एवं प्रेरणास्रोत बने

मधुबनी (एनएसबी)। जिले में सरकारी विद्यालयों में अनुशासन, शिक्षकों की जवाबदेही तथा सरकारी सेवक के रूप में निर्धारित आचरण एवं कर्तव्यों के अनुपालन को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। सरकारी सेवा की मयार्दा के प्रतिकूल आचरण, कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक गतिविधियों के मामलों में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इनमें दो प्रधान शिक्षक एवं एक पंचायत शिक्षिका शामिल हैं। तीनों के विरुद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई भी प्रारंभ कर दी गई है।

निलंबित शिक्षकों में श्री भोला कुमार यादव, प्रधान शिक्षक, प्राथमिक विद्यालय श्रीरामपुर, प्रखंड लदनियां; श्री अजित कुमार झा, प्रधान शिक्षक, नया प्राथमिक विद्यालय, खडहरी मुस्लिम टोल सस्ता, प्रखंड रहिका तथा श्रीमती राधा देवी, पंचायत शिक्षिका, प्राथमिक विद्यालय मझौरा, प्रखंड बासोपट्टी शामिल हैं।

एच आर एम एस की गोपनीय जानकारी सोशल मीडिया पर साझा करने के मामले में प्रधान शिक्षक निलंबित

प्राथमिक विद्यालय श्रीरामपुर, प्रखंड लदनियां के प्रधान शिक्षक श्री भोला कुमार यादव द्वारा अपने सोशल मीडिया फेसबुक प्लेटफॉर्म पर को वायरल किए जाने का मामला सामने आया था। इस संबंध में जिला स्तर पर जांच कराई गई। जांच में पाया गया कि पोर्टल पर वित्तीय कार्यों के निष्पादन के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक को के रूप में अधिकृत किया गया है। इसके तहत संबंधित विपत्र तैयार कर पोर्टल पर अपलोड करने, मेकर, चेकर एवं अप्रूवर के माध्यम से उसे अग्रसारित करने की व्यवस्था है। पर तैयार विपत्र गोपनीय प्रकृति का होता है। इसके बावजूद श्री यादव द्वारा गोपनीयता का उल्लंघन करते हुए संबंधित सामग्री सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी गई। इसे विभागीय निदेशों के प्रतिकूल तथा सरकारी कार्यों में स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता का परिचायक माना गया। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया , लेकिन उनके द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली, 1976 के नियम 3(1)(ं) एवं नियम 10 तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की सुसंगत धाराओं के आलोक में उन्हें निलंबित कर दिया गया।

महिला शिक्षिकाओं के साथ अमर्यादित व्यवहार के आरोप में प्रधान शिक्षक पर कार्रवाई

नया प्राथमिक विद्यालय, खडहरी मुस्लिम टोल सस्ता, प्रखंड रहिका के प्रधान शिक्षक श्री अजित कुमार झा के विरुद्ध विद्यालय में कार्यरत महिला शिक्षिकाओं के साथ अमर्यादित व्यवहार करने, विद्यालय के शैक्षणिक माहौल को खराब



जिलाधिकारी आनंद शर्मा।

करने, स्वेच्छाचारिता बरतने तथा सरकारी सेवक आचरण के विरुद्ध कार्य करने जैसे गंभीर आरोप सामने आए थे। इस मामले में विद्यालय का स्थलीय जांच प्रतिवेदन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, माध्यमिक शिक्षा एवं साक्षरता, मधुबनी द्वारा प्रस्तुत किया गया था। प्रतिवेदन में आरोपों के आलोक में अनुशासनिक कार्रवाई प्रारंभ करने की अनुशंसा की गई। इसके बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधुबनी के द्वारा विभागीय कार्रवाई प्रारंभ करने की प्रक्रिया शुरू की गई। तदनुसार बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के प्रावधानों के तहत श्री झा को तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

कक्षा संचालन के दौरान सोती मिलीं पंचायत शिक्षिका, स्पष्टीकरण नहीं देने पर निलंबन की अनुशंसा

तीसरे मामले में प्राथमिक विद्यालय मझौरा, प्रखंड बासोपट्टी की पंचायत शिक्षिका श्रीमती राधा देवी के विरुद्ध सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर कार्रवाई की गई है। वायरल वीडियो में कक्षा संचालन के दौरान शिक्षिका को वर्गकक्ष में सोते हुए अवस्था में देखा गया। इस कृत्य को शिक्षकीय दायित्वों के प्रति गंभीर लापरवाही, स्वेच्छाचारिता एवं सरकारी सेवक आचरण के प्रतिकूल माना गया।

इस संबंध में उनसे स्पष्टीकरण की मांग की गई थी, लेकिन उनके द्वारा कोई प्रतिउत्तर नहीं दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पंचायत नियोजन इकाई खौना, बासोपट्टी को संबंधित शिक्षिका को निलंबित करने तथा विभागीय कार्यवाही हेतु अनुशंसा की गई है।

निलंबन अवधि में निर्धारित मुख्यालय पर देनी होगी उपस्थिति

तीनों निलंबित शिक्षकों को निलंबन अवधि के दौरान अलग-अलग प्रखंडों में निर्धारित मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। श्री भोला कुमार यादव का मुख्यालय प्रखंड संसाधन केंद्र, बिस्फी निर्धारित किया गया है। श्री अजित कुमार झा का मुख्यालय प्रखंड संसाधन केंद्र, लौकही तथा श्रीमती राधा देवी का मुख्यालय प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बासोपट्टी का कार्यालय निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में संबंधित शिक्षक अपने निर्धारित मुख्यालय में उपस्थिति दर्ज करेंगे तथा नियमानुसार उन्हें केवल जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। तीनों मामलों में संबंधित शिक्षकों के विरुद्ध विधिवत विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई शुरू हो जायेगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक अनुशासन, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, कर्तव्यनिष्ठा एवं जवाबदेही से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना शिक्षकों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सरकारी पद एवं दायित्व का दुरुपयोग, कार्य के प्रति उदासीनता, अमर्यादित व्यवहार अथवा विभागीय गोपनीयता भंग करने जैसी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा ऐसे मामलों की गंभीरता से जांच कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी विद्यालय प्रधानों एवं शिक्षकों से अपेक्षा की है कि वे अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं अनुशासन के साथ निर्वहन करें तथा सरकारी सेवा की गरिमा एवं मयार्दा बनाए रखें।

प्रदेश महिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत श्रीमति सिम्पल झा

मधुबनी (एनएसबी)। अखिल भारतीय संयुक्त ब्राह्मण समन्वय समिति राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र चतुवेर्दी (उज्जैन) ने श्रीमति सिम्पल झा आशियाना दीघा रोड पटना जिनका स्थायी निवास ग्राम पोस्ट मेंहथ झंझारपुर है उन्हें बिहार प्रदेश महिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है।। राष्ट्रीय महामंत्री डॉ उपेंद्र नाथ त्रिपाठी वाराणसी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री नानक चंद शर्मा और सुरेश मुले (महाराष्ट्र) राष्ट्रीय संगठक ने अपने संयुक्त हस्ताक्षर से श्रीमति सिम्पल झा को मनोनीत होने का मनोनयन पत्र जारी किया है।। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेंद्र चतुवेर्दी पटना से विदा लेते वक्त राष्ट्रीय राजनीतिक संयोजक ईङ्ग आशुतोष कुमार झा और प्रदेश महिला अध्यक्ष श्रीमति सिम्पल झा को पशुराम प्रतीक पट्टा और फोटो भेंट कर सम्मानित किया।। श्री चतुवेर्दी ने कहा वर्षो से श्रीमति झा विभिन्न प्रांतों में होने वाली प्रायः बैठकों में प्रयागराज जानापाव इंदौर उज्जैन आदि इत्यादि जाती रही हैं, इनके समाज हितसाधकों संगठनप्रेमियों समाज के प्रति समर्पण के कारण हमें बिहार प्रदेश महिला अध्यक्ष बनाते प्रसन्नता



हो रहा है, विश्वास है कि ये बिहार प्रदेश के सभी संगठनों को जोड़ने में प्रदेश अध्यक्ष बलराम कुंवर और राजनीतिक संयोजक ईङ्ग झा को सहयोग करेंगी।। इनके साथ साथ महिलाओं की संगठनों में भागीदारी बढ़ाने हेतु प्रेरित करेंगी। इनके मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष बलराम कुंवर, राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा और परशुराम सेवा संस्थान के सभी साथियों ने बधाई शुभकामनाएं दी है। मधुबनी जिला संयोजक जितेन्द्र झा बाबा, संगठन प्रभारी प्रदीप झा, जिला सदस्यता प्रभारी आनंद झा दरभंगा जिला अध्यक्ष अरुण कुमार झा, बिरौल अनुमंडल संयोजक रतन कुमार मिश्रा, सदस्यता प्रभारी नीतीश धीरज, मीडिया प्रभारी विक्रम कुमार झा सहित सभी पदाधिकारी गण ने खुशी जताते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति आभार जताया है।

सरकारी कार्य का निष्पादन समयबद्ध पारदर्शी व सरकारी दिशानिर्देश का पालन करते हुए करें : जिलाधिकारी

मधुबनी (एनएसबी)। जिले में पंचायत स्तर पर संचालित विकास योजनाओं में पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने को लेकर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाया है। पंचायतों में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, अभिलेखों के संधारण तथा वित्तीय कामकाज मे अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए पंचायत सचिव एवं राजस्व कर्मचारी से संबंधित मामलों में विस्तृत जांच प्रतिवेदन के आधार पर विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया बढाते हुए सख्त कार्रवाई की गई है।

जांच प्रतिवेदन में पंचायत सचिव के कार्यकाल के दौरान विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रक्रियागत एवं वित्तीय अनियमितता से संबंधित बिंदुओं को उठाया गया है। जांच में योजनाओं से संबंधित अभिलेखों, भुगतान प्रक्रिया, प्रशासनिक स्वीकृति, मापी पुस्तिका, उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा कार्यों के निष्पादन से जुड़े दस्तावेजों की समीक्षा की गई। पहले मामले में तत्कालीन पंचायत सचिव श्री चन्देश्वर पाठक तत्कालीन पंचायत सचिव कलुआही, संप्रति जयनगर से संबंधित प्रकरण की जांच में पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं वित्तीय अभिलेखों से जुड़ी कई अनियमितताएँ पाई गई । जांच प्रतिवेदन में योजनाओं के अभिलेखों के संधारण, कार्यों के निष्पादन एवं वित्तीय प्रक्रियाओं में निर्धारित नियमों के अनुपालन को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित पंचायत सचिव का दो वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ असंचयात्मक रूप से रोक दिया गया है। वहीं, दूसरे मामले में तत्कालीन राजस्व कर्मचारी घोघरडीहा संप्रति लदनियाँ अंचल श्री नजीर अहमद द्वारा जमाबंदी रद्दीकरण के बावजूद दाखिल खारिज करने के मामले मे अनियमितता की गई। विभागीय कार्यवाही में संचालन पदाधिकारी के रूप में अपर समाहर्ता विभागीय जांच तथा उपस्थापन पदाधिकारी के रूप में अंचल अधिकारी घोघरडीहा रहे। जांचोंपरांत दोषी पाए जाने पर जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित राजस्व कर्मचारी का दो वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयात्मक रूप से रोक दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा है कि पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में वित्तीय पारदर्शिता एवं जवाबदेही सर्वोपरि है। सरकारी राशि का उपयोग निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप होना चाहिए। योजनाओं में किसी भी प्रकार की अनियमितता, अभिलेखों में गड़बड़ी अथवा सरकारी राशि के दुरुपयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

गंगा उत्सव में लोकसंस्कृति, कला व स्वच्छता का दिखा अद्भुत संगम

जीवछ नदी घाट पर भव्य गंगा आरती व दीपोत्सव से जगमगाया घाट

जिला गंगा समिति एवं जिला प्रशासन, मधुबनी के संयुक्त तत्वावधान में हुआ भव्य आयोजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, प्रतियोगिताओं व गंगा आरती के माध्यम से दिया गया नदी एवं जलस्रोतों के संरक्षण का संदेश

मधुबनी (एनएसबी)। जिला गंगा समिति एवं जिला प्रशासन, मधुबनी के संयुक्त तत्वावधान में गंगा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। उत्सव में लोकसंस्कृति, कला, रचनात्मकता, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ अपर समाहर्ता मुकेश रंजन, नगर आयुक्त उमेश कुमार भारती, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार पाठक, जिला युवा अधिकारी अमरेन्द्र कुमार अमर एवं डीपीओ नमामि गंगे आनंद अंकित ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम की शुरूआत मधु कुमारी के नेतृत्व में शिवगंगा बालिका उच्च विद्यालय, मधुबनी एवं मनमोहन उच्च विद्यालय की टीम द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान से हुई। प्रथम चरण में छात्र-छात्राओं के बीच मूक अभिनय, लघु नाटिका, नृत्य, गायन, भाषण, निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बिहार एवं मिथिला की समृद्ध लोकसंस्कृति को प्रदर्शित करते जट-जटिन, सामा-चकेवा एवं डोमकच जैसे लोकनृत्यों की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं परकौली विद्यालय की छात्राओं ने स्वच्छता, नदी एवं पर्यावरण संरक्षण तथा महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषयों पर अपनी मनमोहक एवं प्रभावशाली प्रस्तुतियों से खूब तालियां बटोरीं। विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मेडल एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। नवाचारी शिक्षक एवं गंगा मित्र पवन कुमार सिंह के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में गंगा, उसकी सहायक नदियों एवं अन्य जलस्रोतों की सुरक्षा, स्वच्छता एवं संरक्षण को लेकर परिचर्चा भी हुई। इस दौरान अपर समाहर्ता मुकेश रंजन ने



गंगा आरती में जिलाधिकारी पूजा करते।

छात्रों के सामाजिक दायित्व एवं प्रशासन की भूमिका पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि गंगा उत्सव जैसे आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता एवं सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। स्वच्छता एवं जलस्रोतों का संरक्षण केवल प्रशासनिक प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। छात्र-छात्राएं अपने परिवार एवं समाज में जागरूकता फैलाकर इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वहीं नगर आयुक्त उमेश कुमार भारती ने स्वच्छता अभियान में छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छता को अपनी दैनिक आदत एवं जीवनशैली का हिस्सा बनाना जरूरी है। इसमें छात्र-छात्राओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। अपने आसपास की नदियों, तालाबों एवं अन्य जलस्रोतों को स्वच्छ रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। जनभागीदारी से ही स्वच्छ एवं सुंदर शहर का सपना साकार हो सकता है। कार्यक्रम में स्वागत भाषण डीपीओ नमामि गंगे आनंद अंकित ने किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में जीवछ नदी घाट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर घाट पर उपस्थित शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें घाट एवं सीढ़ियों को दीपों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। दीपों की रोशनी से जगमगाते घाट का दृश्य अत्यंत मनमोहक रहा। शिवम कुमार के नेतृत्व में उपस्थित कलाकारों की टीम ने भजन, कीर्तन एवं गंगा स्तुतियों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर जिला गंगा समिति द्वारा लगाए गए सेल्फी प्वाइंट पर लोगों में सेल्फी लेने को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। वहीं गंगा मित्रों द्वारा गंगा उत्सव एवं नमामि गंगे की थीम पर बनाई गई आकर्षक रंगोली ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इसी क्रम में पुरोहित द्वारा गंगा हवन कराया गया तथा गंगा नदी सहित अन्य जलस्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण के लिए उपस्थित लोगों ने सामूहिक संकल्प लिया। मौके पर जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि गंगा उत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि नदियों एवं जलस्रोतों के प्रति हमारी जिम्मेदारी और सामूहिक चेतना को जागृत करने का महत्वपूर्ण अवसर है। नदियों का संरक्षण केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। इसमें बच्चों एवं युवाओं की भागीदारी से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश घर-घर तक पहुंचाया जा सकता है। वहीं उप विकास आयुक्त तुषार कुमार ने कहा कि नदियां हमारी सभ्यता, संस्कृति और जीवन का आधार हैं। इनके संरक्षण के लिए जनभागीदारी और व्यवहार में बदलाव जरूरी है। गंगा उत्सव जैसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी नदियों, जलस्रोतों एवं प्राकृतिक विरासत के प्रति संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंत में डीपीओ नमामि गंगे आनंद अंकित ने कहा कि गंगा उत्सव के माध्यम से नदियों एवं जलस्रोतों के संरक्षण के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक विरासत और लोकपरंपराओं को भी प्रोत्साहित करने का प्रयास किया गया है। नमामि गंगे का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से नदियों की स्वच्छता एवं संरक्षण को जनआंदोलन बनाना है। इसमें युवाओं और विद्यार्थियों की सहभागिता विशेष महत्व रखती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान लिपिक रमन प्रसाद सिंह, संतोष कुमार पासवान, शिक्षक शिव कुमार, अवनीश कुमार, कुमारी पुष्पम, डॉ. मीनाक्षी, मधु कुमारी, प्रेरणा कुमारी, दीक्षा, सन्नी, सुभाष कुमार कामत, मनीष कर्ण सहित अन्य गंगा मित्रों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गंगा उत्सव के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, नदियों की निर्मलता एवं अविरलता, जलस्रोतों की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी का सशक्त संदेश दिया गया।

- **गंगा उत्सव नई पीढ़ी में पर्यावरणीय चेतना जगाने का सशक्त माध्यम : जिला पदाधिकारी**
- **नदियां हमारी सभ्यता और जीवन का आधार, इसका संरक्षण केवल प्रशासन नहीं, समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी : जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा**

निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की तैयारी शुरू, एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा करें आवेदन

12 नवंबर को प्रकाशित होगा मतदाता सूची का प्रारूप, 11 दिसंबर तक दावा-आपत्ति

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के आधार पर निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की तैयारी शुरू हो गई है। इसके तहत 12 नवंबर 2026 को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया जाएगा। वहीं, 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने और संशोधन के लिए दावा एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकेगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को होगा।

इसको लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी कुमार गौरव ने गुरुवार को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि त्रुटिरहित एवं समावेशी मतदाता सूची पूरी निर्वाचन प्रक्रिया का आधार है। अभियान का उद्देश्य कोई भी पात्र मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। डीएम ने बताया कि एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा मतदाता बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2027 को पात्र होने वाले भावी मतदाता भी अग्रिम आवेदन दे सकते हैं। उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अपील की।

उप निर्वाचन पदाधिकारी सत्यप्रिय कुमार ने बताया कि नए मतदाता के पंजीकरण के लिए प्रपत्र-6, विदेश में रहने वाले भारतीय निर्वाचकों के लिए प्रपत्र-6ए, मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए प्रपत्र-7 तथा पता परिवर्तन, नाम-पता में संशोधन, दिव्यांग चिह्नीकरण एवं ईपिक में बदलाव के लिए प्रपत्र-8 का इस्तेमाल किया जाएगा। इन प्रपत्रों के माध्यम से ईसीआईनेट ऐप या पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। ऑफलाइन आवेदन के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय, अनुमंडल निर्वाचन कार्यालय, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं बीएलओ से संपर्क किया जा सकता है। बैठक में बताया गया कि दावा एवं आपत्तियों का निष्पादन 28 दिसंबर तक किया जाएगा। प्रपत्र-7 के माध्यम से नाम हटाने की आपत्ति मिलने पर संबंधित निर्वाचक को नोटिस दिया जाएगा। सुनवाई और निर्धारित कानूनी प्रक्रिया पूरी किए बिना किसी का नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा। निर्वाचन पदाधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट मतदाता निर्धारित समय सीमा में अपील भी कर सकते हैं।



विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की तैयारी की समीक्षा बैठक करते डीएम।

डीएम ने की तैयारियों की समीक्षा, कहा-

1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2027 को पात्र होने वाले भावी मतदाता भी अग्रिम आवेदन दे सकेंगे

जिले में कुल 4186 मतदान केंद्रों पर 4186 बीएलओ कार्यरत हैं। इसके अलावा 11 निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और 74 सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी तैनात हैं। डीएम ने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त वयस्क मताधिकार बहुमूल्य अधिकार है। सभी पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विशेष अभियान के माध्यम से महिलाओं, दिव्यांगों, वरिष्ठ नागरिकों, प्रवासी एवं वंचित समूहों तक पहुंच सुनिश्चित करें। हमारा लक्ष्य है कि कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं।

संक्षिप्त खबरें

नाट्य संस्था 'सूत्रधार' ने वायु एवं ध्वनि प्रदूषण पर आधारित नुक्कड़ नाटक 'हरित दिवाली-स्वस्थ दिवाली' का किया प्रदर्शन

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, पटना के सौजन्य से चर्चित नाट्य संस्था 'सूत्रधार' ने वायु एवं ध्वनि प्रदूषण पर आधारित नुक्कड़ नाटक 'हरित दिवाली-स्वस्थ दिवाली' का मुजफ्फरपुर नगर के विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन कर आम लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित दीपावली मनाने का संदेश दिया।

आमलोगो को स्वच्छ और स्वस्थ दीपावली मनाने का दिया संदेश

वरिष्ठ रंगकर्मी एवं सूत्रधार के महासचिव नवाब आलम द्वारा लिखित एवं निर्देशित नुक्कड़ नाटक बृहस्पतिवार को प्रथम दिन नगर के चार स्थानों मोतीझील चौक, कल्याणी चौक, छोटी सरैयागंज चौक एवं सूतापट्टी टावर चौक पर प्रदर्शित किया गया। प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक में दिखाया गया कि मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है और दिवाली में पटाखे के विस्फोट से उत्पन्न गति आवाज और धुंआ जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। पटाखे से सल्फर, कार्बन लौह तत्व और आर्सेनिक निकलते हैं जो लोगों को बीमार बना रहे हैं। नाटक में यह भी दिखाया गया कि गत दिनों से नगर की वायु गुणवत्ता सूचकांक (ए.क्यू.आई) खराब स्थिति में है, ऐसे में पटाखे के उपयोग से भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। खतरे को भांपते हुए सर्वोच्च न्यायालय और बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भी प्रदेश के चार शहरों पटना, गया, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर में पटाखा छोड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रखा है। कार्यक्रम का संचालन संजय यादव, रंगकर्मी ने किया। वहीं सूत्रधार नाट्य संस्था के महासचिव एवं बिहार सरकार द्वारा भिखारी ठाकुर कला पुरस्कार वरिष्ठ (रंगमंच) से सम्मानित नवाब आलम ने बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला प्रशासन, मुजफ्फरपुर का आभार व्यक्त करते हुए लोगों को प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने की अपील की।



नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने का संदेश देते रंगकर्मी।

नीलाम-पत्र वादों के त्वरित निष्पादन के लिए छह जिलों के अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

अब पीडीआर सॉफ्टवेयर से होगी ऑनलाइन निगरानी

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। तिरहुत प्रमंडलीय आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह के निर्देश पर गुरुवार को समाहरणालय सभागार में नीलाम-पत्र वादों के त्वरित निष्पादन को लेकर प्रमंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें प्रमंडल के सभी छह जिलों मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, वैशाली और शिवहर के संबंधित पदाधिकारियों, बैंक अधिकारियों एवं डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने भाग लिया। कार्यशाला में आयुक्त के सचिव संदीप शेखर प्रियदर्शी ने अधिकारियों को नए पीडीआर (पब्लिक डिमांड रिकवरी) सॉफ्टवेयर के संचालन एवं उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। बिहार राजस्व पर्षद की ओर से विकसित इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से सरकारी बकाया एवं लोक मांग वसूली से जुड़े मामलों का ऑनलाइन निष्पादन किया जाएगा। इससे मामलों की निगरानी में पारदर्शिता आएगी और वसूली प्रक्रिया में तेजी आएगी। मौके पर तिरहुत प्रमंडलीय आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह ने कहा कि नीलाम-पत्र वादों का समय पर निष्पादन प्रशासनिक व्यवस्था की संवेदनशीलता और कार्यक्षमता का परिचायक है।



अधिकारियो को प्रशिक्षण देते मास्टर प्रशिक्षक दल के सदस्य गण।

इन मामलों में सरकारी विभागों, बैंकों और अन्य एजेंसियों की बड़ी राशि लंबित है। इसलिए संबंधित अधिकारी गंभीरता से कार्रवाई करें। सभी पदाधिकारियों को प्रशिक्षण के बाद नए सॉफ्टवेयर पर अपनी आईडी बनाने और नियमित रूप से इसका उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। आयुक्त ने सभी जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों को महीने में कम से कम दो दिन नीलाम-पत्र वादों की संयुक्त समीक्षा करने को कहा। बड़े बकायेदारों और पुराने मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

साथ ही विभागवार एवं बैंकवार बकाया राशि का विवरण तैयार रखने और वादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा करने को कहा गया। उन्होंने निर्देश दिया कि नीलाम-पत्र पदाधिकारी सप्ताह में कम से कम तीन दिन न्यायालय में बैठकर मामलों की सुनवाई और निष्पादन करें। बकाया राशि जमा नहीं करने वाले देनदारों के विरुद्ध नियमानुसार बॉडी वारंट एवं डिस्ट्रेस वारंट जारी कर उनका तामिला सुनिश्चित कराया जाए। इसमें स्थानीय थानों का सहयोग लिया जाए। वारंट लंबित नहीं रहने चाहिए और सरकारी बकाया की वसूली में तेजी लाई जाए। कार्यशाला में अपर समाहर्ता (राजस्व), नीलाम-पत्र वादों के नोडल पदाधिकारी, विभिन्न विभागों एवं बैंकों के प्रतिनिधि तथा मास्टर प्रशिक्षक दल के सदस्य मौजूद थे।

कार्यपालक पदाधिकारी के ठिकानों पर छापे

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने पटना, मुजफ्फरपुर व सहरसा स्थित ठिकाने खंगाले, करोड़ों की भ्रष्ट कमाई का आरोप

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने गुरुवार को मुजफ्फरपुर के माधोपुर सुस्ता नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार के पटना, मुजफ्फरपुर और सहरसा स्थित तीन ठिकानों पर छापेमारी की। उन पर एक करोड़ रुपये से अधिक की आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है।

निगरानी ब्यूरो ने इस मामले में केस दर्ज कर पटना, मुजफ्फरपुर और सहरसा स्थित उनके आवास और कार्यालयों की तलाशी शुरू की है। दी गई जानकारी के अनुसार निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार के खिलाफ 4 नवंबर 2026 को निगरानी थाना कांड संख्या 131/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया था। जिसमें उनके खिलाफ एक करोड़ 58 हजार 733 रुपये की आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया गया है। विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार निगरानी की प्रारंभिक जांच में सुशील कुमार, उनकी पत्नी चांदनी गुप्ता और परिजनों के नाम पर कुल छह अचल संपत्तियों का पता चला है। इनकी अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ 37 लाख 71 हजार 400 रुपये बताई गई है। वहीं, विभिन्न बैंक खातों में करीब 28 लाख 54 हजार रुपये जमा होने की जानकारी भी सामने आई है। ब्यूरो के अनुसार आरोपी के पास उनकी ज्ञात आय से करीब 110 प्रतिशत अधिक संपत्ति पाई गई है। इसी मामले में विशेष निगरानी न्यायालय, पटना से सर्च वारंट मिलने के बाद 5 नवंबर को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की तीन टीमों ने एक साथ कार्रवाई शुरू की। ये टीमें पटना, मुजफ्फरपुर और सहरसा स्थित आरोपी के आवास और कार्यालयों की तलाशी ले रही हैं। दी गई जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर शाम तक निगरानी टीम द्वारा छापेमारी और मामले का अनुसंधान जारी है। बताया गया है कि तलाशी पूरी होने के बाद संपत्ति और अन्य दस्तावेजों को लेकर और खुलासे की जानकारी दी जाएगी।

प्रारंभिक जांच में कुल छह अचल संपत्तियों का पता चला, इनकी अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ 37 लाख 71 हजार 400 रुपये बताई गई



निगरानी अन्वेषण ब्यूरो कार्यालय की फोटो।

मुजफ्फरपुर में नकली आयुर्वेदिक उत्पाद बनाने वाली अवैध फैक्ट्री का भंडाफोड़

भारी मात्रा में कच्चा माल और मशीनें बरामद

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र के छपरा बहोर गांव में पुलिस ने नकली आयुर्वेदिक उत्पाद बनाने वाली एक अवैध मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के साथ मुख्य चौक के पास छापेमारी की। इस दौरान नकली आयुर्वेदिक उत्पाद बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री और मशीनें बरामद की गईं।

पुलिस के अनुसार, फैक्ट्री में कथित तौर पर 'उमंग बटी' नामक नकली आयुर्वेदिक उत्पाद तैयार किया जा रहा था। आरोप है कि इस अवैध कारोबार को रंजन महतो, निवासी तेरसिया, थाना गंगाब्रिज, जिला वैशाली द्वारा संचालित किया जा रहा था। नकली और मिलावटी सामान को सदुरु साईं आयुर्वेदिक फार्मेसी के अधिकृत उत्पादों के नाम पर तैयार कर खुले बाजार में सप्लाई करने की योजना थी।

इस मामले में कंपनी के मैनेजर ब्रजभूषण कुमार के आवेदन पर बरियारपुर थाना कांड संख्या 163/26 दर्ज किया गया है। पुलिस ने मौके से पांच पैकिंग एवं निर्माण मशीनें, एक मिक्सिंग मशीन, एक गैस चूल्हा, एक गैस सिलेंडर तथा भांग जैसा पदार्थ और अन्य सामग्री बरामद की है।

पुलिस का कहना है कि इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की पहचान और संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।



अवैध फैक्ट्री से पुलिस द्वारा बरामद कर जब्त की गई नकली आयुर्वेदिक उत्पाद।



मामले की जानकारी देते संबंधित पुलिस अधिकारी।

धनतेरस, दीपावली व छठ पूजा को लेकर मुजफ्फरपुर पुलिस अलर्ट, एसएसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। आगामी पर्व-त्योहारों धनतेरस, दीपावली एवं छठ पूजा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर मुजफ्फरपुर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एसएसपी ने बुधवार की रात विभिन्न थाना क्षेत्रों में रात्रि गश्ती और पुलिस चेकिंग का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान ब्रह्मपुरा एवं सिकंदरपुर थाना क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था संतोषजनक पाई गई, जबकि नगर और मिठनपुरा थाना क्षेत्रों में कुछ कमियां सामने आईं। इस पर संबंधित थानाध्यक्षों एवं गश्ती पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

निरीक्षण के दौरान नगर और मिठनपुरा थाना रात्रि गश्ती के प्रति सुस्त, एसएसपी ने किया जबाब तलब

त्योहारों के दौरान बाजारों और विशेषकर आभूषण दुकानों में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। धनतेरस पर खरीदारी के दौरान प्रमुख बाजारों और दुकानों में पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। जिले के सभी आभूषण प्रतिष्ठानों को अपने सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही पुलिस गश्ती दल को लगातार पेट्रोलिंग करने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने को कहा गया है। इसके अलावा आपातकालीन सेवा डायल 112 के वाहनों का भी औचक निरीक्षण किया गया। पुलिसकर्मियों को आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने तथा लोगों के साथ संवेदनशील, शालीन और सहयोगात्मक व्यवहार करने का निर्देश दिया गया है। मुजफ्फरपुर पुलिस ने त्योहारों के दौरान शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरतने की तैयारी की है।



रात्रि गश्ती का औचक निरीक्षण करने नगर मे एसएसपी।

गोबरसही पीएनजी दुर्घटना मामले में अदालत में परिवाद दायर

आईओसीएल एवं आरसीडी के अधिकारियों और नाला निर्माण कर रही एजेंसी के ठेकेदार समेत कुल 11 लोगों पर लापरवाही का आरोप

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। नगर के सदर थाना क्षेत्र के गोबरसही-डुमरी रोड में चार दिन पहले हुई पीएनजी गैस पाइपलाइन लीकेज और विस्फोट का मामला न्यायालय पहुंच गया है। गुरुवार को इस मामले में सिविल कोर्ट के अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह ने घटना के लिए जिम्मेदार आईओसीएल के अधिकारियों, आरसीडी के अधिकारियों और नाला निर्माण कर रही एजेंसी के ठेकेदार समेत कुल 11 लोगों के खिलाफ परिवाद दायर किया है।

कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई की अगली तारीख 20 नवंबर 2026 निर्धारित की है। गौरतलब है कि चार दिन पहले सदर थाना क्षेत्र के गोबरसही-डुमरी रोड में श्रीनगर कॉलनी के मुहाने पर नाला निर्माण के लिए की जा रही जेसीबी से खुदाई के दौरान पीएनजी गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के साथ हीं गैस लीकेज के क्रम मे हुए भीषण विस्फोट में एक कोचिंग संचालक श्रीनिवास कुमार की दर्दनाक मौत हो गई थी और एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए थे। इतना ही नहीं, इस घटना में दर्जनों मकानों और दुकानों को भी नुकसान पहुंचा था। इस मामले में अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह ने अदालत में मुकदमा दायर किया है। जिसमें उन्होंने आईओसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य प्रमुख, पीएनजी प्रोजेक्ट हेड और तकनीकी एवं सुरक्षा अधिकारियों के अलावा पथ निर्माण विभाग के अभियंताओं, नाला निर्माण एजेंसी के प्रोपराइटर और जेसीबी चालक को आरोपी बनाया है।



परिवाद दायर करने की जानकारी देते अधिवक्ता।

मामले की जानकारी देते हुए अधिवक्ता सह परिवादी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि पीएनजी गैस पाइपलाइन विस्फोट के मामले में गुरुवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में परिवाद दायर किया गया है। इसमें घटना के लिए जिम्मेदार इंडियन ऑयल के अधिकारियों, आरसीडी के अधिकारियों और नाला निर्माण कर रही कंपनी नर्सिंग कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार समेत अन्य लोगों को जिम्मेदार माना गया है। परिवाद भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106(1), 125, 287 और 288 के तहत दायर किया गया है। परिवाद में मृतक के आश्रितों और घायलों को पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत मुआवजा एवं पुनर्वास दिलाने की भी मांग की गई है। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए घनी आबादी वाले इलाकों से गुजरने वाली भूमिगत पीएनजी पाइपलाइनों का तकनीकी सुरक्षा ऑडिट कराने और निर्माण कार्य के दौरान अनिवार्य सुरक्षा प्रक्रिया लागू करने की मांग की गई है।

इसके अलावा, पाइपलाइन की सुरक्षा और नाला निर्माण में लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस जांच की स्थिति रिपोर्ट तलब करने की मांग भी की गई है। अधिवक्ता का आरोप है कि करीब 45 मिनट तक गैस रिसाव होता रहा, लेकिन इसके बावजूद संबंधित अधिकारियों और एजेंसियों की ओर से समय रहते सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए। इसके बाद गैस में आग लगने से भीषण विस्फोट हुआ और एक व्यक्ति की मौत के साथ ही दर्जन भर लोग झुलसकर घायल हो गए।

संक्षिप्त खबरें

एडवोकेट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वरीय अधिवक्ता रामशरण सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। सिविल कोर्ट परिसर स्थित एडवोकेट्स एसोसिएशन में पूर्व अध्यक्ष एवं वरीय अधिवक्ता रामशरण सिंह की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर सिविल कोर्ट परिसर स्थित मानवाधिकार अधिवक्ता एसके झा के चैंबर 'भारत वर्षम्' में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ताओं और समाजसेवियों ने शामिल होकर उन्हें याद किया तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष



दिवंगत अधिवक्ता को श्रद्धांजलि अर्पित करते अधिवक्ता एवं नगर के गणमान्य लोग।

सैकड़ों अधिवक्ताओं व समाजसेवियों ने कार्यक्रम मे शामिल हो दी श्रद्धांजलि

रामकृष्ण ठाकुर उर्फ रामबाबू ठाकुर ने कहा कि रामशरण सिंह का अधिवक्ता समाज में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वरीय अधिवक्ता विजय कुमार शाही ने उन्हें मुजफ्फरपुर सिविल कोर्ट की धरोहर बताते हुए कहा कि वे एडवोकेट्स एसोसिएशन के जनक थे। उनके निधन के बाद संघ में उनकी कमी हमेशा महसूस होती रहेगी। मानवाधिकार अधिवक्ता एसके झा ने कहा कि रामशरण बाबू सिविल कोर्ट मुजफ्फरपुर के भीष्म पितामह थे। एडवोकेट्स एसोसिएशन के नए भवन का निर्माण उनके प्रयासों से ही संभव हो पाया था। उनका व्यक्तित्व विराट था। उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

वहीं, समाजसेवी मुक्तेश्वर सिंह मुकेश रामशरण सिंह को याद करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि उनके जैसा विराट व्यक्तित्व उन्होंने आज तक नहीं देखा। उनकी कमी हमेशा महसूस होती रहेगी। श्रद्धांजलि सभा में समाजसेवी बबलू त्रिवेदी, अधिवक्ता राजीव रंजन, राकेश कुमार सिंह उर्फ टुन्ना सिंह, माधव शर्मा, मणिभूषण शर्मा, कबीर राज, कुमुद रंजन, आलोक सिन्हा, अभिषेक रंजन झा, अजय कुमार, विक्रांत कुमार, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, नेहा कुमारी, प्रफुल्ल कुमार श्रीवास्तव, अमय कश्यप और रिमीषा राज सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

बाइक की टँकी में छिपाकर लाए गए 30 लाख रुपये के साथ पूर्वी चंपारण का एक युवक गिरफ्तार

बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)। नेपाल के रौतहट पुलिस ने एक बाइक की टँकी में छिपाकर लाए गए 30 लाख रुपये के साथ पूर्वी चंपारण के एक युवक को गिरफ्तार किया है और उसी की निशानदेही पर पुनः 14 लाख 64 हजार 605 रुपये भी बरामद किए गए है। डीएसपी बसंत गौतम ने बताया कि दोपहर में रौतहट जिले के ईशनाथ नगरपालिका-4 महुलिया के काली मंदिर के पास से भारतीय क्षेत्र से पहुँचे बाइक की पुलिस ने तलाशी ली और टँकी में छुपाकर रखे गए 30 लाख नेपाली रुपये बरामद करने के साथ ही वाहन चालक पूर्वी चंपारण के फुलवरिया वार्ड- 13 निवासी सनी कुमार जायसवाल-30 को गिरफ्तार कर उसकी बाइक जप्त कर ली है। पुलिस के पूछताछ में गिरफ्तार श्री जायसवाल ने बताया कि उक्त रुपये वह गौर नगरपालिका-1 स्थित न्यू तराई ट्रेडर्स के संचालक शेख कमरुल को सौंपने के लिए लाई थी। पुलिस निरीक्षक जीवन कुमार मैनाली के नेतृत्व में एक टीम न्यू तराई ट्रेडर्स पहुंची जहां तलाशी लेने पर पुलिस ने ट्रेडर्स से 14 लाख 64 हजार 605 रुपये नकद बरामद किए। पुलिस ने प्रतिष्ठान के संचालक शेख कमरुल को भी गिरफ्तार कर लिया है जिनसे गहन पूछताछ की जा रही है।

परसौनी थाना परिसर में गुंडा परेड, असामाजिक तत्वों को दी गई अपराध से दूर रहने की चेतावनी

सीतामढ़ी (एनएसबी)। अपराध नियंत्रण एवं क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से गुरुवार को परसौनी थाना परिसर में गुंडा परेड का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना क्षेत्र के चिह्नित असामाजिक तत्वों को थाना परिसर में बुलाकर परेड कराई गई। परेड के दौरान पुलिस अधिकारियों ने सभी संबंधित व्यक्तियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की सख्त हिदायत दी। साथ ही स्पष्ट किया गया कि क्षेत्र में शांति भंग करने या आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस पहल का मुख्य उद्देश्य अपराध पर अंकुश लगाना, असामाजिक तत्वों में कानून का भय पैदा करना तथा आम लोगों के बीच भयमुक्त वातावरण स्थापित करना है।

समाहरणालय में लगा विशेष सोलर शिविर

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से लगाया कैम्प

जिलाधिकारी ने की विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों से अपने घरों में सोलर पैनल लगाकर योजना का लाभ उठाने की अपील



दीप प्रज्वलित शिविर कर उद्घाटन करते जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया, विभागीय अभियंता व अन्य।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते जिलाधिकारी, मंचासीन विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी व अन्य।

सीतामढ़ी (एनएसबी)। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं अधिकाधिक लोगों को योजना से लाभान्वित करने के उद्देश्य से गुरुवार को समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में विशेष सोलर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया, विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत आपूर्ति अंचल, मुजफ्फरपुर पंकज राजेश, कार्यपालक अभियंता (एसटीए), मुजफ्फरपुर, पंकज कुमार, विद्युत कार्यपालक अभियंता, सीतामढ़ी एवं पुपरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी कमल सिंह तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

शिविर में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भाग लिया। साथ ही योजना के तहत रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित करने वाली विभिन्न एजेंसियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को योजना की प्रक्रिया, लाभ, अनुदान तथा सोलर पैनल स्थापना से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री सुल्तानिया ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ-साथ आम लोगों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह योजना ग्रीन इंडिया, क्लीन इंडिया के संकल्प को साकार करने तथा पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करने में प्रभावी भूमिका निभा सकती है। योजना की वास्तविक सफलता तभी सुनिश्चित होगी, जब इसका लाभ जिले के अधिकाधिक परिवारों तक पहुंचे और प्रत्येक इच्छुक घर सौर ऊर्जा की सुविधा से आच्छादित हो।

उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं की सफलता केवल उनके क्रियान्वयन तक सीमित नहीं होती, बल्कि जनभागीदारी और व्यापक जागरूकता से ही उनका उद्देश्य पूरी तरह प्राप्त किया जा सकता है। इस दृष्टिकोण से सभी विभागों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने अधीनस्थ कर्मियों को योजना के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करें, ताकि वे स्वयं अपने घरों में रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित कर योजना का लाभ उठा सकें। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को विशेष रूप से निर्देशित किया कि जिले के शिक्षकों के बीच भी योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा, राजस्व, आईसीडीएस, स्वास्थ्य, कल्याण एवं जीविका सहित सभी विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्प्रेरक की भूमिका निभा सकते हैं। यदि सरकारी कर्मी स्वयं आगे बढ़कर अपने घरों में सोलर पैनल स्थापित करते हैं, तो इससे आम लोगों के बीच भी सकारात्मक संदेश जाएगा और योजना के प्रति विश्वास एवं जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने अधिकाधिक आवेदन प्राप्त करने के साथ-साथ प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

योजना के वित्तीय लाभों की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा रूफटॉप सोलर पैनल की स्थापना पर आकर्षक अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके तहत एक किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल पर 40 हजार रुपये, दो किलोवाट पर 80 हजार रुपये तथा तीन किलोवाट एवं उससे अधिक क्षमता के सोलर पैनल पर अधिकतम 98 हजार रुपये तक की सब्सिडी का प्रावधान है। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर इसका लाभ उठाएं तथा अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

इस अवसर पर विद्युत कार्यपालक अभियंता ने बताया कि विशेष सोलर शिविर में उत्साहजनक सहभागिता देखने को मिली। शिविर के दौरान सीतामढ़ी विद्युत प्रमंडल में कुल 91 तथा पुपरी विद्युत प्रमंडल में कुल 122 आवेदन निबंधित किए गए। इस प्रकार दोनों प्रमंडलों को मिलाकर कुल 213 आवेदन प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों के आगे की प्रक्रिया का प्रभावी अनुश्रवण करते हुए पात्र लाभुकों को योजना का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

मिडिल स्कूल की विज्ञान शिक्षिका पुनीता वर्मा को आदर्श शिक्षक सम्मान

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिले के बथनाहा प्रखंड के मध्य विद्यालय सिंगरहिया के विज्ञान शिक्षिका पुनीता वर्मा को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और नवाचारपूर्ण शिक्षण के लिए आदर्श शिक्षक सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान द टीचर्स फ्यूचर मेकर्स, बिहार की ओर से मुजफ्फरपुर स्थित बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में आयोजित समारोह में दिया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) दिनेश चन्द्र राय ने उन्हें मोमेंटो और प्रशस्ति-पत्र प्रदान



शिक्षिका पुनीता वर्मा को मोमेंटो एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित करते अतिथि।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) दिनेश चन्द्र राय ने उन्हें मोमेंटो और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया

किया। समारोह में पटना विश्वविद्यालय और नालंदा खुला विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. (डॉ.) केसी सिन्हा सहित समारोह के विशिष्ट अतिथियों में सारण के विधान पार्षद सच्चिदानन्द राय, पटना विश्वविद्यालय के विधि विभाग के प्रोफेसर एवं पटना विधि महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य तथा पूर्व डीन प्रो. (डॉ.) वाणी भूषण, प्रख्यात शिक्षाविद् एवं दारोगा गुरु डॉ. गुरु एम. रहमान, बिहार विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. (डॉ.) समीर कुमार शर्मा तथा बिहार सरकार के सीआईडी, पटना के निदेशक बीके. चौधरी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

सीतामढ़ी यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष बने सुंदरम पाठक, समर्थक खुश

सीतामढ़ी (एनएसबी)। जिले के नानपुर प्रखंड के कोइली गांव निवासी सुंदरम पाठक सीतामढ़ी यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चुने गए हैं। बाजपट्टी विधानसभा अध्यक्ष पद पर कमरे आलम, रून्नीसैदपुर विधानसभा से विकास यादव, सुरसंड विधानसभा से अब्दुल मन्नान, बथनाहा विधानसभा से राजु कुमार एवं अन्य ने संगठन चुनाव में जीत हासिल की है। सुंदरम ने वर्ष 2019 में महाकवि कालिदास सूर्यदेव महाविद्यालय, चंदौना से छात्र संघ उपाध्यक्ष का चुनाव जीतकर सार्वजनिक जीवन शुरू किया। 2021 में वे जिला सोशल मीडिया समन्वयक और 2023 में प्रदेश यूथ कांग्रेस के प्रवक्ता रहे। जिलाध्यक्ष बनने पर उन्होंने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा यह सम्मान के साथ बड़ी जिम्मेदारी है, जनहित के मुद्दों और आम लोगों की आवाज मजबूती से उठाऊंगा। सुंदरम के जिलाध्यक्ष निर्वाचित होने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना, मो. अफाक खां, सीताराम झा, रकटू प्रसाद, प्रमोद कुमार नील, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. राजीव कुमार काजू, मो. शम्स शाहनवाज, रितेश रमण सिंह, आलोक सिंह राठौर, प्रो. राजकुमार गुप्ता, मनोज कुमार सिंह, धीरज सिंह, रोशन झा बिट्टू, वीरेंद्र कुशवाहा, मुरारी सिंह, प्रियांशु पाठक, सतीश मिश्रा, अंकित कुमार, साहिल गुप्ता, विवेक झा, तारिक, अनिकेत झा, दशदेव, शुभम यादव समेत अन्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

एनडीपीएस एक्ट के वांछित अभियुक्त विमल कुमार धराया 1.19 लाख रुपये नकद बरामद

बिहार एसटीएफ और सीतामढ़ी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, रून्नीसैदपुर थाना क्षेत्र में हुई गिरफ्तारी

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार एसटीएफ की विशेष टीम और जिला पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विमल कुमार, पिता किशनपुर, थाना बथनाहा, जिला सीतामढ़ी के रूप में हुई है। उसे रून्नीसैदपुर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर पकड़ा गया। पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 4/5 नवंबर की रात गुप्त सूचना के आधार पर बिहार एसटीएफ और सीतामढ़ी पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। अभियुक्त सीतामढ़ी थाना कांड संख्या 819/25 (एनडीपीएस एक्ट) में वांछित था। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 1 लाख 19 हजार 800 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट समेत कुल दो कांड दर्ज हैं। पुलिस मामले में अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई कर रही है।



गिरफ्तारी की जानकारी देते पुलिस अधिकारी व अन्य।

बालू लदे हाईवा और यात्री ऑटो में हुई जोरदार टक्कर में चालक सहित पांच घायल, तीन की हालत गंभीर

टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया और ऑटो सवार सभी लोग सड़क पर गिर पड़े

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। सकरा थाना क्षेत्र के भटंडी पेट्रोल पंप के पास गुरुवार को बालू लदे तेज रफ्तार हाईवा और ऑटो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में ऑटो पर सवार पांच यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को लेकर मौके पर अफरा तफरी मच गई। वही स्थानीय लोगों ने हादसे में घायल सभी यात्रियों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। सभी घायलों को पहले सकरा रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच रेफर कर दिया गया।

घायलों की पहचान मधुमाला (बालिगांव थाना क्षेत्र), हीरा राम (कटेशर थाना), नसरा खातून (लालगंज थाना), वसीमा प्रवीण (लालगंज थाना) और प्रियंका (मडवन) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बालू लदा हाईवा तेज रफ्तार में जा रहा था। इसी दौरान चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दियाऔर हाईवा जबरदस्त तरीके से यात्रियों से भरे ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया और ऑटो सवार सभी लोग सड़क पर गिर पड़े। बताया गया है कि सभी यात्री खरीदारी करने के लिए मुजफ्फरपुर आ रहे थे। वही घटना की सूचना मिलते ही सकरा थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई। पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में स्थानीय लोगों से जानकारी ली गई है तथा क्षतिग्रस्त हाईवा को जब्त कर लिया गया है। सकरा पुलिस के अनुसार घायलों के परिजनों तक घटना की सूचना भेज दी गई है और पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

पुलिस अधीक्षक ने जन शिकायत सुनवाई में सुनीं लोगों की समस्याएं, त्वरित कार्रवाई के दिये निर्देश

प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं विधिसम्मत निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को किया अग्रसारित

सीतामढ़ी (एनएसबी)। आम लोगों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान तथा पुलिस प्रशासन के प्रति आमजन का विश्वास मजबूत करने के उद्देश्य से सीतामढ़ी पुलिस द्वारा नियमित रूप से जन शिकायत सुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार, 5 नवंबर 2026 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की शिकायतें एवं समस्याएं सुनीं।

जन शिकायत सुनवाई के दौरान फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा। पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से सुना तथा संबंधित मामलों की प्रकृति को समझते हुए उनके त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं विधिसम्मत निष्पादन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। प्राप्त आवेदनों को उचित कार्रवाई के लिए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के पास अग्रसारित किया गया। साथ ही निर्देश दिया गया कि शिकायतों की गंभीरता से जांच करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके।



विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की शिकायतें एवं समस्याएं सुनते पुलिस अधीक्षक अमित रंजन व अन्य।

पुलिस अधीक्षक ने शिकायतों के निष्पादन में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखें और निर्धारित प्रक्रिया के तहत उनका गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि सीतामढ़ी जिला में आम नागरिकों की समस्याओं को सीधे पुलिस प्रशासन तक पहुंचाने और उनके त्वरित समाधान के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रत्येक कार्य दिवस को जन शिकायत सुनवाई आयोजित की जाती है। इस पहल का उद्देश्य आम लोगों को सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के साथ पुलिस एवं जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है।

कांटी और मड़वन के 50 गांवों को बिजली संकट से मिलेगी राहत

12 किलोमीटर लंबी 33 केवी लाइन का होगा निर्माण

क्षेत्रीय विधायक के प्रयास से मिली परियोजना,एक सप्ताह में शुरू होगा काम

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। कांटी और मड़वन प्रखंड के करीब 50 गांवों के बिजली उपभोक्ताओं को बार-बार होने वाली बिजली कटौती से जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। कांटी विधायक ई. अजीत कुमार के प्रयास से क्षेत्र में 12 किलोमीटर लंबी 33 केवी विद्युत लाइन का निर्माण कराया जाएगा। निर्माण की जिम्मेदारी गैलेक्सी कंपनी को सौंपी गई है। विधायक के अनुसार, एक सप्ताह के अंदर काम शुरू होगा और दो महीने में नई लाइन से बिजली आपूर्ति शुरू होने की संभावना है।

वर्तमान में कांटी पश्चिमी क्षेत्र के करीब दो दर्जन गांवों में महुअल सब स्टेशन से बिजली आपूर्ति होती है। महुअल से झिटकाहीं तक आने वाली 33 केवी लाइन के रास्ते में बड़ी संख्या में पेड़-पौधे होने के कारण हल्की बारिश, आंधी और तूफान में भी बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। इससे कई बार दो से तीन सब स्टेशनों की बिजली गुल हो जाती है। लाइन में बार-बार खराबी आने और रखरखाव में परेशानी के कारण उपभोक्ताओं को कभी-कभी दो-दो दिनों तक बिजली संकट झेलना पड़ता है। विधायक ने बताया कि मड़वन सब स्टेशन को महुअल ग्रिड के साथ भिखनपुरा ग्रिड से भी जोड़ने की व्यवस्था की जा रही है। इससे बिजली आपूर्ति के लिए दो वैकल्पिक सर्किट उपलब्ध होंगे। महुअल ग्रिड से आपूर्ति बाधित होने पर भिखनपुरा से मड़वन और झिटकाहीं सब स्टेशन को बिजली मिल सकेगी। वहीं, भिखनपुरा ग्रिड में खराबी आने पर महुअल से आपूर्ति बहाल की जा सकेगी। इससे क्षेत्र के करीब 50 गांवों को फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि कांटी एनटीपीसी के आसपास उपलब्ध जमीन पर नया ग्रिड स्थापित करने का प्रस्ताव भी है। इसके निर्माण से कांटी, मड़वन और आसपास के प्रखंडों के विभिन्न सब स्टेशनों को जोड़ा जा सकेगा। विधायक ने कहा कि उनका प्रयास है कि क्षेत्र के लोगों को बिजली की समस्या को लेकर बार-बार शिकायत नहीं करनी पड़े और उन्हें निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सके।

सम्पादकीय

नदी संजीवनी के तहत जलस्रोतों के पुनर्जीवन

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की गरिमामयी उपस्थिति में गत दिनों भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा बिहार सरकार के बीच नदी संजीवनी कार्यक्रम के तहत नदियों एवं अन्य जलस्रोतों से गाद (सिल्ट) हटाने और उसके उपयोग को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। नदी संजीवनी कार्यक्रम के तहत हुए इस ऐतिहासिक समझौते का उद्देश्य बिहार की नदियों एवं अन्य जलस्रोतों में जमा गाद का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करना, नदियों से गाद हटाकर उनका पुनर्जीवन करना तथा निकाली गई गाद का उपयोग राष्ट्रीय राजमार्गों एवं अन्य सड़क निर्माण में करना है। इस व्यवस्था के तहत नदियों से निकाली गई गाद को सड़क निर्माण की वैकल्पिक सामग्री के रूप में उपयोग किया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा जहां भी गाद की आवश्यकता होगी, वहां बिहार सरकार नियमानुसार खनन लाइसेंस उपलब्ध कराने में सहयोग करेगी। इससे नदियों की जलधारण एवं जलप्रवाह क्षमता में भी सुधार होगा।

यह समझौता बिहार जल स्रोत जीर्णोद्धार एवं गाद (सिल्ट) प्रबंधन नीति, 2026 के तहत की गई है। जिसका उद्देश्य गहरी नदियाँ, मजबूत सड़कें और समृद्ध बिहार है। गाद के उपयोग से प्राकृतिक ऊपरी मिट्टी के दोहन में कमी आएगी और नदी पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार होगा। बिहार में 58,340 करोड़ रूपये के निवेश के साथ सड़क की 39 परियोजनाएं (कुल 1,561 किमी) निर्माणाधीन हैं तथा 1,85,200 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत वाली 11 नई परियोजनाएं (1,982 किमी) प्रस्तावित हैं। इस के तहत 243 लाख क्यूबिक मीटर मुफ्त गाद का उपयोग 16 चालू राजमार्ग परियोजनाओं में किया जाएगा। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए विभिन्न नदियों पर 29 नए पुल निर्माणाधीन है।

नदी संजीवनी कार्यक्रम को संबोधित करते हुये केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि नदी संजीवनी कार्यक्रम के तहत महाराष्ट्र के सफल बुलढाणा मॉडल की तर्ज पर बिहार की नदियों से गाद हटाने का कार्य किया जाएगा। नदियों का पुनरुद्धार होगा और जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। इस पूरी परियोजना सरकार पर कोई वित्तीय भार नहीं पड़ेगा तथा केंद्र सरकार राज्य से एक भी पैसा न नदियों से गाद हटने से जलधारण एवं जलप्रवाह क्षमता में सुधार होगा, किसानों के लिए पानी उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी और बिहार में प्रतिवर्ष बाढ़ से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकेगा। इससे कृषि क्षेत्र को मजबूती मिलेगी और किसानों के जीवन में खुशहाली आएगी। नदी संजीवनी कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार देश का पहला राज्य है, जिसने अपनी अलग गाद (सिल्ट) नीति बनाई है। बिहार जल स्रोत पुनरुत्थान एवं गाद नीति-2026 के माध्यम से राज्य की नदियों एवं जलस्रोतों में जमा गाद का बेहतर प्रबंधन किया जाएगा। बिहार की दो प्रमुख चुनौतियां अधिक आबादी और अनियंत्रित जल प्रवाह, जो अब विकास की ताकत बनेंगी। नदियों से निकलने वाली गाद राज्य के लिए संजीवनी साबित होगी और बिहार की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि नेपाल में होने वाली भारी बारिश और दूसरे राज्यों से आने वाले पानी के कारण बिहार को प्रतिवर्ष बाढ़ की विभीषिका झेलनी पड़ती है। फरक्का बैराज के कारण गंगा नदी में गाद जमा होने की समस्या भी गंभीर है। नदियों से गाद हटाने और उनके पुनरुद्धार से बाढ़ के प्रभाव को कम करने तथा जल प्रबंधन को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। नदियों से निकाली गई गाद का उपयोग राष्ट्रीय राजमार्गों एवं अन्य सड़क निर्माण में किया जाएगा। इससे गाद का उपयोगी संसाधन के रूप में इस्तेमाल होगा और सड़क निर्माण को भी गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार बांग्लादेश को पानी दिए जाने का विरोधी नहीं है, लेकिन बिहार की आवश्यकताओं का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। वर्तमान व्यवस्था में बिहार को केवल चार महीने (जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्टूबर) ही गंगाजल के उपयोग का अवसर मिलता है। बिहार जैसे राज्य को कृषि, उद्योग और पेयजल की जरूरतों के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से गंगा नदी के दोनों किनारों पर फोरलेन सड़क निर्माण कराने का विशेष आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्य में कई नए टाउनशिप के विकास पर तेजी से काम चल रहा है। बेहतर सड़क संपर्क और आधारभूत संरचना का विस्तार बिहार के आर्थिक विकास को और गति प्रदान करेगा। नदी संजीवनी कार्यक्रम बिहार की प्राकृतिक चुनौतियों को विकास के अवसर में बदलने वाली पहल है। इससे पर्यावरण संरक्षण, जल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन, बाढ़ नियंत्रण और आधारभूत संरचना का विकास एक साथ आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों से गाद निकाले जाने के बाद लगभग 1 लाख एकड़ नई भूमि उपलब्ध होगी, जिससे मुंबई और दिल्ली की तर्ज पर बिहार में गंगा फेसिंग कॉलोनियां और घर बनाए जा सकेंगे। राज्य में 80 हजार एकड़ भूमि पर 12 नए टाउनशिप, जैसे पटना में पाटलिपुत्र, गया में मगध, मुंगेर में अंग, भागलपुर में विक्रमशिला, सहरसा में कोसी, दरभंगा में मिथिला, मुजफ्फरपुर में तिरहुत और मां सीता की जन्मस्थली पर सीतापुरम, विकसित किए जा रहे हैं।

वैश्विक लोकतंत्र में बढ़ता असंतोष



डा. संजीव कुमार

सामाजिक एवं राजनीतिक विशेषज्ञ

भारत में जुलाई से लगातार राजनीतिक हालात गरम रहे हैं । मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत जी द्वारा जब बेरोजगार युवकों को ककरोच बोला गया तो इन युवकों ने ककरोच जनता पार्टी के नाम से एक पार्टी ही खड़ी कर दी ।

नीट पेपर लीक का मामला जब सामने आया तब इस धांधली से आहत आकर 20 से ज्यादा छात्रों ने आत्महत्या कर ली थी। फिर इसी ककरोच ने देशभर के युवाओं का आह्वाहन कर शिक्षा मंत्री से इस्तीफे की मांग की । सरकार के तमाम कोशिशें के बावजूद यह आंदोलन दबाया नहीं जा सका और अंततः सरकार द्वारा अपने शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लिया गया । फिर भारत में विपक्ष के द्वारा वोट में धांधली के खिलाफ पूरे सितंबर माह जन आंदोलन देखने को मिला, और विपक्ष के सबसे बड़े कद्दावर नेता राहुल गांधी के द्वारा जब 1 नवंबर को सरकार के खिलाफ विशाल मोर्चा खोला गया तो एक बार पुनः सरकार को अपनी सत्ता बचाने के लिए मोर्चाबंदी करने की जरूरत पड़ी । वर्तमान सरकार पर वोट चोरी का इल्जाम लगाते हुए कई बार सबूत के साथ भी विपक्ष उनसे सवाल कर चुकी है और देश के चुनाव आयुक्त का इत्तीफा मांग रही है । इसके इतर भी देश भर में कई तरह के आंदोलन देखने को मिल रहे हैं, मसलन मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में आदिवासियों का जंगल और जमीन बचाने का आंदोलन, मणिपुर में 3 साल से लगातार हिंसक आंदोलन, उत्तराखंड में पहाड़ बचाने के लिए आंदोलन और उत्तर प्रदेश तथा बिहार में युवाओं द्वारा रोजगार हेतु किया गये बड़े-बड़े आंदोलन ये सब कुछ हाल के महीनो की ही घटनाए हैं।

इस तरह के आंदोलन इस बात का प्रतीक बन चुके हैं कि वर्तमान में भारत की एक बहुत बड़ी आबादी तत्कालीन सरकार से बहुत ही ज्यादा असंतुष्ट है । यह सरकार पूर्ण बहुमत पर न होने के बावजूद भी जिस प्रकार से अपनी हठधर्मिता से लगातार आंदोलनों को कुचलने का कार्य कर रही है उससे दुनिया में उसकी छवि धूमिल हो रही है। इधर अक्टूबर 2026 के अंत में दुनिया भर में राजनीतिक हलचल तेज है हुई है । कुछ देशों में चुनावों या गतिरोध के बाद सरकारें बदली हैं, तो कई जगहों पर नागरिक सड़कों पर उतरकर मौजूदा शासन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं । महंगाई, भ्रष्टाचार, शिक्षा, आवास और लोकतांत्रिक मुद्दे इन आंदोलनों के केंद्र में हैं ।

हाल ही में सर्बिया के छात्र-नेतृत्व वाले विपक्षी समूह ने संसदीय चुनाव में लगभग 53 प्रतिशत वोट हासिल कर अलेक्जेंडर वुचिच की पार्टी को हरा कर वुचिच के 14 साल के शासन का अंत कर दिया है। रोमानिया में लगभग छह महीने के राजनीतिक गतिरोध के बाद स्वतंत्र राजनयिक लुका निकुलेस्कु को प्रधानमंत्री चुना गया है । संसद ने उनकी अल्पमत सरकार को मंजूरी दी है .। इजराइल के चुनाव में दो दशक से शासक रहे नेतन्याहू अपने बहुमत से बहुत पीछे है इसलिए अंतिम सरकार गठन अभी स्पष्ट नहीं। फ्रांस में छात्र महंगाई और सार्वजनिक सेवाओं (शिक्षा, आवास) के खिलाफ बड़े प्रदर्शन जारी है ।.येलो वेस्ट और छात्र राष्ट्रव्यापी विरोध की योजना बना रहे हैं । वहां भी महीनों से लाखों लोग सड़कों पर उतरे है।. अल्बानिया में छात्र-नेतृत्व वाले फ्लेमिंगो रिवोल्यूशन में प्रधानमंत्री एडी रामा के खिलाफ धरना जारी है। भ्रष्टाचार, शिक्षा की खराब स्थिति और विवादास्पद परियोजनाओं के कारण यहाँ की सरकार भी घिरी हुई है युवाओं ने यहाँ भी सरकार से इस्तीफे की मांग की है .। इटली में प्रधानमंत्री जर्जिया मेलोनी की सरकार के खिलाफ महंगाई, किराए और जीवन-यापन की लागत को लेकर हजारों लोगों प्रदर्शन कर रहे है।.इंडोनेशिया में राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो की सरकार के खिलाफ धुंध , महंगाई और भ्रष्टाचार को लेकर जकार्ता सहित कई शहरों में प्रदर्शन हो रहे है ।



दुनिया भर के लोकतंत्र का अध्ययन करने पर यह ज्ञात होता है कि जितने भी आज लोकतांत्रिक कहे जाने वाले विशाल भूभाग है वहां जनता तथा युवाओं का बड़ा आक्रोश सरकार को झेलना पड़ रहा है। इसके प्रमुखकारणों में से बेरोजगारी, भ्रष्टाचार तथा वहां एक ही सत्ता का लंबे समय तक स्थायी होना माना जा रहा है।

आज जिन मुल्कों में लंबी अवधि की सरकारें हैं जाहिर है इन लोगों ने अपनी सत्ता को मजबूत बनाने के लिए बहुत से ऐसे कार्य किए हैं जो कि लोकतांत्रिक नहीं कहा जा सकता । इसलिए यह लोग डरे और सहमे हुए बैठे हैं, उन्हें पता है कि जैसे ही सत्ता की बागडोर उनके हाथ से जाएगी उन्हें जेल की सलाखें मिलेंगी । इसलिए यह राजनेता जिंदा रहते सत्ता विहीन नहीं होना चाहते, दूसरी तरफ सत्ता में आजकल जिस प्रकार से बदले की राजनीति हो रही है । उसके मद्दे नजर भी राजनेता सत्ता से चिपके रहते हैं । परंतु सबसे बुनियादी सवाल यहाँ ये है कि हमने राजतान्त्रिक शासन से दुनिया को बाहर निकालते हुए दुनिया के गरीबों, वंचितों, महिलाओं को यह सपना दिखाया था कि अब दुनिया के निचले से निचले व्यक्ति को भी न्याय मिलेगा । सभी के लिए समान अवसर पैदा होंगे । अब वही राजा बनेगा (शासक) जिसमें काबिलियत होगी। पर क्या हम दुनिया का यह स्वप्न साकार करने में कामयाब हुए हैं।

क्या दुनिया को लोकतांत्रिक गतिविधि से संचालन करने का हमारा प्रयत्न सफल हुआ हैं । आखिर इतनी विधि से चुनाव प्रक्रिया होने के बाद, देश की आम जनता की सहमति होने के बाद भी जब एक सरकार बनती है तब भी क्यों एक साधारण नागरिक अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है । आखिर हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसी कौन सी कमी रह गई है आज पूरी दुनिया को अँगुलियों पर गिने जानेवाले उद्योगपति, व्यापारी, आईआईटीएन और राजनेता चला रहे है ,अगर इसी को लोकतंत्र कहते है तो फिर राजतंत्र में भला क्या बुराई थी ।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

मिठाई मैराथन : मौखिक स्वास्थ्य पर डेंटिस्ट डा. सोनिया दत्ता की राय

पटना (दैनिक नवसंदेश) । त्योहारों का मौसम आते ही मिठाइयाँ हमारे उत्सव का अभिन्न हिस्सा बन जाती हैं। दोस्तों और परिवार के बीच मिठाइयों के डिब्बों के आदान-प्रदान से लेकर कार्यस्थल और सामुदायिक आयोजनों में मिलने वाले खास ट्रीट तक, हममें से कई लोग दिन में कई बार कुछ मीठा खाने के लिए आकर्षित होते हैं। त्योहारों पर अपनी पसंदीदा मिठाइयों का आनंद लेना हमारी एक प्रिय परंपरा है, लेकिन यह समझना भी जरूरी है कि बार-बार कुछ खाते रहने की आदत हमारे मौखिक स्वास्थ्य को किस तरह प्रभावित कर सकती है। अच्छी मौखिक स्वच्छता की आदतों के साथ-साथ सही टूथपेस्ट का चुनाव भी रोजाना दांतों की देखभाल को बेहतर बनाने में मदद करता है। डाबर रेड पेस्ट, आयुर्वेदिक तत्वों जैसे तोमर बीज से समृद्ध है, जो अपने एंटीबैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुणों के लिए जाना जाता है और साथ ही इसमें



मौजूद पुदीना सत्व लंबे समय तक ताजगी बनाए रखने में मदद करता है और रोजमर्रा की मौखिक देखभाल को मजबूत बनाता है। इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) की स्वीकृति मुहर से प्रमाणित यह उत्पाद पारंपरिक आयुर्वेदिक ज्ञान और आधुनिक मौखिक देखभाल की जरूरतों का प्रभावी मेल प्रस्तुत करता है।

ज्यादातर लोग त्योहारों के दौरान खाई जाने वाली मिठाइयों की मात्रा पर ध्यान देते हैं, लेकिन आप कितनी बार मिठाइयां खाते हैं, यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है। जब भी हम मीठी चीजें खाते हैं, तो मुंह में पहले से मौजूद बैक्टीरिया इन शर्करा (शुगर) को खाते हैं और एसिड बनाते हैं। ये एसिड दांतों के इनेमल को कमजोर कर सकते हैं, जिससे कैविटी और दांतों से जुड़ी अन्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। अगर हम दिन भर थोड़ी-थोड़ी देर में मिठाइयां खाते रहते हैं, तो हमारे दांतों पर बार-बार एसिड का हमला होता है। ऐसे में लार को इन एसिड के असर को बेअसर करने और मुंह की प्रातिक रिकवरी प्रक्रिया में मदद करने के लिए बहुत कम समय मिल पाता है। हालांकि, त्योहारों के दौरान मौखिक स्वास्थ्य बनाए रखने का मतलब मिठाइयों से पूरी तरह दूरी बनाना नहीं है।

बिहार में टीबी उन्मूलन : जन स्वास्थ्य प्रबंधन की नई दिशा

दैनिक नवसंदेश / स्वास्थ्य पहर



हेमंत कुमार।

भारत को टीबी-मुक्त बनाने के राष्ट्रीय संकल्प (राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम) के केंद्र में बिहार जैसा विशाल और सघन आबादी वाला राज्य सबसे महत्वपूर्ण धुरी बनकर उभरा है। ऐतिहासिक रूप से संशोधित राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम के दौर में बिहार का प्रदर्शन अपेक्षात काफी कमजोर रहा था, जहां मरीजों की इलाज सफलता दर महज 73 प्रतिशत थी-जो झारखंड (92 प्रतिशत) और पश्चिम बंगाल (88 प्रतिशत) जैसे पड़ोसी राज्यों की तुलना में काफी चिंताजनक थी।

लेकिन हाल के वर्षों में बिहार के स्वास्थ्य तंत्र ने जिस आक्रामक रणनीति, प्रशासनिक दृढ़ता और आधुनिक तकनीक का सहारा लिया है, उसने राज्य में टीबी नियंत्रण के पूरे परिदृश्य को बदल दिया है। सघन केस-खोज अभियानों, अत्याधुनिक आणविक परीक्षणों (मोलेक्यूलर टेस्टिंग) के नेटवर्क और ब्लॉक-स्तर तक मजबूत प्रशासनिक निगरानी के दम पर बिहार आज पिछड़े स्वास्थ्य ढांचे के टैग को तोड़ कर जन स्वास्थ्य प्रबंधन का एक अनुकरणीय मॉडल पेश कर रहा है।

बिहार सरकार द्वारा हाल ही में चलाये गये राज्यव्यापी सघन टीबी स्क्रीनिंग अभियान ने लोक स्वास्थ्य प्रबंधन में नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। मुख्य सचिव और स्वास्थ्य सचिव की सीधी निगरानी में शुरू में 1.40 करोड़ लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य रखा गया था। निरंतर जिला-स्तरीय समीक्षाओं और जमीनी तत्परता के बल पर राज्य ने लक्ष्य को पार करते हुए 2.36 करोड़ से अधिक लोगों की सफलतापूर्वक स्क्रीनिंग की। इस अभियान का मुख्य आधार राज्य का विकेंद्रीत नैदानिक नेटवर्क रहा।

24 मार्च के बाद से राज्य भर में 5.4 लाख से अधिक विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये गये, जिनके जरिए 11,055 उच्च जोखिम वाले गांवों को सीधे लक्षित किया गया। अभियान के दौरान 17. 48 लाख से अधिक चेस्ट एक्स-रे और 3.52 लाख से अधिक आणविक परीक्षण (मोलेक्यूलर टेस्टिंग) संपन्न किये गये।

आणविक जांच की सुलभता ने पारंपरिक बलगम जांच की सीमाओं को लांघकर प्रारंभिक चरण में ही संक्रामक टीबी के 87,623 नये मामलों की समय पर पहचान सुनिश्चित की।

बिहार की टीबी उन्मूलन रणनीति केवल मरीजों की पहचान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय रणनीति के डिटेक्ट, ट्रीट, प्रिवेंट, और बिल्ड (डीटीपीबी) सिद्धांतों पर पूरी तरह आधारित है।

विभेदित टीबी देखरेख (डिफरेंसिएटेड टीबी केयर) के तहत खोजे गये कुल रोगियों में से लगभग 85 प्रतिशत (74,871 मरीजों) का इस ढांचे के तहत विश्लेषण किया गया। इससे मरीजों की स्थिति, सह-रुग्णता (को-मर्बिडिटीज) और सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के आधार पर व्यक्तिगत उपचार योजनाएं तैयार की गईं।

बीमारी के भावी संचरण को रोकने के लिए राज्य के सभी 38 जिलों में टीपीटी लागू किया गया है। इसके तहत टीबी मरीजों के संपर्क में आए 2.80 लाख से अधिक पारिवारिक सदस्यों की जांच की गई और 97,623 पात्र लोगों को टीपीटी पर लाया गया, जिससे सुप्त संक्रमण को सक्रिय बीमारी में बदलने से रोका जा रहा है।

इन प्रयासों से राज्य की उपचार सफलता दर बढ़कर 88 प्रतिशत पहुंच गई है, जबकि अनुमानित मृत्यु दर 2023 के 21 प्रति लाख से घटकर 2024 में 20 प्रति लाख हो गई है। इसके अलावा, सामुदायिक स्तर पर बेहतर जवाबदेही के कारण राज्य की 547 पंचायतें टीबी-मुक्त पंचायत घोषित हो चुकी हैं।

अभियान की प्रगति समीक्षा से जिला-स्तरीय प्रदर्शन में स्पष्ट अंतर देखा गया। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले जिले सहरसा ने साप्ताहिक लक्ष्य के मुकाबले 341 प्रतिशत की अभूतपूर्व उपलब्धि के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। इसके बाद अरवल (288 प्रतिशत), मुजफ्फरपुर (274 प्रतिशत), औरंगाबाद (258 प्रतिशत) और शेखपुरा (239 प्रतिशत) का स्थान रहा।

इसके विपरीत बक्सर (17 प्रतिशत), जमुई (25 प्रतिशत), अररिया (29 प्रतिशत), सीतामढ़ी (30 प्रतिशत) और पश्चिम चंपारण (33 प्रतिशत) में गति काफी धीमी पाई गई।

इस क्षेत्रीय विषमता को दूर करने के लिए राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण प्रशासनिक नवाचार किया। मुख्य सचिव के निर्देश पर प्रत्येक प्रखंड और वार्ड स्तर पर निगरानी के लिए उप-समाहर्ता स्तर के अधिकारियों को समर्पित नोडल अधिकारी तैनात किया गया, जिसने प्रशासनिक सुस्ती दूर कर सेवाओं की सीधी डिलीवरी सुनिश्चित की। इसके साथ ही, एनसीसी कैडेटों और माई भारत के स्वयंसेवकों को घर-घर जागरूकता फैलाने में जोड़ा गया। निक्षय पोषण योजना और निक्षय मित्रों द्वारा बांटी गई पोषण टोकरियों ने इसे एक वास्तविक जन-आंदोलन का रूप दिया है।

स्वास्थ्य सेवाओं में आधुनिक तकनीक के प्रयोग ने पहचान की गति को कई गुना बढ़ाया है। विशेषज्ञ रेडियोलॉजिस्टों की कमी से निपटने के लिए चेस्ट एक्स-रे विश्लेषण हेतु डीपसीएक्सआर और खांसी की आवाज से टीबी पैटर्न पहचानने के लिए एकोस्टिक एआई जैसे एआई उपकरणों का प्रयोग किया जा रहा है। दवा-प्रतिरोधी टीबी के लिए बीपालएम जैसी 6 महीने की छोटी और सुरक्षित मौखिक दवा व्यवस्था लागू की गई है।

निजी स्वास्थ्य क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने के लिए पेशेंट प्रोवाइडर सपोर्ट एजेंसी मॉडल को 15 से अधिक जिलों में विस्तारित किया गया है, जिससे निजी डॉक्टरों और फार्मासिस्टों द्वारा निक्षय पोर्टल पर मरीजों का पंजीकरण तेजी से बढ़ा है।

नीतिगत दृष्टिकोण से देखा जाये तो स्क्रीनिंग के दौरान मामलों का बढ़ना महामारी के फैलने का नहीं, बल्कि स्वास्थ्य तंत्र की मजबूती का संकेत है कि वह संक्रमण के स्रोतों को सफलता से खोज रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों की जवाबदेही ने यह भी साबित किया है कि जन स्वास्थ्य की सफलता केवल डॉक्टरों पर नहीं, बल्कि चुस्त नागरिक प्रशासन पर निर्भर करती है।

बिहार का यह मॉडल दिखाता है कि सही रणनीति और प्रशासनिक इच्छाशक्ति से एक पारंपरिक रूप से पिछड़ा स्वास्थ्य ढांचा भी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को पूरा करने में अग्रणी भूमिका निभा सकता है। यदि बिहार सरकार प्रशासनिक तत्परता, सामुदायिक भागीदारी और बजटीय समर्थन को बनाये रखती है, तो राज्य न केवल देश के 2025 टीबी उन्मूलन लक्ष्यों को पूरा करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा, बल्कि विकासशील क्षेत्रों के लिए जनस्वास्थ्य प्रबंधन का एक अनुकरणीय मडल भी स्थापित करेगा।

इस दीपावली, शेमारू टीवी मना रहा है उन कहानियों, परंपराओं और भावनाओं का जश्न, जो हर त्यौहार को बनाती हैं खास

मुंबई / पटना (दैनिक नवसंदेश) । देवों के देव महादेव' में देवी लक्ष्मी का किरदार निभा चुकीं अभिनेत्री रागिनी चौबे धनतेरस पर भगवान धन्वंतरि की कथा से लेकर श्रीराम की अयोध्या वापसी तक, त्यौहारों से जुड़ी कुछ अनसुनी और रोचक कहानियाँ सुनाएँगी।

दीपावली का त्यौहार आते ही घर रोशनी से जगमगा उठते हैं, पकवानों की खुशबू फैल जाती है और परिवार के सभी लोग मिलकर खुशियाँ मनाते हैं। लेकिन, क्या हमने कभी सोचा है कि इन त्यौहारों को मनाने के पीछे क्या कहानियाँ हैं भगवान धन्वंतरि कौन थे और धनतेरस पर उनकी पूजा क्यों की जाती है श्रीराम के अयोध्या लौटने पर लोगों ने हजारों दीपक क्यों जलाए थे भाई दूज का त्यौहार क्यों मनाया जाता है और इसके पीछे कौन-सी कहानी है

इस दीपावली, शेमारू टीवी लेकर आ रहा है 'शेमारू दीपोत्सव- हर उत्सव की कहानी'। यह चार खास कड़ियों की एक सीरीज है, जिसमें त्यौहारों से जुड़ी ऐसी कहानियाँ बताई जाएँगी, जिनके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। इस सीरीज के जरिए दर्शक भारत के अलग-अलग त्यौहारों, रीति-रिवाजों और उन्हें मनाने के पीछे की वजहों को जान सकेंगे। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी पुरानी परंपराओं से जोड़ना और परिवार के लोगों को साथ बैठकर इन कहानियों पर बात करने का मौका देना है।



इस सीरीज की अलग-अलग कड़ियों में धनतेरस पर भगवान धन्वंतरि की कहानी और यम दीपदान का महत्व बताया जाएगा। वहीं, दीपावली पर श्रीराम की अयोध्या वापसी और लक्ष्मी-गणेश की पूजा के बारे में बताया जाएगा। गोवर्धन पूजा की कहानी के जरिए भगवान श्रीकृष्ण का यह संदेश दिखाया जाएगा कि आस्था के आगे अहंकार की कोई जगह नहीं है। इसके अलावा, भाई दूज पर यमराज और उनकी बहन यमुना से जुड़ी कहानी भी सुनाई जाएगी।

इस खास सीरीज को अभिनेत्री रागिनी चौबे प्रस्तुत करेंगी, जिन्हें लोकप्रिय पौराणिक धारावाहिक 'देवों के देव महादेव' में देवी लक्ष्मी की भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है। वे हर त्यौहार से जुड़ी कहानी और उसका महत्व बताएँगी। साथ ही, इन कहानियों से मिलने वाली सीख भी साझा करेंगी, जो आज के समय में परिवारों के लिए भी उतनी ही जरूरी है।

इस सीरीज से जुड़ने पर खुशी जाहिर करते हुए, रागिनी चौबे ने कहा, देवी लक्ष्मी का किरदार निभाने के बाद से ही इन कहानियों से मेरा खास जुड़ाव रहा है। 'शेमारू दीपोत्सव' के जरिए मेरी कोशिश है कि परिवार के लोग फिर से साथ बैठकर कहानियाँ सुनने और सुनाने की पुरानी परंपरा का आनंद लें। इससे बच्चों के मन में सवाल उठेंगे और माता-पिता व दादा-दादी को भी उन कहानियों को सुनाने का मौका मिलेगा, जो उन्होंने कई सालों से किसी को नहीं सुनाई हैं। इन कहानियों को जानने से हम अपनी परंपराओं और संस्कारों से जुड़े रहते हैं। ये हमें प्यार, आस्था, दूसरों के प्रति आभार और परिवार की अहमियत भी समझाती हैं। आने वाली पीढ़ी को हम सिर्फ अपनी परंपराएँ ही नहीं, बल्कि उनसे जुड़ी अच्छी सीख और भावनाएँ भी दे सकते हैं।

देखना न भूलें 'शेमारू दीपोत्सव- हर उत्सव की कहानी', 6, 8, 10 और 11 नवंबर, 2026 को रात 9 बजे, सिर्फ शेमारू टीवी पर। इस सीरीज की चारों कड़ियाँ शेमारू के यूट्यूब चैनल पर भी उपलब्ध होंगी।

जाकिर खान, पंकज त्रिपाठी और विकास दिव्यकीर्ति 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 5' में देंगे जिंदगी की सीख

पटना (दैनिक नवसंदेश) । पंकज त्रिपाठी, विकास दिव्यकीर्ति के साथ स्कूल की यादें ताजा करेंगे, तो सुनील ग्रोवर सरल बिहारी वाजपेयी के रूप में नजर आएंगे। नेटफ्लिक्स के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के पांचवें सीजन में दर्शकों को हंसी, प्रेरणा और कई मजेदार सरप्राइज देखने को मिलेंगे। जब कुछ प्रेरणादायक सफर और बेहतरीन कॉमेडी करने वाले कलाकार एक साथ आते हैं, तो हंसी, मजेदार किस्सों और यादगार पलों की महफिल सज जाती है। इस शनिवार, 7 नवंबर को नेटफ्लिक्स के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के सीजन 5 में जाकिर खान, पंकज त्रिपाठी और विकास दिव्यकीर्ति नजर आएंगे। इस दौरान वे अपनी सफलता की कहानियां, पुरानी यादें और कई मजेदार किस्से साझा करेंगे। दर्शकों को इन तीनों के जीवन के सफर, उनके अनुभवों और एक-दूसरे से जुड़े कुछ अनसुने किस्सों को जानने का मौका मिलेगा, जिन्होंने उनके व्यक्तित्व और जीवन को आकार देने में अहम भूमिका निभाई है। इस एपिसोड के एक खास पल में पंकज त्रिपाठी अपनी पुरानी यादें ताजा करते नजर आएंगे। वह बताएंगे कि एक क्लासरूम में उनकी विकास दिव्यकीर्ति से पहली मुलाकात कैसे हुई थी। साथ ही, वह यह भी बताएंगे कि एक समय पर उनकी यूपीएससी परीक्षा क्रैक करने की इच्छा थी। फिल्मी दुनिया में आने से पहले उनके और क्या सपने थे और विकास सर के साथ उनकी शुरुआती जान-पहचान कैसी थी, इन बातों को भी वह साझा करेंगे। इस बीच, जाकिर खान अपने खास मजाकिया अंदाज में दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। जब उनकी शादी न होने की बात छिड़ेगी, तो वह अपने मजेदार जवाब से सभी को हंसने पर मजबूर कर देंगे। वहीं, विकास दिव्यकीर्ति भी कॉमेडी की दुनिया पर अपने विचार साझा करेंगे। वह एक दिलचस्प बात बताएंगे कि कमेडी करने वाले कलाकारों का आईक्यू (बुद्धिमत्ता स्तर) काफी अच्छा होता है। इस तरह हंसी-मजाक, बुद्धिमत्ता और लोगों को हंसाने की कला पर एक दिलचस्प चर्चा होगी। और कपिल के शो में हंसी-मजाक का तड़का न लगे, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। ऐसे में कृष्णा अभिषेक और कीकू शारदा एक बार फिर अपने मजेदार अंदाज में दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे। वे अपने अनोखे अंदाज से इस एपिसोड को और भी मजेदार बनाएंगे। वहीं, सुनील ग्रोवर 'सरल बिहारी वाजपेयी' के किरदार में सभी को चौंका देंगे।



स्थानीय कलाकारों में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत है उनकी कला को मंच और उचित सम्मान देने की : डा. अस्थाना

पटना (दैनिक नवसंदेश) । केसरिया नगर पंचायत स्थित सम्राट अशोक भवन सभागार में सामाजिक संस्था आदर्श जन सेवा की ओर से कलाकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में केसरिया प्रखंड के 160 कलाकारों को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि फिल्म अभिनेता एवं निर्देशक डा. राजेश अस्थाना, संस्था के अध्यक्ष उद्धव गोस्वामी, सचिव रामकुमार गिरी, मुखिया ज्योति सिंह, अशोक गुप्ता, सौरभ वर्मा, पप्पू गुप्ता, मो शाहनवाज एवं विनोद तिवारी सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद रिद्धि, सिद्धि और निधि ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया।



मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध अभिनेता निर्देशक डा. राजेश अस्थाना ने कहा कि कला समाज की सांस्कृतिक पहचान और समृद्ध विरासत की संवाहक है। स्थानीय कलाकारों में प्रतिभा की कमी नहीं है। जरूरत है उनकी कला को मंच और उचित सम्मान देने की, ताकि वे अपनी प्रतिभा से क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि युवराज मीडिया एण्ड एंटरटेनमेंट द्वारा सामाजिक संस्था आदर्श जन सेवा एवं क्षेत्रीय कलाकारों के साथ मिलाकर ग्रामीण रामलीला के नाम से फिल्म बनाई जाएगी।

संस्था के अध्यक्ष उद्धव गोस्वामी ने कहा कि कलाकारों का सम्मान उनकी प्रतिभा के प्रति समाज की तज्ञता है

दीपावली पर जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल ने पेश की सेवा और संवेदना की अनूठी पहल

'संकल्प : खुशियां बांटने का' अभियान के तहत अनाथालय के बच्चों एवं रिक्शा चालकों के बीच वितरित की गई खाद्य सामग्री

मोतिहारी(एनएसबी)। दीपावली का वास्तविक अर्थ केवल दीपों की सजावट और उत्सव की खुशियों तक सीमित नहीं है, बल्कि किसी जरूरतमंद के जीवन में आशा का दीप जलाना ही इस पर्व की सच्ची सार्थकता है। इसी विचार को आत्मसात करते हुए जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल, मोतिहारी ने 'संकल्परू खुशियां बांटने का'नाम से एक विशेष सामाजिक सेवा अभियान आयोजित कर मानवता, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व का अनुकरणीय संदेश दिया। प्राचार्य रोहित पंडा ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साह, संवेदनशीलता और सेवा भावना के साथ महिमा फाउंडेशन द्वारा संचालित अनाथालय तथा स्थानीय रिक्शा चालकों के बीच आवश्यक खाद्य सामग्री के पैकेट वितरित किए। इन पैकेटों में चावल, आटा, दाल, चीनी, नमक एवं खाना पकाने का तेल जैसी दैनिक जीवन की जरूरी वस्तुएं शामिल थीं। इस पहल के माध्यम से विद्यालय परिवार ने समाज के जरूरतमंद वर्गो के साथ दीपावली की खुशियां साझा करने का सार्थक प्रयास किया। वही चेयरमैन अमित कुमार ने कहा की विद्यार्थियों ने केवल खाद्य सामग्री का वितरण ही नहीं किया, बल्कि अपने व्यवहार और सहभागिता से यह भी प्रदर्शित किया कि समाज के प्रति संवेदनशीलता और दूसरों की सहायता करने का भाव ही एक अच्छे नागरिक की वास्तविक पहचान है। इस अभियान ने विद्यार्थियों को सेवा, सहानुभूति, समानता और मानवीय मूल्यों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया।निदेशक प्रीति गुप्ता ने जानकारी देते हुए कहा की विद्यालय की यह पहल इस बात को रेखांकित करती है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उपलब्धियां हासिल करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में मानवीय संवेदनाओं, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों का विकास करना भी है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों को समाज की वास्तविक परिस्थितियों से परिचित कराते हैं और उन्हें एक संवेदनशील एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं।



रिक्सा चालक के बीच खाद्यसामग्री वितरित।

संक्षिप्त खबरें

समीक्षा बैठक

मोतिहारी (एनएसबी)। नगर क्षेत्र में बिछाई जा रही गैस पाइपलाइन की सुरक्षा को लेकर बुधवार को समाहरणालय स्थित ड़ राधाष्णन सभागार में समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के निर्देश पर नगर आयुक्त आशीष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भारत पेट्रोलियम करपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी शामिल हुए।बैठक में नगर आयुक्त ने बीपीसीएल के अधिकारियों से पाइपलाइन बिछाने के कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि कार्य शुरू करने से पहले संबंधित विभागों से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) प्राप्त किया जाए। साथ ही सभी विभागों के पदनाम और मोबाइल नंबर के साथ व्हाट्सएप ग्रुप बनाने तथा कार्यस्थल की जानकारी, विवरण और तस्वीरें साझा करने को कहा। बीपीसीएल के अधिकारियों ने बताया कि गैस पाइपलाइन जमीन से 12 मीटर नीचे निर्धारित प्रोटोकल के अनुसार बिछाई जा रही है। इसकी पहचान के लिए पिलर लगाए जा रहे हैं। इन पर टोल फ्री नंबर 1800224344 और आपातकालीन नंबर 7294899224 अंकित हैंस नगर आयुक्त ने मोहल्लों में काम शुरू करने से पहले स्थानीय लोगों और संबंधित विभागों को सूचना देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नाली या अन्य निर्माण कार्य से पहले गैस पाइपलाइन की स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त करें। किसी भी शिकायत पर त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। बैठक में एसडीओ, एसडीपीओ, पथ निर्माण, बुडको, पीएचईडी, विद्युत, अगिशमन और दूरसंचार विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

पकड़ीदयाल ने कोटवा को हराया, हरसिद्धि ने कल्याणपुर को दी शिकस्त

कल्याणपुर(एनएसबी)। सिसवा पटना में आयोजित आदर्श चौंपियन क्रिकेट टूफी का उद्घाटन मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। पहले मैच में कोटवा और पकड़ीदयाल की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। टस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पकड़ीदयाल की टीम ने छह विकेट के नुकसान पर 143 रन बनाए। जवाब में कोटवा की टीम ने भी निर्धारित ओवरों में 143 रन बनाकर मुकाबले को बराबरी पर ला दिया।इसके बाद खेले गए पहले सुपर ओवर में दोनों टीमें एक-एक विकेट के नुकसान पर 20-20 रन बनाकर फिर बराबरी पर रहीं। दूसरे सुपर ओवर में पकड़ीदयाल ने 18 रन बनाए, जबकि कोटवा की टीम 15 रन ही बना सकी। इस तरह पकड़ीदयाल ने रोमांचक मुकाबले में जीत दर्ज की। वहीं, दूसरे मैच में हरसिद्धि और कल्याणपुर की टीमें आमने-सामने हुईं। कल्याणपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 132 रन बनाए। जवाब में हरसिद्धि की टीम ने नौ विकेट के नुकसान पर 134 रन बनाकर एक विकेट से मुकाबला जीत लिया।आयोजकों के अनुसार, अगले दिन साहेबगंज और मधुबन तथा मोतिहारी और पारू के बीच मुकाबला खेला जाएगा। मौके पर मुख्तार प्रसाद गुप्ता, हिमांशु सिंह, मुखिया प्रत्याशी हर्ष रंजन, अनिल सिंह, अभिषेक सिंह, मुकुल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

लोक शिकायत में परिवाद का निष्पादन क्षतिग्रस्त नाला स्लैब की कराई गई मरम्मत

एडीएम शैलेन्द्र भारती ने कहा- त्वरित कार्रवाई से परिवादी को मिली राहत

मोतिहारी (एनएसबी)। रक्सौल नगर परिषद क्षेत्र के सभ्यता नगर, कोईरिया टोला में जलजमाव एवं आवागमन की समस्या का समाधान लोक शिकायत निवारण के माध्यम से कर दिया गया है। इस संबंध में परिवादी रंजन कुमार द्वारा दायर परिवाद पर कार्रवाई करते हुए नगर परिषद प्रशासन ने क्षतिग्रस्त नाला स्लैब की मरम्मत करा दी है। एडीएम (लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी) शैलेन्द्र कुमार भारती ने बताया कि रक्सौल के वार्ड संख्या-24 स्थित सभ्यता नगर, गली संख्या-04, कोईरिया टोला निवासी रंजन कुमार ने जलजमाव एवं आवागमन में हो रही परेशानी को लेकर परिवाद दायर किया था। मामले में नगर परिषद, रक्सौल के कार्यपालक पदाधिकारी को लोक प्राधिकार नामित कर नोटिस जारी किया गया।उन्होंने बताया कि परिवाद पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर परिषद प्रशासन ने क्षतिग्रस्त नाला स्लैब की मरम्मत करा दी। लोक प्राधिकार सह कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, रक्सौल ने पत्रांक-661, दिनांक 27 अक्टूबर 2026 के माध्यम से इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत की।एडीएम ने बताया कि मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद परिवादी की शिकायत का निवारण हो गया है। लोक शिकायत निवारण प्रणाली के माध्यम से आम लोगों की समस्याओं का समाधान कराने की दिशा में प्रशासन लगातार प्रयासरत है।



ईस्ट चंपारण लायंस क्लब ने धूमधाम से मनाया दीपोत्सव

मोतिहारी(एनएसबी)। ईस्ट चंपारण लायंस क्लब की ओर से दीपावली के शुभ अवसर पर शहर के एक स्थानीय होटल में भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में लायंस और लियो क्लब के सदस्यों एवं उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी सदस्यों एवं उनके परिवार के लोगों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई।दीपोत्सव के दौरान बच्चों एवं सदस्यों के मनोरंजन के लिए गेम प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर लेडीज प्रतियोगिता, म्यूजिकल चिल्ड्रेन चेयर तथा बलीवुड िज का आयोजन किया गया। सभी ने प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण लायंस क्लब के कपल्स का रैंप वक रहा। इसमें सभी कपल्स ने अपनी शानदार प्रस्तुति से उपस्थित लोगों का मन मोह लियास इस अवसर पर सभी सदस्यों एवं उनके परिवारों ने लजीज व्यंजनों का स्वाद चखा। दीपोत्सव के आयोजन में स्थानीय होटल के प्रोपराइटर लायन उमेश कुमार सिंह ने अपने होटल में बढ़-चढ़कर सहयोग करते हुए शानदार व्यवस्था की। वहीं क्लब अध्यक्ष इंजीनियर सुधांशु सिन्हा सचिव रिजू श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष रामप्रकाश सिन्हा ने कार्यक्रम के चेयरपर्सन शुभम गुप्ता एवं लियो क्लब के सदस्यों को कार्यक्रम के लिए आयोजन समिति बनाई थी,जो अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाते हुए आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। अंत में आतिशबाजी के साथ दीपोत्सव समारोह का हर्षोल्लासपूर्ण समापन हुआ।लायन विजय अग्रवाल,अमित कुमार सेन,मनोज जायसवाल,ड परवेज अजीज,ड सुरेश चन्द्रा,सतीश गुप्ता,जितेन्द्र ज्वेलर्स,सुजीत कुमार सिंह,अशोक जायसवाल, सुधांशु रंजन, किशोर पांडे,उमेश कुमार सिंह,सुधीर गुप्ता,किंग कुमार,मनीष झा, शुभम गुप्ता,संजीव कुमार,आदित्य सिंह,सोनल सारस्वती,पवन पुनीत चौधरी, अजय आजाद, आरके सिंह,संजीव कुमार,ड़आमिर नेहाल,अनिल मस्करा,अनिल कुमार वर्मा एवं अर्जुन सरदार, आदित्य जायसवाल,रोहन श्रीवास्तव, अभिजीत कुमार, पुष्पम सिंह,शुभम सर्राफ,आदित्य रंजन,राजकिशन और अन्य लायंस सदस्य उपस्थित थे। उक्त सारी जानकारी मीडिया प्रभारी सुधीर कुमार गुप्ता ने दी।

बिना ड्रग लाइसेंस चल रही दवा दुकान पर छापेमारी, 43 प्रकार की दवाइयां जब्त

मोतिहारी(एनएसबी)। सहयोग पोर्टल पर मिली शिकायत के आधार पर ड्रग्स कंट्रोल प्रशासन ने बिना वैध औषधि लाइसेंस के संचालित एक दवा दुकान पर छापेमारी की। इस दौरान दुकान से 43 प्रकार की विभिन्न दवाइयां बरामद की गईं, जिन्हें अधिकारियों ने नियमानुसार जब्त कर लियास छापेमारी अभियान का नेतृत्व औषधि निरीक्षक राकेश कुमार ने किया। टीम में नारायण चौधरी, विवेक कुमार, सागर सोनी एवं विनिता कुमारी शामिल थे। जांच के दौरान दुकान का संचालन बिना वैध ड्रग लाइसेंस के किए जाने की पुष्टि हुईस दुकान संचालक की पहचान मनीष कुमार, पिता विनोद यादव, निवासी रामदेव चौक, वार्ड संख्या-11, सिद्धापुर, भरवलिया पोखरिया, थाना पलनवा, प्रखंड रामगढ़वा, पूर्वी चंपारण के रूप में हुई है।अधिकारियों ने मौके से 43 प्रकार की दवाइयां जब्त कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। दुकान संचालक के विरुद्ध औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।ड्रग्स कंट्रोल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध लाइसेंस के दवाओं का कारोबार करना कानूनन अपराध है। आम लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अवैध रूप से दवा कारोबार करने वालों के विरुद्ध आगे भी अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।



छापेमारी करते औषधि निरीक्षकों की टीम।

कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से ठप पड़े अंचल कार्यालय के कामकाज

संग्रामपुर(एनएसबी)। संग्रामपुर अंचल कार्यालय में कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण आम लोगों के साथ-साथ किसानों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। अपनी 17 सूत्री मांगों को लेकर कर्मचारी बीते 10 अक्टूबर से हड़ताल पर हैं। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में वेतन वृद्धि, गृह जिला में स्थानांतरण सहित अन्य मांगें शामिल हैं। लेकिन इस हड़ताल का सीधा खामियाजा क्षेत्र के किसानों और आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से अंचल कार्यालय से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य बाधित हो गए हैं। दाखिल-खारिज, जमीन का परिमार्जन, लगान एवं मालगुजारी की रसीद कटाने सहित राजस्व से संबंधित अनेक कार्यो का निष्पादन प्रभावित हो रहा है। किसान अपनी जमीन से जुड़े जरूरी कागजात और कार्यो के लिए अंचल कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। किसान यतीन्द्र कुमार कश्यप,परमानंद पाण्डेय, मिचु सिंह,ओम प्रकाश पाण्डेय, रमेश सिंह, विनोद सिंह, यतीन्द्र पाण्डेय,झुनूलाल द्विवेदी, अजय द्विवेदी, बासुदेव महतो, नंदलाल रय सहित कई किसानों का कहना है कि जमीन से जुड़े कार्य समय पर नहीं होने से उन्हें कई तरह की प्रशासनिक और व्यावहारिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी योजनाओं का लाभ लेने, जमीन के दस्तावेज दुरुस्त कराने तथा अन्य जरूरी कार्यो के लिए राजस्व संबंधी कागजात की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में कार्यालय का कामकाज बाधित रहने से उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। एक तरफ कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं, वहीं दूसरी तरफ आम जनता सरकारी कार्यालयों में कामकाज ठप रहने से परेशान है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर किसानों और आम नागरिकों को इस परेशानी से कब तक जूझना पड़ेगा इस संबंध में अंचलाधिकारी सुमित कुमार राज ने बताया कि जब तक कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त नहीं होती है और वह अपने कार्य पर वापस नहीं आते हैं तब तक इन समस्याओं का समाधान संभव नहीं है।

डीएम ने अरेराज अनुमंडल कार्यालय और अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

अरेराज(एनएसबी)। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव द्वारा आज अरेराज अनुमंडल अरेराज और अंचल कार्यालय अरेराज का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यालयों के कामकाज की विस्तृत समीक्षा की, जनता से जुड़ी समस्याओं के त्वरित निपटारे के निर्देश दिए और क्षेत्र में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं का जायजा लिया।
जिलाधिकारी द्वारा अनुमंडल कार्यालय के सभी कक्षों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने जनता दरबार में प्राप्त हो रहे विभिन्न वादों के निष्पादन (निपटारे) की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। साथ ही न्यायालय कार्यो की समीक्षा के क्रम में कानून-व्यवस्था और भूमि विवादों से जुड़े मामलों में धारा 163 के तहत की गई कार्रवाई और उनके निष्पादन की स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की गई।
अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी ने नाव चालकों (नाव चाली) के भुगतान से संबंधित काफी समय से लंबित समस्या का संज्ञान लिया और मौके पर ही इसके त्वरित निष्पादन का निर्धारण कराया।
पर्यटन एवं विकास योजनाओं का जायजा पर्यटन विभाग द्वारा अरेराज मंदिर परिसर के पास बनाए जा रहे गेस्ट हाउस के निर्माण कार्य का डीएम ने भौतिक निरीक्षण किया और कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिएस केड़िया धर्मशाला के समीप निर्माणाधीन फुट ओवर ब्रिज तथा बनने वाले नए गेस्ट हाउस के स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान वहां आ रही बिजली की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला अधिकारी ने तुरंत इसका निदान कराया।
अरेराज क्षेत्र में हाल ही में अतिक्रमण मुक्त कराई गई सरकारी जमीनों की समीक्षा की इस दौरान उन्होंने कहा कि उक्त खाली कराई गई जमीनों को नियमानुसार पात्र लोगों के बीच जल्द से जल्द बंदोबस्त करने हेतु अंचलाधिकारी को निर्देशित किया गया।निरीक्षण के दौरान सुजीत कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अरेराज, पंकज मिश्रा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरेराज, पवन कुमार झा, अनुमंडल राजस्व पदाधिकारी, अरेराज, आदित्य नारायण दीक्षित, प्रखंड विकास पदाधिकारी अरेराज, विनोद पांडेय, अंचलाधिकारी अरेराज, निखिल कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत अरेराज एवं पीयूष कुमार स्वक्षता पदाधिकारी नगर पंचायत अरेराज उपस्थित थे।



निरीक्षण करते डीएम व अन्य।

संक्षिप्त खबरें

शिक्षा समिति की बैठक में डीईओ पर उठे सवाल, 50 स्कूलों में मध्याहन भोजन बंद

1655 विद्यालयों को मिली एक-एक लाख की राशि का हिसाब नहीं, असैनिक कार्यो की उच्चस्तरीय जांच कराने की चेतावनी

जिला परिषद की शिक्षा समिति की हुई बैठक

मोतिहारी(एनएसबी)। जिला परिषद की शिक्षा समिति की बैठक गुरुवार को जिला परिषदीय महात्मा गांधी सभा भवन में अध्यक्ष ईश्वर चन्द्र मिश्र की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा के दौरान प्रस्तावों के अनुपालन में लापरवाही और योजनाओं की प्रगति का ब्योरा उपलब्ध नहीं कराने पर नाराजगी जताई गई।अध्यक्ष ईश्वर चन्द्र मिश्र ने कहा कि शिक्षा समिति की बैठकों में पारित प्रस्तावों का अनुपालन काफी असंतोषजनक है। जिला शिक्षा पदाधिकारी बैठकों को गंभीरता से नहीं लेते हैं। प्रस्तावों पर कार्रवाई किए बिना भ्रामक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर समिति को दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है, जो चिंताजनक है। सहयोजित सदस्य ई शशि भूषण राय उर्फ गप्पू राय ने कहा कि पिछली कई बैठकों में महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित हुए, लेकिन उनका अनुपालन नहीं किया गया। न ही प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया।



समीक्षा के दौरान मध्या भोजन कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि जिले के करीब 50 विद्यालयों में मध्या भोजन संचालित नहीं हो रहा है। एसएफकसी द्वारा समय पर चावल उपलब्ध नहीं कराने से भी योजना प्रभावित हो रही है।श्री राय ने वर्ष 2023-24 की योजनाओं की सूची, प्राक्कलन तथा वित्तीय एवं भौतिक प्रगति का ब्योरा मांगा। साथ ही विद्यालयों में आधारभूत संरचना के कार्यो और आम चुनाव के दौरान 1655 विद्यालयों को दी गई एक-एक लाख रुपये की राशि का हिसाब नहीं मिलने पर आपत्ति जताई। उन्होंने इन मामलों की उच्चस्तरीय जांच के लिए शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को सूचित करने की चेतावनी दी।उन्होंने विद्यालयों में रंग-रोगन एवं अन्य कार्यो के लिए उपलब्ध राशि से मानक के अनुरूप सामग्री की खरीद जीएसटी युक्त विपत्र पर करने का निर्देश दिया। वहीं, नए सत्र में ज्ञानदीप पोर्टल के माध्यम से गरीब बच्चों के नामांकन के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कराने पर जोर दिया।बैठक में सुमन वर्मा, मो नशीम अख्तर, मनोज कुमार सहनी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित थे।

जयसिंहपुर के महनवा बाजार में खुला रिद्धि सिद्धि इंटरप्राइजेज स्कूटी शोरूम

तुरकौलिया(एनएसबी)। तुरकौलिया-महनवा मुख्य सड़क पर महनवा बाजार के समीप रिद्धि सिद्धि इंटरप्राइजेज नामक स्कूटी शोरूम का शुभारंभ हुआ है। शोरूम का उद्घाटन प्रोपराइटर विकास गुप्ता की सुपुत्री रिद्धि ने फीता काटकर किया। इस नए प्रतिष्ठान के खुलने से क्षेत्र के लोगों को स्कूटी खरीदने के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। प्रोपराइटर विकास गुप्ता ने बताया कि रिद्धि सिद्धि इंटरप्राइजेज में ई-गरुड़ा कंपनी की स्कूटी की बिक्री की जाएगी। यहां ग्राहकों को थोक एवं खुदरा दर पर स्कूटी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि महनवा बाजार में खोला गया यह उनका तीसरा स्कूटी शोरूम है। इससे पहले बोरिंग चौक के समीप निमोईया मोड़ और सेमरा बाजार में भी शोरूम की शुरुआत की जा चुकी है। अब महनवा बाजार में तीसरे प्रतिष्ठान के शुभारंभ से आसपास के गांवों के लोगों को भी स्कूटी खरीदने में सहूलियत होगी। उन्होंने बताया कि ई-गरुड़ा कंपनी की स्कूटी बेहतर माइलेज और उपयोगिता के लिहाज से ग्राहकों के लिए अच्छा विकल्प है। उद्घाटन के मौके पर अरुण यादव, संटू सिंह, प्रिंस कुमार, मनोज यादव, ष्णा प्रसाद, यादोलाल साह, हरेंद्र पटेल, एसएसबी के अविनाश कुमार, विजय यादव, हरेंद्र साह सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

छठ घाटों की तैयारी का डीएम-एसपी ने लिया जायजा, खतरनाक स्थानों पर होगी बैरिकेडिंग

मोतिहारी (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर जिला प्रशासन ने घाटों की तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव और पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने नगर आयुक्त आशीष कुमार, सहायक समाहर्ता राजष्ण झा तथा सदर एसडीओ अरुण कुमार के साथ नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने पानी टंकी वार्ड संख्या 39 और रोईन क्लब वार्ड संख्या 14 स्थित छठ घाटों पर चल रहे तैयारी कार्यो का जायजा लिया। डीएम और एसपी ने घाटों की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और छठ वतियों की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।अधिकारियों ने मोतीझील सहित शहर के सभी प्रमुख छठ घाटों की शीघ्र सफाई कराने, कचरा हटाने और घाटों का रंग-रोगन कराने को कहा। पानी की गहराई को देखते हुए खतरनाक स्थानों को चिति कर वहां मजबूत बैरिकेडिंग कराने तथा लाल झंडे लगाने का निर्देश दिया गया, ताकि श्रद्धालु अनजाने में गहरे पानी में नहीं जा सकें।प्रशासन ने घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और वतियों के लिए आवागमन सुगम बनाने पर विशेष जोर दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि छठ के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जिला प्रशासन और नगर निगम की ओर से शहर के सभी छोटे-बड़े घाटों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाने का काम तेजी से कराया जा रहा है।



निरीक्षण करते अकिारी।

एसडीओ ने पहाड़पुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

अरेराज(एनएसबी। अनुमंडल पदाधिकारी, अरेराज सुजीत कुमार के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पहाड़पुर का औचक निरीक्षण किया गयास निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से अस्पताल परिसर एवं कमरा के सभी हिस्से में साफ-सफाई की संपूर्ण व्यवस्था नहीं पाई गई, अर्थात साफ-सफाई का घोर अभाव पाया गया, जिससे मरीजों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ने की प्रबल संभावना हो सकती हैस अस्पताल की स्थिति सुधारने और कायाकल्प योजना के तहत किए जाने वाले अनिवार्य कार्य पूरी तरह ठप दिखा। अर्थात भवन के जीर्णोद्धार (रिफर्बिशमेंट) और रंग-रोगन (पेंटिंग) का कार्य नहीं कराया जा रहा था, जिससे भवन की स्थिति जर्जर और उपेक्षित नजर आई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़पुर में एक और गंभीर मामला सामने आया है, जहां भवन के प्रथम तल और द्वितीय तलकी छत टूटी हुई पाई गई। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के वार्डो में उचित व्यवस्था न होने के कारण मरीज बरामदे में ही बेड पर सोने को मजबूर पाए गए। अस्पताल परिसर में कहीं भी मरीजों के ठहरने और इलाज की प्रपर व्यवस्था नहीं दिखी। दवा काउंटर पर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता काफी कम पाई गई।

दार्जिलिंग पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता हुई आयोजित



सोनवर्षाराज (एनएसबी)। दीपावली पर्व के अवसर पर मैना स्थित दार्जिलिंग पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चों ने रंग-बिरंगे रंगों से आकर्षक और मनमोहक रंगोलियां बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उनकी कलाकृतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। स अवसर पर विद्यालय के निदेशक ई. अजीत अनुज ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का प्रतीक पर्व है। इसे प्रकाशोत्सव भी कहा जाता है। उन्होंने बच्चों से अपील की कि दीपावली के पावन अवसर पर जरूरतमंद लोगों की हरसंभव मदद करें और उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास करें।

प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ रंगोली बनाने वाले प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से पुरस्कृत किया गया। वहीं, सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर विद्यालय की प्राचार्या सोनी कुमारी सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

बकाया वेतन का भुगतान शीघ्र कराने की मांग को लेकर सफाईकर्मियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



डीएम को ज्ञापन सौपते सफाईकर्मी।

सहरसा शहर (एनएसबी)। जिले के सलखुआ प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत सफाईकर्मियों एवं सुपरवाइजर को करीब दस माह का वेतन नहीं मिलने से सफाई कर्मचारी आक्रोशित होकर गुरुवार को प्रभारी जिलाधिकारी को सौपा।

इस संबंध में इंटेलिजिक सॉल्यूशन कंपनी के माध्यम से सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत राकेश कुमार ने कर्मियों के साथ जिलाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवेदन देकर पर्व के मद्देनजर बकाया वेतन का भुगतान शीघ्र कराने की मांग की है। जिला शिक्षा पदाधिकारी के नाम दिये आवेदन में राकेश कुमार ने बताया है कि उन्हें सलखुआ प्रखंड के विद्यालयों में सफाईकर्मियों के कार्यों की देखरेख के लिए सुपरवाइजर के पद पर नियुक्त किया गया था। लेकिन जून 2025 से मार्च 2026 तक कंपनी द्वारा किसी भी विद्यालय के सफाईकर्मियों एवं सुपरवाइजर के वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। इसके कारण संबंधित कर्मियों के समक्ष भूखे मरने की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। उन्होंने बताया कि वह स्थानीय निवासी हैं. ऐसे में सफाईकर्मी लगातार उनसे अपने बकाया वेतन की मांग करते हैं। वेतन भुगतान नहीं होने के कारण कुछ कर्मियों द्वारा उनके साथ अमर्यादित व्यवहार किया जा रहा है। जबकि कुछ लोगों पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कंपनी से संपर्क करने पर बार-बार यह बताया जाता है कि शिक्षा विभाग की ओर से अभी तक वेतन मद की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। इस कारण कंपनी कर्मियों का वेतन भुगतान नहीं कर पा रही है. राकेश कुमार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से पूरे मामले की अपने स्तर से जांच कराने एवं संबंधित सफाईकर्मियों एवं सुपरवाइजर के बकाया वेतन का भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की. आवेदन की प्रतिलिपि प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सलखुआ को भी भेजी गयी है। इस मौके पर राधे पंडित, वीणा देवी, उषा देवी, ममता देवी, सुनीता देवी, रानी देवी, रंजीत मलिक, सुविता देवी, जमीदा खातून, सुलेखा देवी, संजीत ठाकुर, करण मल्लिक, पंकज राम, भुपेन्द्र यादव, सूरज कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

स्लम एरिया के बच्चों के बीच रौशन माधव ने मनाया दिवाली



बच्चों के बीच रौशन माधव।

सहरसा शहर (एनएसबी)। हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी युवा समाजसेवी रौशन माधव ने स्लम एरिया के परिवार व बच्चों के बीच दीप व मिठाई वितरण कर दिवाली मनाई। उन्होंने कहा की प्रकाश का पर्व दीपावली पर आइये वहाँ दीप जलाएं जहाँ सदियों से अंधेरा है। उन्होंने बच्चों के बीच मोमबत्ती, फूलझरी, मिठाई, बिस्कुट, चॉकलेट वितरण की और कहा की सेवा के माध्यम से अंतर आत्मा को यहाँ शांति मिलता है। उसको शब्दों मे बयां नही की जा सकती है। ज्ञात हो की रौशन माधव वर्षो से जरूरत मंदो के बीच सेवा देते आ रहे है। वही रोटी बैंक के माध्यम से दिव्यांगों को भोजन, स्लम बच्चों के बीच शिक्षा सामग्री हो या हर त्योहार उनके साथ मनाना हो, आज कई वर्षो से वो सेवा मे लगे हुए है।

विद्यापति स्मृति पर्व समारोह की तैयारी को लेकर बुद्धिजीवियों की बैठक, मैथिली के विकास के लिए आंदोलन का संकल्प



समारोह में सभी अतिथि।

सहरसा शहर (एनएसबी)। आगामी 19 नवम्बर को विद्यापति धाम लछमिनियाँ में आयोजित होने वाले विद्यापति स्मृति पर्व समारोह की तैयारी को लेकर गुरुवार की देर शाम विद्यापति नगर स्थित प्रो मायानन्द मिश्र परिसर में बुद्धिजीवियों एवं मैथिली भाषा के प्रति समर्पित लोगों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में समारोह की रूपरेखा, आयोजन की तैयारी तथा मैथिली भाषा और मिथिला के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी विद्यापति स्मृति संस्थान, लछमिनियाँ की ओर से विद्यापति स्मृति पर्व समारोह का आयोजन किया जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समारोह के मुख्य वक्ता प्रो.भवानन्द मिश्र ने कहा कि मिथिलांचल और मैथिली भाषा के विकास के संदर्भ में घोषणाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन धरातल पर अपेक्षित परिणाम दिखाई नहीं दे रहे हैं। उन्होंने मैथिल समाज के लोगों से विशेष अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को अधिक से अधिक मैथिली पढ़ने के लिए प्रेरित करें। बैठक में मैथिली और मिथिला से जुड़ी अन्य समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष की दिशा और रणनीति पर भी चर्चा की गई। बैठक में प्रो.अशोक झा, प्रो.कमलानन्द झा, प्रो.गणेश झा, समीर पाठक, प्रो.अक्षय कुमार चैधरी, सतीश चंद्र वर्मा, विभाष राय, अश्विनी कुमार खान एवं मोनू झा उपस्थित थे।

तुलस्यान कम्प्यूटर्स के 20 वें वर्ष पर ग्राहकों के लिए विशेष छूट का ऑफर्स



तुलस्यान कम्प्यूटर्स।

सहरसा शहर (एनएसबी)। शहर के महावीर चैक स्थित तुलस्यान कम्प्यूटर्स के गौरवशाली 20 वर्ष पूर्ण होने पर ग्राहकों के लिए विशेष छूट का ऑफर्स दिया जा रहा है। प्रो निकुन तुलस्यान ने कहा कि साल 2006 से शुरू हुआ हमारा यह सफर आज 20 साल की एक खूबसूरत कहानी बन चुका है। इन 20 वर्षों में आप सभी ग्राहकों का प्यार, विश्वास और सहयोग ही हमारी सबसे बड़ी ताकत रहा है।एक छोटे-से प्रयास से शुरू हुई यह यात्रा आज सहरसा में एक मजबूत पहचान बन चुकी है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां एचपी, डेल, लेनोवो, आसस डेस्कटॉप एवं कंप्यूटर लैपटॉप सभी प्रकार के प्रिंटर एसेसरीज के साथ-साथ प्रिंटर एवं रिपेयरिंग और सर्विसेज हमारे यहाँ उपलब्ध हैं। 20 साल पूरे होने की खुशी में ग्राहकों के लिए खास ऑफर्स के तहत एचपी लैपटॉप एवं प्रिंटर की खरीद पर एक आकर्षक ट्रॉली बैग बिल्कुल मुफ्त दिया जा रहा है।उन्होंने बताया कि कंप्यूटर लैपटॉप एवं प्रिंटर की खरीदारी पर आसान फाइनेंस की शानदार सुविधा भी उपलब्ध है।उन्होंने कहा हमारा हमेशा यही प्रयास रहा है कि आपको सही सलाह, उचित कीमत, बेहतर सेवा और भरोसेमंद समाधान मिले।यह उपलब्धि सिर्फ हमारी नहीं, बल्कि उन सभी ग्राहकों, शुभचिंतकों, मित्रों और परिवारजनों की है, जिन्होंने हर कदम पर हमारा साथ दिया।

बाल भारती में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित



प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यालय के बच्चें।

हायाघाट (एनएसबी)। दीपावली के पावन अवसर पर गुरुवार को बाल भारती पब्लिक स्कूल, अनार सुरहाचट्टी में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा तीन से नौ तक के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। बच्चों ने विभिन्न रंगों और आकर्षक डिजाइनों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता एवं कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगी रंगोलियों से विद्यालय परिसर दीपावली के उल्लास से सराबोर हो उठा। प्रतियोगिता को दो वर्गों में आयोजित किया गया। जूनियर वर्ग में मेहराब की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि परिधि की टीम द्वितीय एवं चिराग की टीम तृतीय स्थान पर रही। वहीं सीनियर वर्ग में प्रतिज्ञा की टीम ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति के दम पर प्रथम स्थान हासिल किया। आतिका की टीम द्वितीय तथा सुमित की टीम तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका रेणु चौधरी, सुभाष चौधरी एवं रानी झा ने निभाई। निर्णायकों ने रंगोलियों की सुंदरता, रंगों के संयोजन, कलात्मकता एवं मौलिकता के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया।

विद्युत ट्रांसफॉर्मर, बिजली के पोल व तारों के आसपास अतिक्रमण न करें, सुरक्षा नियमों का करें पालन : अमित



ई. अमित।

सहरसा शहर (एनएसबी)। विद्युत दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा लोगों से विद्युत संरचनाओं के आसपास अतिक्रमण नहीं करने की अपील की गई है।इस संबंध में विद्युत कार्यपालक अभियंता, सहरसा ई. अमित कुमार ने बताया कि विद्युत ट्रांसफॉर्मर, बिजली के पोल एवं विद्युत तारों के आसपास किसी भी प्रकार का अतिक्रमण करना बेहद खतरनाक है।

इन स्थानों पर खेलना, कूड़ा-कचरा फेंकना, दुकान लगाना अथवा किसी प्रकार का अस्थायी निर्माण करना गंभीर विद्युत दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर सकता है। इससे न केवल संबंधित व्यक्ति, बल्कि आसपास रहने वाले अन्य लोगों की जान-माल को भी खतरा उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने कहा कि विद्युत उपकरणों एवं विद्युत लाइनों के आसपास अनधिकृत गतिविधियां विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को भी प्रभावित करती हैं। ऐसे अतिक्रमण जनसुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं तथा नियमानुसार संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। विद्युत कार्यपालक अभियंता द्वारा आम नागरिकों से अपील की गयी है की विद्युत ट्रांसफॉर्मर, पोल एवं तारों के आसपास सुरक्षित दूरी बनाए रखें, बिजली के उपकरणों के नीचे कूड़ा न डालें तथा किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें। उन्होंने कहा कि विद्युत सुरक्षा केवल विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। थोड़ी-सी सावधानी और जागरूकता बड़ी दुर्घटनाओं को रोक सकती है तथा स्वयं और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है।

कोसी की बाढ़ पर शोध करने वाले सत्यम कुमार का राज्यस्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में चयन



सत्यम कुमार।

सहरसा शहर (एनएसबी)। स्थानीय समस्याओं की वैज्ञानिक पहचान और उनके व्यावहारिक समाधान की दिशा में उल्लेखनीय पहल करते हुए उच्च माध्यमिक विद्यालय नरियार के बाल वैज्ञानिक सत्यम कुमार ने 32वीं राज्यस्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2026 में सफलता हासिल की है। सत्यम कुमार का राज्यस्तरीय चयन विद्यालय और जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ज्ञात हो कि बेगूसराय के उलाव स्थित माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल में 1 से 3 नवंबर तक आयोजित राज्यस्तरीय आयोजन में सत्यम कुमार का चयन बिहार के 50 उत्कृष्ट प्रतिभागियों में हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय सहित सहरसा जिले में हर्ष का माहौल है।

इस वर्ष बाल विज्ञान कांग्रेस की मुख्य थीम ह्यसतत विकास के लिए विज्ञान एवं नवाचारह्य थी। इसमें बिहार के सभी 38 जिलों से आए लगभग 350 बाल वैज्ञानिकों ने अपने शोध प्रोजेक्ट और नवाचारी मॉडल प्रस्तुत किए। विषय विशेषज्ञों एवं निर्णायक मंडल के मूल्यांकन के बाद 50 प्रतिभागियों का चयन किया गया। जिसमें सत्यम कुमार की परियोजना का शीर्षक बाढ़ से भोजन तक कोसी क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित जल की गुणवत्ता का मानचित्रण एवं सामुदायिक जल शुद्धीकरण मॉडल है। यह शोध कोसी क्षेत्र की एक गंभीर स्थानीय समस्या पर केंद्रित है। कोसी क्षेत्र में प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ से खेतों और फसलों के साथ-साथ तालाब, कुएं और चापाकल जैसे ग्रामीण जलस्रोत भी प्रभावित होते हैं। बाढ़ का पानी इन स्रोतों में पहुंचने से गंदलापन, घुले हुए पदार्थों, लौह तत्वों और सूक्ष्मजीवी संदूषण की आशंका बढ़ जाती है। इससे ग्रामीण आबादी के सामने सुरक्षित पेयजल की चुनौती उत्पन्न होती है। परियोजना का एक महत्वपूर्ण पक्ष कम लागत वाला सामुदायिक जल शुद्धीकरण मॉडल विकसित करना है। इस शोध परियोजना में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह मार्गदर्शक शिक्षक कुमार विक्रमादित्य का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा। उनके निर्देशन में स्थानीय समस्याओं को वैज्ञानिक अनुसंधान से जोड़ने और विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने पर बल दिया गया।

ऑपरेशन मुस्कान फेज 12 सहरसा पुलिस की बड़ी सफलता, 251 मोबाइल बरामद

■ 12 चरणों में अब तक कुल 1111 खोए हुए मोबाइल



पुलिस अधीक्षक सम्मानित करते।

सहरसा कार्यालय (एनएसबी)। बिहार पुलिस मुख्यालय पटना के निर्देशानुसार सहरसा पुलिस द्वारा संचालित ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत गुरूवार को कुल 251 मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस केंद्रए सहरसा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक सहरसा द्वारा बरामद मोबाइल उनके वास्तविक धारकों को सौंपे गए।

इस संबंध में पुलिस अधिक्षक ने बताया कि 12 में बरामद मोबाइल 251, उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारी में श्याम बाबू सदर थाना 40 मोबाइल, प्रभाष कुमार सिमरी बख्तियारपुर थाना 34 मोबाइल, रौशन कुमार रजक बसनही थाना 32 मोबाइल, सुमन कुमार सोनवर्षाराज थाना 30 मोबाइल, रितिका कुमारी सौरबाजार थाना के द्वारा 28 मोबाइल बरामद किया गया। उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक सहरसा द्वारा उक्त पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र एवं कैश रिवार्ड देकर सम्मानित किया गया। मोबाइल गुम या चोरी होने पर नजदीकी थाना में सूचना दें तथा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें। ऑपरेशन मुस्कान अभियान फेज 12 के तहत सहरसा पुलिस द्वारा बरामद किए गए 251 खोए हुए मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। मोबाइल वापस मिलने पर लाभार्थियों ने खुशी जाहिर करते हुए सहरसा पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया और अपना अनुभव साझा किया।

जहां कुछ दिन पहले मिला था शराब वहीं पुलिसकर्मी को मारी गोली

दरभंगा (एनएसबी)। जिले के सकतपुर थाना क्षेत्र में गस्ती के दौरान एक सहायक दरोगा को पर में गोली लगने से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए डीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। गोली अज्ञात व्यक्ति ने मारा है जिसकी अभी पहचान नहीं हो पाई है। सहायक दरोगा रणधीर कुमार गस्ती के दौरान एक बगीचे के पास सड़क किनारे खड़े थे इस दौरान उनके पैर में घुटने के नीचे गोली लगी है। गोली मारने वाले की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। एसएसपी जगुनाथ रड्डी जलरड्डी ने बताया कि किन परिस्थिति में उन्हें गोली लगी है उसकी जांच की जा रही है। आखिर बगीचे से गोली चलाने वाला व्यक्ति कौन था उसकी पहचान की जा रही है। सहायक दरोगा पटना जिले के नौबतपुर गांव के रहने वाले हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार कुछ दिन पूर्व जिस जगह पर गोली लगी है वहां पर भारी मात्रा में विदेशी शराब पकड़ा गया था।

डॉ. मुकुंद कुमार सिंह की सेवानिवृत्ति पर विदाई सम्मान समारोह आयोजित



सेवानिवृत के दौरान सभी कॉलेज कर्मी।

सहरसा शहर (एनएसबी)। स्नातकोत्तर केंद्र पश्चिमी परिसर गणित विभाग में कार्यरत रहे, डॉ मुकुंद कुमार सिंह के सेवानिवृत्ति को ले एक समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। मैथिली के वरीय प्राध्यापक डॉ अरुण कुमार सिंह के संचालन एवं राजनीति विज्ञान के प्रेम शंकर सिंह के संयोजकत्व में आयोजित समारोह की अध्यक्षता परिसर प्रभारी डॉ लाला प्रवीण कुमार सिन्हा द्वारा की गई।

समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने, उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण किया तथा कहा कि, छात्रों के समस्याओं के निराकरण के वास्ते जहां हर वक्त वे उपलब्ध रहा करते थे, वहीं परिसर में कार्यरत तमाम कर्मियों के साथ भी उनका दोस्ताना संबंध रहा, वक्ताओं ने कहा कि आज के दौर में ऐसे प्राध्यापक का मिलना बेहद मुश्किल सा हो गया है तथा मौजूदा दौर के शिक्षकों को, उनके कर्तव्यपरायणता एवं समय की पाबंदी से सीख लेने की जरूरत है। सेवानिवृत हुए डॉ मुकुंद कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भले ही उनकी नियुक्ति सर्व नारायण सिंह रामकुमार सिंह महाविद्यालय में हुई थी, परंतु उनके कार्यकाल का अधिकांश समय स्नातकोत्तर केंद्र में ही गुजरा। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ लाला प्रवीण कुमार सिन्हा ने कहा कि इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में, कुछ लोगों से हुई मुलाकात को भूल पाना नामुमकिन सा होता है। समारोह में मिथिला परंपरा के अनुरूप पाग एवं चादर देकर उन्हें सम्मानित किया गया। समारोह में हिंदी विभाग के वरीय प्राध्यापक डॉ सिद्धेश्वर कश्यप,डॉ अणीमा, डॉ शाहिद हुसैन, डॉ सुप्रीता, डॉ रमाकांत रमन, डॉ श्याम मोहन मिश्र, डॉ प्रदीप कुमार मांझी, डॉ प्रेम शंकर, डॉ कविता कुमारी, मधु ममता रानी, कुमारी अंजू, वरीय सहायक सत्य प्रकाश, आशीष विद्यार्थी, सुनील कुमार, राम जी, डॉ बीएन झा, डॉ सतीश राज, डॉ उदय कुमार, छात्र ऋषभ कुमार, प्रेम कुमार, प्रियांशु राज, मिथुन कुमार, विनीत कुमार, सिमरन कुमारी, जयंत कुमार ठाकुर सहित छात्र-छात्राओं की मौजूदगी रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ अरुण कुमार सिंह द्वारा किया गया।

कांग्रेस संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने का संकल्प, नवनियुक्त पदाधिकारियों को किया सम्मानित



कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारी।

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड के तेलियाहाट बाजार में गुरुवार को कांग्रेस पार्टी की ओर से नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रामकुमार पासवान ने की।

■ तेलियाहाट बाजार में कांग्रेस का सम्मान समारोह आयोजित, प्रदेश से प्रखंड स्तर तक के नेताओं ने लिया हिस्सा, सरकार की नीतियों पर साधा निशाना

समारोह में प्रदेश महासचिव अब्दुस सलाम और प्रदेश उपाध्यक्ष मजनू हैदर अली कैस उर्फ चुन्नू समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकत्ता शामिल हुए। इस दौरान नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नीरज कुमार निराला, जिला महासचिव बंटी यादव, सोनवर्षा विधानसभा अध्यक्ष मो. अल्ताफ, बनमा ईटहरी प्रखंड अध्यक्ष शाहीन आलम और सलखुआ प्रखंड अध्यक्ष आलोक कुमार जीतू को फूलमाला पहनाकर एवं चादर भेंटकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश स्तर के नेताओं ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों पर निशाना साधा। वक्ताओं ने सरकार पर गरीबों, किसानों, मजदूरों और आम जनता के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से गरीब, मजदूर, किसान और वंचित वर्गों की आवाज उठाती रही है। नेताओं ने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकत्ताओं को गांव-गांव तक पहुंचना होगा। आम लोगों की समस्याओं को सुनकर उन्हें प्रमुखता से उठाना और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना जरूरी है। नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को नई मजबूती देने तथा सभी कार्यकत्ताओं को एकजुट कर पार्टी के विस्तार में जुटने की अपील की गई। वक्ताओं ने कहा कि आपसी समन्वय और सक्रियता से ही संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाया जा सकता है। मौके पर राजन यादव समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकत्ता, स्थानीय नेता और समर्थक मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

राजकीय पलिटेक्निक कलेज महद्दीपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

पसराहा (एनएसबी)। थाना क्षेत्र अर्न्तगत राजकीय पलिटेक्निक कलेज महद्दीपुर के प्रांगण में छात्र-छात्राओं द्वारा 'सुरम्य' नामक सांस्तिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन ड़ निहारिका कुमारी, प्रवीण कुमार और नीतीश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। समारोह का शुभारंभ कलेज के प्राचार्य ड़ संजीव कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में प्राचार्य ड़ संजीव कुमार ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि सांस्तिक कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य केवल मनोरंजन करना नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का एक सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन बच्चों में आपसी समन्वय और टीम वर्क की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि संस्थान केवल उच्च कोटि की तकनीकी शिक्षा ही प्रदान नहीं करता, बल्कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों को एक संवेदनशील और बेहतर इंसान बनना भी सिखाती हैं। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन की जिम्मेदारी योगानंद ने बेहतरीन तरीके से निभाई। इस सांस्तिक संध्या को सफल बनाने और छात्रों का उत्साहवर्धन करने के लिए अजीत कुमार, अमित कुमार शर्मा, पूजा यादव, ऋचा आनंद और सोनाली झा सहित कलेज के कई गणमान्य शिक्षक, कर्मी और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। रंगारंग प्रस्तुतियों से सजे इस कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया और कलेज परिसर का माहौल पूरी तरह से ऊर्जावान तथा उत्साह से भर गया।

शराब के नशे में तीन युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पसराहा (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के एनएच-31 चौक पर रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस ने शराब के नशे में धुत तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। गश्ती दल का नेतृत्व कर रहे सब-इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि बीती रात वे अपनी टीम के साथ गस्ती कर रहे थे। उसी दौरान एक ही मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध व्यक्ति उधर से गुजरे। पुलिस बल ने शक होने पर उनकी बाइक को रुकवाया। जांच के दौरान जब तीनों से पूछताछ की गई और उनके पास नजदीक जाकर बात की गई, तो उनके मुंह से शराब की तेज गंध महसूस हुई। इसके तुरंत बाद पुलिस ने एहतियात बरतते हुए तीनों युवकों की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की। मशीन में सांस की जांच करते ही तीनों द्वारा शराब पीने की पुष्टि हो गई, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें मौके पर ही हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों की पहचान किशन कुमार पिता शंभू मंडल और ष्ण कुमार पिता राजनीति साह दोनों निवासी कुर्मी टोला, गोगरी, तथा लक्ष्मण कुमार पिता विनोद यादव निवासी सपहा के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि करते हुए अपर थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि इस कार्रवाई में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। पकड़े गए तीनों आरोपियों के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में खगड़िया भेज दिया गया है, जहां आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

युवती गिरफ्तार

बेलदौर (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के बलैठा पंचायत अंतर्गत ढांढ़ी गांव निवासी सदानंद यादव के पुत्र पिंटू कुमार की संदिग्ध मौत का तार अब पीरनगरा गांव से जुड़ गया है। इस मामले में कार्रवाई करते हुए राजेंद्र नगर रेल पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से बीते 3 नवंबर को पीरनगरा गांव की एक चर्चित आशा कार्यकर्ता की पुत्री को गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ के लिए पटना ले गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत 26 सितंबर को राजेंद्र नगर-गुलजारबाग रेल खंड के डाउन ट्रैक पर (पोल संख्या 538ध्28 से 538ध्30 के बीच) पिंटू कुमार का शव लावारिस स्थिति में बरामद हुआ था। सूचना मिलते ही परिजन पटना पहुंचे और शव की शिनाख्त की। शुरुआती चरण में रेल पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया और उसे परिजनों को सौंप दिया था। मामले की जांच का जिम्मा एसएचओ दीप नारायण सिंह ने एसआई मंजू लता को सौंपा था।मृतक के पिता सदानंद यादव का कहना है कि उनका पुत्र पटना में रहकर प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। उन्होंने रेल पुलिस को लिखित आवेदन देकर उक्त लड़की का नाम और मोबाइल नंबर दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि उसी के कारण उनके पुत्र ने आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठाया।

दीपावली, काली पूजा, चित्रगुप्त पूजा एवं छठ महापर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण मनाने को लेकर बैठक

खगड़िया (एनएसबी)। दीपावली, काली पूजा, चित्रगुप्त पूजा एवं छठ महापर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विक्रम विरकर की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित मुख्य सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति, पर्व के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित समस्याओं, संवेदनशील स्थलों एवं पूर्व में घटित घटनाओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। सदस्यों ने स्थानीय स्तर पर शांति एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए अपने सुझाव भी दिए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को पर्वो के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने तथा असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से प्रशासन एवं पुलिस के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या अप्रिय घटना की सूचना तत्काल संबंधित पदाधिकारियों को देने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि दीपावली पर्व के दौरान सबसे विशेष ध्यान यातायात व्यवस्था पर दिया जाए। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक कर ली जाए, ताकि सड़क पर यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रहे। इसके लिए आवश्यक व्यवस्था पहले से ही कर ली जाए, ताकि दीपावली वाले दिन या धनतेरस वाले दिन जाम न लगे और लोगों को परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने छठ महापर्व के मद्देनजर सभी छठ घाटों की समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए आवश्यक बैरिकेडिंग कराने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से



डीएम एवं अन्य अधिकारी।

जलस्तर एवं पानी की गहराई का सही अनुमान लगाने के लिए घाटों पर लाल कपड़े से चिति बैरिकेडिंग लगाने को कहा, ताकि श्रद्धालु एवं बच्चे निर्धारित सुरक्षित सीमा से आगे पानी में नहीं जाएं। उन्होंने सभी घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, कंट्रोल रूम तथा घाटों तक पहुंचने वाले एप्रोच रोड की मरम्मत एवं पूरे रास्ते में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने खतरनाक एवं अत्यधिक गहरे घाटों को चिति कर प्रतिबंधित करने तथा ऐसे घाटों पर आम लोगों के प्रवेश एवं न को रोकने के लिए आवश्यक बैरिकेडिंग कराने को कहा। प्रतिबंधित एवं खतरनाक घाटों के संबंध में जगह-जगह पोस्टर एवं बैनर लगाने तथा अन्य प्रचार माध्यमों से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया, ताकि आम नागरिकों को पहले से इसकी जानकारी मिल सके। जिलाधिकारी ने कहा कि छठ घाटों पर गोताखोर , नाव एवं नाविकों की प्रतिनियुक्ति की जाए, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूर्व तैयारी रहे। उन्होंने यह भी कहा कि फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को पहले से ही आवश्यक स्थल चिन्हित करके वहां पर रखा जाये , ताकि कोई भी ऐसी परिस्थिति के उत्पन्न होने पर उस पर तुरंत काबू किया जा सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि छठ घाटों पर जिन गोताखोर एवं नाविकों को प्रतिनियुक्त किया जाएगा उनका संपर्क नंबर जिला प्रशासन एवं प्रखंड के विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप में साझा किया जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनसे तत्काल संपर्क किया जा सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि किसी भी परिस्थिति में रात में अंधेरा होने के बाद नाव का परिचालन नहीं किया जाएगा। यदि ऐसा किया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध सख्त विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि मेले में भारी संख्या में महिलाओं का आना-जाना होता है, इसलिए सभी जगहों पर महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाएं पहले से ही पूरी तरह सुनिश्चित की जाएं, ताकि सुरक्षा की ष्टि से किसी भी महिला या किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि सब जगह चूना-ब्लीचिंग किया गया है, परंतु कहीं भी यदि किसी को ऐसा लगता है कि किसी जगह पर चूना-ब्लीचिंग करने की आवश्यकता है, तो उसके बारे में बताएं, वहां भी चूना-ब्लीचिंग कराया जाएगा। उन्होंने छठ घाटों पर जाने वाले सभी रास्तों यदि क्षतिग्रस्त है उसकी शीघ्र मरम्मत कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। साथ ही यह भी8 निर्देश दिया कि छठ घाटों जाने वाले रास्ते इस प्रकार साफ किए जाए कि जो छत वती दंडवत प्रक्रिया एवं आस्था से घाट जाती है उन्हें बिल्कुल भी रास्ते में जानकार पत्थर ना मिले । अर्थात पूर्ण तरीके से स्वच्छ ग्वायवरण मिले इसका पूर्ण रूप से ध्यान रखा जाये । बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन), सिविल सर्जन, संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नगर परिषद के पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थानाध्यक्ष, विभिन्न राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष एवं जिला स्तरीय शांति समिति के नामित सदस्य उपस्थित रहे।

राजकीय पॉलिटेक्निक में उमंग 2026-27 का शुभारंभ

पसराहा (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के महद्दीपुर स्थित राजकीय पलिटेक्निक खगड़िया में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए वार्षिक स्पोर्ट्स फेस्ट, लिटरेरी फेस्ट एवं सांस्तिक गतिविधि 'उमंग 2026-27' का भव्य शुभारंभ हुआ। इस तीन दिवसीय महाउत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि बेगूसराय के प्रतिष्ठित उद्योगपति अंकित टेकरीवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के प्राचार्य ड़ संजीव कुमार ने कहा कि खेल और पाठ्येत्तर गतिविधियां मनुष्य के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का मुख्य आधार हैं। यह विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य और आपसी सहयोग की भावना पैदा करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को नियमों का पालन करते हुए सकारात्मक सोच के साथ मैदान में उतरने का संदेश दिया। पांच से सात नवंबर तक चलने वाले इस आयोजन के दौरान कई रोमांचक खेल और साहित्यिक प्रतियोगिताएं हो रही हैं। स्पोर्ट्स फेस्ट में क्रिकेट, वलीबल, कबड्डी, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कैरम, टग अफ वर, सौ, दो सौ व चार सौ मीटर दौड़, रिले रेस, डिस्कस थ्रो, शट पुट, जेवलिन थ्रो, लंबी कूद, ऊंची कूद और शतरंज शामिल हैं। इसके अलावा लिटरेरी व सांस्तिक गतिविधियों के तहत निबंध लेखन, कहानी लेखन, वाद-विवाद, एक्सटेंपर, जि, डम्ब चारेड्स, सामूहिक चर्चा, पेंटिंग, गायन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इन आयोजनों से छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। प्रतियोगिता के दौरान उत्ष्ट प्रदर्शन करने वाले विजयी प्रतिभागियों और टीमों को आगामी प्रमंडल स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। इस सफल आयोजन में उमंग 2026-27 की समन्वयक ड़ निहारिका कुमारी और नीतीश कुमार के साथ-साथ संस्थान के सभी व्याख्याता, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।

प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में संस्थान अपनी सकारात्मक भूमिका निभाता रहेगा : डॉ. विवेकानंद

खगड़िया (एनएसबी)। धनतेरस के अवसर पर श्यामलाल चंद्रशेखर मेडिकल कलेज, परमानंदपुर द्वारा जिले के उन प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर एंव राज्य पर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर खगड़िया जिले का नाम रोशन किया है। सम्मान समारोह मेडिकल कलेज परिसर में आयोजित होगा। इस अवसर पर खिलाड़ियों को सम्मानित करने के साथ-साथ संस्थान द्वारा विभिन्न शैक्षणिक एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए विशेष सुविधा एवं प्रोत्साहन भी प्रदान किया जाएगा, ताकि खेल प्रतिभाओं को शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। बताया जाता है कि रग्बी में उज्ज्वल कुमार एवं रिमझिम कुमारी, क्रिकेट में हर्षित आनंद, शतरंज में मानव कुमार, नेवक कुमार, षु कुमार एवं तन्नु कुमारी, डांस स्पोर्ट में प्राची प्रिया, कुश्ती में मुहम्मद सिराज एवं दीपक पहलवान, हकी में सोनम यादव, श्वेता कुमारी, शिवानी कुमारी सहित कुल छह खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा।इसके अतिरिक्त खेलों के विकास, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताओं में निष्पक्ष निर्णयन के क्षेत्र में योगदान देने वाले उत्ष्ट कोच एवं निर्णायकों को भी सम्मानित किया जाएगा। संस्थान के निदेशक ड़ विवेकानंद ने कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, समर्पण और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का माध्यम है। खगड़िया में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, आवश्यकता उन्हें उचित अवसर, प्रोत्साहन और मंच उपलब्ध कराने की है। संस्थान का प्रयास है कि खिलाड़ियों को सम्मान देने के साथ उनकी शिक्षा एवं भविष्य निर्माण में भी सहयोग किया जाए। खेल और शिक्षा एक-दूसरे के पूरक हैं तथा प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में संस्थान अपनी सकारात्मक भूमिका निभाता रहेगा। संस्थान के मीडिया प्रभारी अमरीष कुमार ने कहा कि खगड़िया के खिलाड़ियों ने सीमित संसाधनों और अनेक कठिनाइयों के बावजूद राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। इनकी उपलब्धियां जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। खिलाड़ियों, कोच एवं निर्णायकों को सम्मानित करने का उद्देश्य खेल प्रतिभाओं का मनोबल बढ़ाना तथा समाज में खेल के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान और उन्हें शिक्षा से जोड़कर भविष्य के लिए अवसर उपलब्ध कराना भी समाज सेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

भारतवर्ष में जितने भी पर्व मनाए जाते हैं उनमें सभी के धार्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व छिपे रहते हैं : प्रभात

खगड़िया (एनएसबी)। शहर के राजेन्द्र नगर स्थित एसबी मेमोरियल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ छात्र-छात्राओं के द्वारा दिवाली एवं छठ महापर्व का सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रोफेसर धीरेंद्र कुमार, विद्यालय के निदेशक प्रभाकर प्रभात एवं विद्यालय के प्राचार्य टीके मोहंती ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।विद्यालय निदेशक श्री प्रभात ने आगत अतिथियों एवं विद्यालय परिवार सहित समस्त जिलेवासियों को दिवाली एवं छठ महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे भारतवर्ष में जितने भी पर्व त्यौहार मनाए जाते हैं सभी में धार्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व छिपे रहते हैं। श्री प्रभात ने कहा कि दिवाली पर अपने घर आंगन को दीप शिखाओं से रौशन तो करना ही करना है इसके साथ ही अपने मन के अंदर के अज्ञानता को भी ज्ञान रूपी प्रकाश से प्रकाशित कर मानव धर्म निभाने में हम सबों को महवपूर्ण भूमिका निर्वहन करना है। उन्होंने दिवाली पर पटाखा से परहेज करने का भरसक प्रयास करते हुए प्रदूषण मुक्त त्यौहार मनाने की बातें कही। श्री प्रभात ने छठ पर्व पर प्रकाश डालते हुए कहा यह पर्व आस्था और विश्वास का महापर्व है। इसमें प्रति पूजा का महत्व है, जिनके कारण हमारे प्राण वायु संचालित हैं। अतः प्रति को सुरक्षित एवं संरक्षित रखना हम सबों का परम कर्तव्य है।मुख्य अतिथि प्रोफेसर धीरेंद्र कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालयों में इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से बच्चों को अपनी संस्ति एवं त्यौहार की विशेषताओं से संबंधित बातों की जानकारी का सुअवसर मिलता है। ऐसे में एसबी मेमोरियल स्कूल के द्वारा



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि।



कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं।

दीपावली एवं छठ के पूर्व इस तरह का सांकेतिक प्रदर्शन न केवल सराहनीय है, बल्कि अनुकरणीय भी है। छात्र छात्राओं द्वारा कार्यक्रम में दिवाली एवं छठ महापर्व पर प्रस्तुत किए गए संगीत भाव, नृत्य एवं एकांकी का उपस्थित अभिभावकों ने खूब सराहना की। विविध कार्यक्रमों कोनृत्य एवं संगीत के माध्यम से प्रस्तुत करने वाले छात्र छात्राओं में कक्षा प्रथम की नित्या, आरोही एवं छात्र अर्जुन और अर्नव,वर्ग 4 से शिवराज ,समरराज, विशाल ,शाम्भवी, आरुषि कौशिकी, प्रेम एवं मौसम वर्ग 5 से मोनिका ,आयशा, आदित्य, श्रुतिसुमन ,सिद्धि, रिद्धि मानवी एवं आरुषि तथा छात्र हर्षराज और सुमित वर्ग 6 से आराध्या, शिवानी, छोटी वैष्णवी, दिव्या ,माधवी ,रचना और भव्या वर्ग सप्तम से परिधि एवं श्रेया भारती वर्ग 8 से नव्या, ईशानी, दिव्या ,प्रिया सोनामनी तथा छात्र सिद्धार्थ एवं हिमांशु बर्ग नवम से आदित्य कश्यप के द्वारका द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम कोउपस्थित अभिभावकों ने करतल ध्वनि से स्वागत करते हुए हौसला अफजाई किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के बीच एथेनिक ड्रेस कम्पिटिशन का भी आयोजन किया गया था। जिसमें। सभी वर्ग से अव्वल आने वाले एक छात्र एवं एक छात्रा को तथा शिक्षकों में से एक पुरुष शिक्षक एवं एक महिला शिक्षक को मोमेंटो देकर पुरस्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी शिक्षिका जयंतीमाला एवं बर्ग नवम की छात्रा सिद्धि और सृष्टि ने किया।

संक्षिप्त खबरें

भाजपा जिला कार्यालय खगड़िया में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत प्रमुख नागरिक संगोष्ठी आयोजित

खगड़िया (एनएसबी)। भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष शात्रुधन भगत की अध्यक्षता में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के अंतर्गत प्रमुख नागरिक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों, पूर्व जिलाध्यक्षों, प्रदेश स्तर के नेताओं एवं प्रमुख नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मंच पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष कंचन पटेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अश्विनी सिंह एवं प्रदेश परिषद सदस्य जय ष्ण सिंह पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन जिला महामंत्री ने किया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शत्रुघ भगत ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जागरूक नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता की आवाज, संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान तथा कानून का शासन सर्वोपरि होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के माध्यम से आम नागरिकों के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक व्यवस्था एवं सामाजिक जिम्मेदारियों को लेकर जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने अपने संबोधन में लोकतंत्र की मजबूती, राजनीतिक जवाबदेही एवं नागरिकों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता की भागीदारी और जागरूकता ही इसकी आधारशिला है। पूर्व जिलाध्यक्ष कंचन पटेल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र केवल चुनाव तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें नागरिकों के अधिकारों के साथ-साथ उनके कर्तव्यों का भी महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने समाज के प्रबुद्ध नागरिकों से लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सजग रहने की अपील की। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्अश्वनी सिंह ने अपने संबोधन में लोकतांत्रिक संस्थाओं की भूमिका, संवैधानिक व्यवस्था एवं वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की जागरूकता और सहभागिता जरूरी है। प्रदेश परिषद सदस्य श्री जय ष्ण सिंह पटेल ने भी संगोष्ठी को संबोधित करते हुए लोकतांत्रिक परंपराओं, नागरिक अधिकारों एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि प्रमुख नागरिकों के साथ इस प्रकार की संगोष्ठियां समाज में सकारात्मक संवाद और राजनीतिक जागरूकता को बढ़ावा देती हैं। कार्यक्रम में जिला महामंत्री श्री नंदू शाह, ड़ इंदु भूषण सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, विभिन्न मोर्चो के अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख एवं पार्टी के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने लोकतंत्र, नागरिक अधिकारों, संवैधानिक मूल्यों एवं समाज में जागरूक नागरिकों की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। प्रमुख नागरिक संगोष्ठी के माध्यम से लोकतांत्रिक विषयों पर संवाद स्थापित करने और जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया।

पुलिस एवं जेल पदाधिकारियों के लिए विशेष संवेदीकरण एवं जागरूकता कार्यशाला आयोजित

खगड़िया (एनएसबी)। माननीय पटना उच्च न्यायालय एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया द्वारा जिले के पुलिस पदाधिकारियों एवं जेल पदाधिकारियों को कानून के विभिन्न महत्वपूर्ण प्रावधानों, विशेषकर हैंडकफिंग (हथकड़ी लगाने की प्रक्रिया), किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, पक्सो अधिनियम तथा विटनेस प्रोटेक्शन स्कीम (गवाह संरक्षण योजना) के प्रति संवेदनशील एवं जागरूक बनाने के उद्देश्य से बुधवार को एक विशेष संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला का आयोजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया अरविंद कुमार शर्मा के निर्देश एवं मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य पुलिस एवं जेल पदाधिकारियों को उनके कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान विधि द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं, संवैधानिक मूल्यों, मानवाधिकारों, बाल संरक्षण तथा गवाहों की सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। कार्यशाला में विशेष न्यायाधीश, उत्पाद द्वितीय, खगड़िया, प्रभाकर झा, विशेष न्यायाधीश, पक्सो अधिनियम, खगड़िया ऋषि चंदन, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खगड़िया के सचिव चंदन कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 रमेश कुमार, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय प्रवीण मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक, रक्षित पुलिस केंद्र, खगड़िया रंजीत कुमार, जिला अभियोजन पदाधिकारी संजीव कुमार, किशोर न्याय परिषद की सहायक अभियोजन पदाधिकारी ऋचा अर्चना द्वारा विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यशाला के दौरान हैंडकफिंग के संबंध में विधिक प्रावधानों एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी व्यक्ति को हथकड़ी लगाना सामान्य प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह केवल विधि द्वारा निर्धारित परिस्थितियों एवं आवश्यक मानकों के अनुरूप ही किया जाना चाहिए। इस दौरान व्यक्ति की गरिमा, व्यक्तिगत स्वतंत्रता एवं मानवाधिकारों का सम्मान बनाए रखने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया। इसी क्रम में किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों पर चर्चा करते हुए बालकों के साथ पुलिस एवं संबंधित अधिकारियों के व्यवहार, विधि का उल्लंघन करने वाले बच्चों के प्रति संवेदनशील ष्टिकोण, उनकी पहचान एवं संरक्षण तथा किशोर न्याय परिषद के समक्ष प्रस्तुत करने की निर्धारित प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। वहीं, पक्सो अधिनियम के तहत बच्चों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण प्रदान करने, पीड़ित बच्चों के साथ संवेदनशील एवं गरिमापूर्ण व्यवहार करने, उनकी पहचान की गोपनीयता बनाए रखने तथा कानूनी प्रक्रिया का विधिसम्मत अनुपालन सुनिश्चित करने के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यशाला का एक महत्वपूर्ण विषय विटनेस प्रोटेक्शन स्कीम भी रहा। इस विषय पर उपस्थित पदाधिकारियों को गवाहों की सुरक्षा एवं संरक्षण की आवश्यकता, गवाहों को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराने, उनकी पहचान एवं व्यक्तिगत विवरण की गोपनीयता बनाए रखने तथा गवाहों को धमकी, दबाव अथवा किसी भी प्रकार के प्रलोभन से सुरक्षित रखने के लिए निर्धारित कानूनी प्रावधानों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि निष्पक्ष एवं प्रभावी न्यायिक प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए गवाहों की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यशाला में जेल प्रशासन से संबंधित पदाधिकारियों को भी बंदियों के विधिक अधिकारों, उनके साथ मानवीय एवं गरिमापूर्ण व्यवहार तथा कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुपालन के संबंध में जागरूक किया गया। इस बात पर विशेष बल दिया गया कि पुलिस एवं जेल प्रशासन न्याय व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ियां हैं और उनके कार्यो में विधिक जागरूकता, जवाबदेही तथा मानवीय संवेदनशीलता का होना आवश्यक है। वक्ताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि कानून का प्रभावी क्रियान्वयन केवल कानूनी प्रावधानों की जानकारी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए प्रत्येक स्तर पर संवेदनशीलता, मानवीय ष्टिकोण एवं संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता भी आवश्यक है। पुलिस एवं जेल पदाधिकारियों द्वारा इन प्रावधानों का सही तरीके से अनुपालन करने से न केवल नागरिकों के मौलिक अधिकारों एवं मानव गरिमा की रक्षा होगी, बल्कि पीड़ितों, बच्चों, बंदियों एवं गवाहों को भी न्यायिक व्यवस्था में उचित संरक्षण मिल सकेगा।

जलावन को लेकर विवाद में महिला के साथ मारपीट

बेलदौर (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के कंजरी गांव में जलावन लेने के विवाद को लेकर विवाद में जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मालूम हो कि कंजरी गांव निवासी सुबोध यादव की पत्नी सिम्पी देवी और उनकी बड़ी गोतनी रिंकू देवी के बीच जलावन को लेकर कहासुनी शुरू हो गई थी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस झड़प के दौरान सिम्पी देवी को गंभीर चोटें आईं, विशेषकर उनकी बाईं आंख के समीप गहरी चोट लगने से वह बुरी तरह जख्मी हो गईं। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को तुरंत स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के तुरंत बाद पीड़ित महिला सिम्पी देवी ने बेलदौर थाने में पहुंचकर लिखित आवेदन दिया है और अपनी बड़ी गोतनी रिंकू देवी के खिलाफ न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस को दिए आवेदन में उन्होंने पूरी घटना की जानकारी देते हुए उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।फिलहाल, पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए आवेदन के आधार पर आगे की छानबीन कर रही है और दोनों पक्षों से पूछताछ की तैयारी की जा रही है।

शेष खबरें पेज नं. 12 पर

11 लाख 11 हजार 111 दीपों से जगमगाएगा मुंगेर का कल्याणपुर, दीपोत्सव में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

7 नवंबर को आयोजित होगा भव्य दीपोत्सव, बिहार के सबसे बड़े दीपोत्सव के रूप में आयोजन की तैयारी

मुंगेर (एनएसबी)। दीपावली के पावन अवसर पर मुंगेर जिले का कल्याणपुर इस बार एक भव्य दीपोत्सव का साक्षी बनने जा रहा है। आगामी 7 नवंबर को यहां 11 लाख 11 हजार 111 दीप प्रज्वलित करने की तैयारी की जा रही है। लाखों दीपों की रोशनी से पूरा कल्याणपुर जगमगाएगा। आयोजकों के अनुसार, इस भव्य आयोजन में मुख्यमंत्री के भी शामिल होने की संभावना है। इसे बिहार के सबसे बड़े दीपोत्सव के रूप में आयोजित करने की तैयारी है।ड़ नीतीश चंद्र दुबे उर्फ टीपू के नेतृत्व में दीपोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। आयोजन को सफल और याार बनाने के लिए कल्याणपुर यूथ क्लब की पूरी टीम दिन-रात जुटी हुई है। दीपों की व्यवस्था, श्रद्धालुओं की भागीदारी और आयोजन की विभिन्न तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।आयोजन से जुड़े लोगों का कहना है कि इस दीपोत्सव का उद्देश्य केवल दीप प्रज्वलित करना नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, धार्मिक परंपराओं और सामाजिक एकजुटता को मजबूत करना भी है। इस आयोजन में मुंगेर के अलावा बिहार के कई जिलों से श्रद्धालु पहुंचकर दीप प्रज्वलित करते हैं। इससे कल्याणपुर की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को व्यापक विस्तार मिल रहा है।कल्याणपुर यूथ क्लब के मनीष दुबे, प्रशांत दुबे, मिथिलेश मंडल, अमरजीत सिंह, विकास दुबे, मुखिया अशोक मंडल, गुलाब सिंह, अमित दुबे, पवन दुबे, कैप्टन कुमार और मुन्नी देवी सहित अन्य लोगों ने बताया कि जिस तरह दुर्गा पूजा मेले को भव्यता के साथ सफल बनाया जाता है, उसी उत्साह और सामूहिक सहयोग से दीपावली का दीपोत्सव भी ऐतिहासिक बनाया जाएगा। आयोजकों को उम्मीद है कि 7 नवंबर को लाखों दीपों की सामूहिक रोशनी से कल्याणपुर का श्य अद्भुत और आकर्षक होगा। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत का भी संदेश देगा।



तैयारी का जायजा लेते डक्टर नीतिश चंद्र दुबे।

संक्षिप्त खबरें

नई डिजिटल व्यवस्था किसानों के लिए बन गई है सिरदर्द

बेलदौर (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र में खाद खरीदारी के लिए लागू की गई नई डिजिटल व पारदर्शी व्यवस्था किसानों के लिए सिरदर्द बन गई है। नई व्यवस्था के तहत खाद खरीदने के लिए उसी व्यक्ति का मोबाइल नंबर जमीन के रिकर्ड से लिंक होना अनिवार्य किया गया है जिसके नाम पर जमीन दर्ज है। इसी नंबर पर ओटीपी प्राप्त होने के बाद किसान की विशेष आईडी बनेगी, जिसके आधार पर ही दुकानों से खाद मिल सकेगी। इस नई प्रक्रिया के कारण कंजरी पंचायत सहित आसपास के दर्जनों किसानों को भारी फजीहत झेलनी पड़ रही है। किसान अजय सिंह, नरेश चौधरी, अर्जुन चौधरी, बिहारी चौधरी, छोटू शर्मा, राजेंद्र शर्मा, गुरुदेव शर्मा और छट्टू तांती ने अपनी व्यथा साझा करते हुए बताया कि जिन किसानों का मोबाइल नंबर जमीन के रिकर्ड से लिंक नहीं है या जहाँ तकनीकी खराबी आ रही है, वहाँ खाद मिलना लगभग असंभव हो गया है। किसानों की सबसे बड़ी चिंता यह है कि अधिकांश परिवारों में जमीन आज भी दादा-परदादा के नाम पर दर्ज है। ऐसे में समय पर आईडी न बनने से खाद नहीं मिल पा रही है, जिससे रबी फसलों के बर्बाद होने का खतरा मंडराने लगा है। बुआई और खाद डालने के इस महत्वपूर्ण समय में किसान दुकानों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। वहीं, बेलदौर बाजार व कंजरी पंचायत के खाद विक्रेता राजेंद्र सिंह ने लाचारी व्यक्त करते हुए कहा कि बिना ओटीपी के खाद देने पर पूरी तरह रोक है। इस सख्त डिजिटल प्रणाली के कारण विक्रेताओं के हाथ भी बंधे हुए हैं।गंभीर होते संकट को देखते हुए पीड़ित किसानों ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है कि जब तक सभी किसानों का मोबाइल नंबर जमीन के रिकर्ड से लिंक नहीं हो जाता, तब तक बिना आईडी वाले किसानों को भी वैकल्पिक व्यवस्था के तहत खाद उपलब्ध कराने की छूट दी जाए, ताकि फसलों को नुकसान से बचाया जा सके।

दीपावली-छठ को लेकर आरपीएफ का सर्च अभियान, यात्रियों को किया जागरूक

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। दीपावली एवं छठ महापर्व को लेकर दूसरे प्रदेशों से घर लौटने वाले यात्रियों की बढ़ती भीड़ के मद्देनजर रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। इसी कड़ी में आरपीएफ की टीम ने गुरुवार को जमालपुर रेलवे स्टेशन पर सघन सर्च एवं जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म और ट्रेनों में यात्रियों के सामानों की जांच की गई। साथ ही यात्रियों को सुरक्षित रेल यात्रा के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई।अभियान के दौरान आरपीएफ जवानों ने यात्रियों को अपने सामानों के प्रति सतर्क रहने, किसी भी अनजान व्यक्ति से खाने-पीने की वस्तुएं नहीं लेने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने की अपील की। यात्रियों को बताया गया कि यात्रा के दौरान किसी भी अप्रिय घटना, संदिग्ध व्यक्ति या लावारिस वस्तु की जानकारी मिलने पर तत्काल आरपीएफ हेल्पलाइन नंबर 139 पर सूचना दें। इससे न केवल उनकी अपनी सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि रेलवे की संपत्ति को सुरक्षित रखने में भी रेल प्रशासन को सहयोग मिलेगा।आरपीएफ इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव ने बताया कि पर्व-त्योहार के दौरान यात्रियों की सुरक्षा रेलवे की प्राथमिकता है। इसे देखते हुए सर्च और जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा। यात्रियों को सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक करने के लिए नियमित रूप से इस तरह की कार्रवाई की जाएगी।मौके पर एएसआई समीर दास, कांस्टेबल अनुज कुमार, दीपक कुमार, महिला कांस्टेबल प्रतिमा पटेल सहित आरपीएफ के कई जवान मौजूद थे।



प्लेटफार्म पर सर्च अभियान चलाते आरपीएफ।

संक्षिप्त खबरें

स्कूल समय में रील बनाने वाले शिक्षकों पर शिक्षा विभाग सख्त कार्रवाई की चेतावनी

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। विद्यालय अवधि में रील बनाने और सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड करने वाले शिक्षकों को लेकर शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि स्कूल समय में शिक्षण कार्य छोड़कर रील बनाने या अनुचित सोशल मीडिया गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले शिक्षकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। विभाग ने शिक्षकों को अपने दायित्वों के प्रति गंभीर रहने और विद्यालय की शैक्षणिक गरिमा बनाए रखने का निर्देश दिया है।

तीन बच्चे झुलसे

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ में पटाखा छोड़ने के दौरान हुए हादसे में तीन बच्चे झुलसकर घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। सभी घायल बच्चों को उपचार के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना ने एक बार फिर पटाखों के इस्तेमाल के दौरान बच्चों की सुरक्षा और सावधानी बरतने की जरूरत को रेखांकित किया है।

तीन साल बाद हिमाचल में मिला कथित अपहृत

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। मोकामा में करीब तीन वर्ष पूर्व चर्चित अपहरण मामले में नया मोड़ आ गया है। जिस व्यक्ति के अपहरण को लेकर कई लोगों को नामजद किया गया था और कुछ आरोपितों को जेल भी जाना पड़ा था, वह कथित अपहृत हिमाचल प्रदेश में मिला है। लगभग तीन साल बाद उसके मिलने की खबर से पुराने मामले को लेकर कई नए सवाल खड़े हो गए हैं। अब पुलिस की जांच और आगे की कानूनी कार्रवाई पर सबकी नजरें टिकी हैं।

35 फीट ऊंचे भव्य मंच पर होगा जयमाला

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। मोकामा विधायक अनंत कुमार सिंह की छोटी बेटी शिवांगी सिंह की बेटी के विवाह समारोह को लेकर लदमा में भव्य तैयारियां की जा रही हैं। आगामी 25 नवंबर को आयोजित समारोह में 35 फीट ऊंचा आकर्षक जयमाला मंच विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। मंच की सजावट के लिए चीन और बेंगलुरु सहित देश के विभिन्न राज्यों से विशेष फूल और सजावटी सामग्री मंगाई जा रही है। भव्य सजावट और खास इंतजामों को लेकर समारोह की तैयारियां चर्चा में हैं।

सोनपुर रेलग्राम में कैंटीन एवं गेमिंग जोन के संचालन हेतु ई-नीलामी आयोजित

सोनपुर (एनएसबी) सोनपुर मेला में आने वाले यात्रियों, श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों को बेहतर खान-पान एवं मनोरंजन की सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोनपुर रेलग्राम में कैंटीन एवं गेमिंग जोन के संचालन हेतु आज दिनांक 05112026 को ई-नीलामी का आयोजन किया गया। इस ई-नीलामी के माध्यम से रेलवे को कैंटीन के लिए ₹16,80,996₹- तथा गेमिंग जोन के लिए ₹4,11,111₹- की राशि प्राप्त होगी। इस प्रकार इन दोनों व्यावसायिक गतिविधियों से रेलवे को मात्र एक माह में कुल ₹20,92,107₹- (लगभग ₹2092 लाख) का राजस्व प्राप्त होगा। इस पहल से सोनपुर मेला में आने वाले यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कैंटीन के माध्यम से आगंतुकों को खान-पान की सुविधा मिलेगी, वहीं गेमिंग जोन के संचालन से बच्चों, युवाओं एवं अन्य आगंतुकों के लिए मनोरंजन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित होगी। सोनपुर मंडल द्वारा मंडल रेल प्रबंधक श्री अमित सरन के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री धीरज कुमार के मार्गदर्शन में यात्री सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ रेलवे के गैर किराया राजस्व (छथ्) में वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

जमीन की रसीद से मोबाइल लिंकिंग बनी किसानों की परेशानी खाद के लिए भटक रहे अन्नदाता

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। बिहार में जमीन की रसीद से मोबाइल नंबर लिंक करने की अनिवार्यता ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। रबी फसल की बुआई के महत्वपूर्ण समय में खाद प्राप्त करने के लिए किसानों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। तकनीकी प्रक्रिया की जटिलता के कारण वास्तविक किसान भी खाद से वंचित हो रहे हैं। इस समस्या को लेकर किसानों में नाराजगी बढ़ने लगी है।किसानों की शिकायत है कि खाद दुकानों पर पहुंचने के बाद भी उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है। विक्रेता सिस्टम लक होने और जमीन की रसीद से मोबाइल नंबर लिंक नहीं होने का हवाला देकर खाद देने में असमर्थता जता रहे हैं। ऐसे में गेहूं सहित अन्य रबी फसलों की समय पर बुआई प्रभावित होने की आशंका है।इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जदयू के प्रखंड अध्यक्ष मुनीलाल मंडल ने बिहार सरकार के षि मंत्री, जमालपुर विधायक नचिकेता मंडल एवं जिला प्रशासन को पत्राचार कर तत्काल हस्तक्षेप और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा बिचौलियों पर रोक लगाने की है, लेकिन इस व्यवस्था का खामियाजा वास्तविक किसानों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने जमीन की रसीद और मोबाइल लिंकिंग की प्रक्रिया सरल बनाने तथा वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से किसानों को खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।वहीं किसानों ने चेतावनी दी है कि सात दिनों के भीतर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।



जानकारी देते प्रखंड अध्यक्ष मुनीलाल।

रीना कला केंद्र ने बढ़ाया मुंगेर का मान, निदेशक निशांत को मिला गौरव अवार्ड

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। कला के क्षेत्र में रीना कला केंद्र, जमालपुर ने एक बार फिर मुंगेर जिले का नाम रोशन किया है। पटना स्थित बापू टावर में एक नवंबर को आयोजित भव्य सम्मान समारोह में रीना कला केंद्र के निदेशक निशांत सर को कला जगत में उत्ष्ट योगदान एवं कला शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रयास के लिए प्रतिष्ठित शगौरव अवार्डश से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि से जमालपुर सहित पूरे मुंगेर जिले में हर्ष का माहौल है। समारोह में रीना कला केंद्र के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भी अपनी कला का शानदार प्रदर्शन कर बिहार स्तर पर सफलता का परचम लहराया। बिहार स्तरीय अनलाइन चित्रकला प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में माही मंडल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सीनियर वर्ग में राजदीप शर्मा ने प्रथम स्थान हासिल कर संस्थान को गौरवान्वित किया। दोनों विद्यार्थियों को भी समारोह में सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी उपस्थित रहे। उनके साथ कला शिक्षण संस्थानों के पदाधिकारियों एवं कई गणमान्य लोगों की मौजूी रही।निदेशक निशांत ने कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि रीना कला केंद्र के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। केंद्र पिछले कई वर्षो से बच्चों की छिपी कला प्रतिभा को निखारने और उन्हें बेहतर मार्गदर्शन देने में जुटा है। संस्थान का लक्ष्य मुंगेर की प्रतिभाओं को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है।



गौरव अवार्ड लेते निशांत।

छठ महापर्व की बेहतर प्रस्तुति करने वाले पत्रकारों व सोशल मीडिया क्रिएटर्स को मिलेगा सम्मान

दीपावली एवं छठ की शुभकामनाओं के साथ नगर परिषद की अनूठी पहल, आकर्षक उपहार देकर किया जाएगा सम्मानित

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा-2026 को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप देने के साथ ही इसकी सुंदरता और नगर परिषद की तैयारियों को जन-जन तक पहुंचाने वाले पत्रकारों एवं सोशल मीडिया क्रिएटर्स को सम्मानित किया जाएगा। नगर परिषद जमालपुर की चेयरमैन पार्वती देवी के मार्गदर्शन में इस विशेष पहल का निर्णय लिया गया है। इसके तहत प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकारों के साथ-साथ सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफर्म पर छठ महापर्व की बेहतर, रचनात्मक एवं आकर्षक प्रस्तुति करने वाले क्रिएटर्स को आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा।इस पहल का उद्देश्य छठ महापर्व की सांस्कृतिक गरिमा, लोक आस्था, घाटों की भव्यता और नगर परिषद की ओर से किए जा रहे विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्यो को व्यापक पहचान दिलाना है। साथ ही मीडिया और डिजिटल क्रिएटर्स के सकारात्मक योगदान को प्रोत्साहित करना भी है।सम्मान समारोह का आयोजन नगर परिषद जमालपुर कार्यालय परिसर में किया जाएगा। सामाजिक नेत्री मधु देवी एवं सामाजिक कार्यकर्ता अंकित कुमार ने बताया कि दीपावली एवं छठ पूजा के पावन अवसर पर शहरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए इस पहल के माध्यम से मीडिया जगत और डिजिटल क्रिएटर्स का उत्साह बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।



जानकारी देते चेयरमैन पार्वती देवी।

दो माह बाद महिला सिपाही को मिला खोया मोबाइल जमालपुर पुलिस की तत्परता से लौटी मुस्कान

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता ने दो माह से अपना खोया मोबाइल तलाश रही महिला सिपाही के चेहरे पर फिर से मुस्कान लौटा दी। जमालपुर स्थित बीएनपी-9 में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही खगड़िया जिला बल की महिला सिपाही खुशी कुमारी का करीब दो माह पूर्व मुंगेर-जमालपुर मुख्य मार्ग पर दौलतपुर के समीप मोबाइल गिरकर गुम हो गया था। काफी तलाश के बाद भी मोबाइल नहीं मिलने पर उन्होंने जमालपुर थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस से बरामी की गुहार लगाई थी।महिला सिपाही के आवेदन को गंभीरता से लेते हुए जमालपुर पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू की। पुलिस की सक्रियता से गुरुवार को उनका गुम हुआ मोबाइल बरामद कर लिया गया और उन्हें सुरक्षित वापस सौंप दिया गया।थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि एसआई सुजीत कुमार सिंह ने पुलिस टीम के सहयोग से महिला सिपाही के गुम हुए मोबाइल को बरामद किया। इसके बाद गुरुवार को मोबाइल खुशी कुमारी को लौटा दिया गया।दो माह बाद अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर खुशी कुमारी के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने जमालपुर पुलिस की तत्परता और सहयोग की सराहना करते हुए पुलिस पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। पुलिस की इस पहल ने न केवल एक महिला सिपाही को राहत दी, बल्कि आम लोगों के बीच भी पुलिस के प्रति विश्वास और भरोसे को मजबूत करने का संदेश दिया।



महिला सिपाही को मोबाइल लौटते आते थानाध्यक्ष।

दुकानदार ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की लगाई गुहार

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। जमालपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर चौक पर चोरों ने एक दुकान को निशाना बनाते हुए 15 किलो चायपत्ती से भरी पेटी चोरी कर ली। घटना सुबह करीब 5रू45 बजे की है। चोरी की पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।इस संबंध में बड़ी दरियापुर निवासी दुकानदार आकाश कुमार ने जमालपुर थाने में लिखित आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि अज्ञात चोर दुकान के सामने रखी चायपत्ती की पेटी लेकर फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज में घटना कैद होने के बावजूद चोर की पहचान नहीं हो सकी है। दुकानदार ने पुलिस से जांच कर चोर की पहचान, गिरफ्तारी और चोरी गए सामान की बरामी की मांग की है।

रेल जिला जमालपुर में अपराध नियंत्रण को लेकर एसपी ने कसी पुलिस की लगाम

मासिक अपराध गोष्ठी में लंबित कांडों की समीक्षा त्वरित निष्पादन का दिया निर्देश

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। रेल क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था को सुढ़ बनाने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर रेल जिला जमालपुर के पुलिस अधीक्षक विद्यासागर की अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में रेल जिला अंतर्गत विभिन्न रेल थानों एवं पुलिस इकाइयों के पदाधिकारियों की मौजूी में अक्टूबर 2026 के अपराध एवं पुलिस कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान एसपी ने लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, फरार एवं दागी अपराधियों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने तथा अपराध नियंत्रण के लिए सक्रिय पुलिसिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।आगामी दीपावली एवं लोक आस्था के महापर्व छठ को देखते हुए रेल एसपी ने ट्रेनों और रेलवे प्लेटफार्मो पर सुरक्षा व्यवस्था और सघन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहार के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की आवाजाही बढ़ जाती है। ऐसे में रेल यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए प्रमुख ट्रेनों, स्टेशन परिसर एवं प्लेटफार्मो पर नियमित गश्ती, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच तथा विशेष निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया।



अपराध गोष्ठी करते रेल एसपी।

संक्षिप्त खबरें

आईबी रोड में खेत से 37 लीटर शराब बरामद, एलटीएफ की टीम ने की कार्रवाई

दलसिंहसराय नगर एनएसबी । शहर के आईबी रोड में गुप्त सूचना के आधार पर एलटीएफ (एंटी लिकर टास्क फोर्स) की टीम ने छापेमारी कर खेत से 37 लीटर शराब बरामद की। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। इस सम्बन्ध में एल टी एफ प्रभारी राज कुमार पासवान के अनुसार, एलटीएफ की टीम को आईबी रोड स्थित एक खेत में शराब छिपाकर रखे जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। इस दौरान खेत में छिपाकर रखी गई कुल 37 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। हालांकि, छापेमारी के दौरान शराब के साथ किसी की गिरफ्तारी हुई या नहीं, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस बरामद शराब को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। वही एक दिन पूर्व भी बुलाकी पुर चौड़ में टिम ने 5 हजार लीटर से ज्यादा कच्चा जावा और अर्ध निर्मित देशी शराब को नष्ट करते हुए कई ड्रम को नष्ट किया था।

सेवा निवृत शिक्षक के निधन पर जताया शोक

विद्यापतिनगर एनएसबी ।अशोक स्मारक उच्च विद्यालय बनघारा के सेवा निवृत शिक्षक एवं प्रखंड के गढ़सिसाई गांव निवासी रामचंद्र सिंह की मृत्यु गुरुवार को हार्ड अटैक से हो गया। वे करीब 71 साल के थे और अपने पीछे चार पुत्र और एक शादी सुदा पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए है। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका बड़ा पुत्र एचएम, दूसरा बैंक मैनेजर, दो इंजीनियर एवं पत्नी और पुत्री शिक्षिका है। उनके निधन पर शिक्षक नेता रमेश रजक, ओम प्रकाश महतो, नीलम कुमारी, ज्योत्सना, राम नरेश प्रसाद, सुनील कुमार सिंह, मनोज कुमार, जयराज पासवान आदि ने गहरा शोक जताया है।

सिटी सेंट्रल स्कूल ग्रुप के सभी शाखाओं में रंगोली, दीया मेकिंग व पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित,

बाल प्रतिभा ने मन मोहा

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को पहचान कर उन्हें सही दिशा प्रदान करना और समुचित सर्वांगीण विकास केलिए प्रेरित करना भी है। सिटी सेंट्रल स्कूल ग्रुप के निदेशक संजीव कुमार पाण्डेय ने दीपवाली के अवसर पर आयोजित रंगोली, दीया मेकिंग व पेंटिंग प्रतियोगिता के अवसर पर उक्त बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, इस प्रकार के रचनात्मक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनके माध्यम से बच्चों में कलात्मकता कल्पनाशीलता, आत्मविश्वास, के साथ साथ सहयोग की भावना तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति सम्मान विकसित होता है। बताते चलें कि, जिक्र दीपोत्सव या दीपावली की हो तो बरबस ही दिमाग में दीप, रंगोली, रंग बिरंगे झालर की तस्वीर उभर आती है। इस तस्वीर को साकार करते हुए सिटी सेन्ट्रल स्कूल समूह, समस्तीपुर की सभी शाखाओं यथा मोहनपुर रोड, भूईंधारा, जितवारिया, मूसापुर एवं नकटा में रंगोली, दीया मेकिंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता, कलात्मक प्रतिभा और सृजनात्मक कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए आकर्षक एवं रंग-बिरंगे दीयों का निर्माण तथा मनमोहक पेंटिंग प्रस्तुत की। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग और दीपावली की रंगीन छटा देखने को मिली। कार्यक्रम को सफल एवं यादगार बनाने में सभी शाखाओं के शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय के वरीय प्राचार्य सी.के. ठाकुर ने बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों की कलात्मक अभिव्यक्ति और उत्साह अत्यंत सराहनीय है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और सृजनात्मक सोच विकसित करते हैं। इस अवसर पर सिमरन, सविता, उपमा, नेहा, प्रिया भारती, विक्रम, जानवी, अनिल, राजेश्वर, प्रेरणा प्रियदर्शिनी, कल्पना, शशांक, सुदर्शन, दुर्गेश, निधि, गुंजन, रजनी, आशा, राधेश्याम, मनीष, राहुल, रत्ना, मधुबाला, अतुल, निशा, अंजली, आशुतोष, रणवीर, मीनू सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आयोजन को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया। एस. के. चौरसिया, सुषमा ठाकुर, सुप्रिया झा एवं रूपांजली कुमारी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन व मार्गदर्शन किया।
चकमेहसी में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, दहेज हत्या का आरोप

पति समेत एक ही परिवार के पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करने की तैयारी, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

कल्याणपुर एनएसबी। कल्याणपुर प्रखंड के चकमेहसी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोराई गांव के वार्ड संख्या चार में बुधवार की देर रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान गांव निवासी छोटू राय की पत्नी रंजीला देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद मृतका के मायके वालों ने दहेज उत्पीड़न और हत्या का आरोप लगाते हुए चकमेहसी थाने में आवेदन दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार की देर रात पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान मारपीट किए जाने की बात भी सामने आई है। बताया जाता है कि विवाद के बाद महिला ने कथित तौर पर घर में विषपान कर लिया। परिजनों ने उसे अचेत अवस्था में पाया और उपचार के लिए स्थानीय निजी क्लीनिक में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजन शव को घर पर छोड़कर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर चकमेहसी थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सहनी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर, दरभंगा जिले के उचौली गांव निवासी मृतका के भाई हरिओम कुमार राय ने चकमेहसी थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में बताया गया है कि रंजीला देवी की शादी वर्ष 2018 में हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार दान-दहेज देकर की गई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग पांच लाख रुपये और सोने की मांग करते थे। मांग पूरी नहीं होने पर उसकी बहन के साथ मारपीट और मानसिक प्रताड़ना की जाती थी। मृतका के भाई ने आवेदन में दहेज उत्पीड़न के कारण जानबूझकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सहनी ने बताया कि मृतका के भाई ने आवेदन दिया है, जिसमें एक ही परिवार के पांच लोगों को नामजद किया गया है। आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अनुसंधान के बाद ही चल सकेगा।

मुसरीघरारी में युवक की गोली मारकर हत्या, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

समस्तीपुर में हत्या की घटना से इलाके में सनसनी, पुलिस मामले की जांच में जुटी

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। समस्तीपुर जिले के मुसरीघरारी थाना क्षेत्र में एक युवक की गोली मारकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। युवक की हत्या से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर विरोध जताया। सड़क जाम के कारण आवागमन प्रभावित होने की सूचना है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। लोग हत्या में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस घटनास्थल के आसपास की परिस्थितियों की जांच कर रही है। हत्या के कारणों और घटना में शामिल अपराधियों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। फिलहाल युवक की पहचान, हत्या के कारण और घटना के विस्तृत विवरण की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

बड़ी लूट की साजिश नाकाम, अपराधियों की गिरफ्तारी पर सर्राफा संघ ने एसपी को किया सम्मानित

शहर में विशेष पुलिस बल की तैनाती और गश्ती बढ़ाने की मांग की



दलसिंहसराय नगर एनएसबी। धनतेरस और दीपावली के मद्देनजर दलसिंहसराय शहर के एक स्वर्ण व्यवसायी के प्रतिष्ठान में बड़ी लूट की साजिश रच रहे अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद सराफा व्यवसायियों ने राहत की सांस ली है। पुलिस की तत्परता से संभावित बड़ी वारदात टलने पर सराफा व्यवसायी संघ ने ग्रामीण एसपी मुकुल कुमार रंजन को चादर और बुके देकर सम्मानित किया।

इससे पहले सराफा व्यवसायी संघ के अध्यक्ष अनिल सोनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीण एसपी से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शहर के स्वर्ण व्यवसायियों को निशाना बनाए जाने की आशंका और लूट की संभावित साजिश को लेकर चिंता जताई। साथ ही शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए विशेष पुलिस बल की तैनाती और बाजार क्षेत्र में लगातार गश्ती बढ़ाने की मांग की।

इस पर ग्रामीण एसपी मुकुल कुमार रंजन ने व्यवसायियों को जानकारी दी कि लूट की योजना बनाने में शामिल अपराधियों को पुलिस ने बीती रात ही गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आगे भी छापेमारी जारी है। एसपी की इस जानकारी के बाद व्यवसायियों ने राहत महसूस की और पुलिस की कार्रवाई की सराहना की।

संघ के अध्यक्ष अनिल सोनी ने कहा कि पुलिस की सक्रियता और तत्परता से एक बड़ी लूट की घटना टल गई यह हर्ष का विषय है। त्योहारों के दौरान बाजार में सराफा व्यवसायियों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रहती है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने और शहर में नियमित पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि व्यवसायी निर्भय होकर अपना कारोबार कर सकें, इसके लिए पुलिस की मौजूदगी जरूरी है। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी किशन कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा और थानाध्यक्ष इरशाद आलम मौजूद थे। वहीं प्रतिनिधिमंडल में हरिओम प्रसाद, संजय सोनी, सुनील कुमार बमबम, विनोद कुमार प्रसाद, जयनारायण ठाकुर, मुन्ना प्रसाद, संजय प्रसाद, प्रभात चौधरी, परमजीत प्रसाद, गुड्डू ठाकुर, आलोक सोनी, गोपाल कुमार ठाकुर, जहांगीर अंसारी, सागर सोनी, राहुल सोनी, पुनजीत सोनी, अमरजीत सोनी, शक्ति सर्राफ, अभिषेक चौधरी सहित दर्जनों सराफा व्यवसायी शामिल थे।

युवती हत्याकांड का खुलासा, दो आरोपित गिरफ्तार

मूसेपुर जूट मिल के समीप झाड़ी से मिला था युवती का शव, टोटो, दो मोबाइल और मृतका का बैग बरामद

कल्याणपुर एनएसबी। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मूसेपुर स्थित जूट मिल के समीप झाड़ी से बरामद युवती के शव मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस हत्याकांड में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पुरुषोत्तमपुर गांव निवासी मो. फैयाज और मो. इरफान के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टोटो, दो मोबाइल फोन और मृतका का बैग भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, बीते 30 अक्टूबर की सुबह करीब सात से आठ बजे के बीच जूट मिल के बांध वाली मुख्य सड़क से रजक जाने वाली कच्ची सड़क के किनारे झाड़ी में करीब 18-19 वर्षीय युवती का शव बरामद किया गया था। इस मामले में मृतका के पिता सुभाष सहनी के आवेदन पर कल्याणपुर थाना में कांड संख्या 403/2026 दर्ज की गई थी। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 238 एवं 3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी। घटनास्थल से एफएसएल की टीम ने भी साक्ष्य एकत्रित किए थे।

छठ महापर्व की मनमोहक प्रस्तुति में बच्चों ने दिखाई लोक संस्कृति की झलक

उत्क्रमित मध्य विद्यालय महादेवस्थान में शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की सांस्कृतिक झांकी

विद्यापतिनगर एनएसबी। प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय महादेवस्थान में गुरुवार को छठ महापर्व के अवसर पर विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा और सांस्कृतिक अभिरुचि का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की शिक्षिकाओं के कुशल मार्गदर्शन में बच्चों ने छठ महापर्व की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। इस दौरान आकर्षक रंगोली, पूजा सामग्री और छठ घाट के सुंदर मॉडल के माध्यम से लोक आस्था के महापर्व की महत्ता को दर्शाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में छठ पर्व का पारंपरिक और भक्तिमय माहौल देखने को मिला। विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से छठ पूजा की परंपरा, स्वच्छता, अनुशासन और सामाजिक एकता का संदेश दिया। बच्चों की आकर्षक प्रस्तुति को देखकर शिक्षक एवं उपस्थित लोग काफी प्रभावित हुए। इस आयोजन में



शिक्षिका सरस्वती प्रियदर्शनी, पूनम कुमारी, नीलम मुरारिया, पूजा कुमारी सहित अन्य शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं प्रधानाध्यापिका रेखा रजक के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षक रामपुकार पासवान, सीकेश, शशिभूषण कुमार दास, सुमन कुमार, कुंदन कुमार पासवान एवं राहुल कुमार चौधरी सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों का सहयोग रहा। प्रस्तुति में विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिक्षकों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को शिक्षा के साथ संस्कार और संस्कृति से जोड़ने का बेहतर माध्यम बताया।

अल हसन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

दलसिंहसराय एनएसबी ।अल हसन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज चकबहाउद्दीन, दलसिंहसराय के प्रांगण में सह-पाठ्यचर्या समिति और महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में समन्वयक पंकज कुमार के संयोजन में दो दिवसीय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मो0 इनामुद्दीन, महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ कामिनी कुमारी एवं डीएलएड विभागाध्यक्ष डॉ स्नेहलता द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगोली के लिए भारतीय संस्कृति एवं परंपराएं, शिक्षा का महत्व, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर एक से बढ़कर एक रंगोली बनाई। रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ अकबरुल कादरी, मो जानिसार अनवर एवं मो दिलनवाज ने बताया कि छात्रों द्वारा बनाई गई रंगोलियों में श्रेणी का निर्णय लेना बड़ा ही मुश्किल था। परंतु विभिन्न पहलुओं पर विचार करने के उपरांत ऋषभ, अनिल, उमर, महामिद, विकास, तौफीक, ज्ञान प्रकाश, दीपक के ग्रुप एफ को प्रथम स्थान दिया गया। द्वितीय स्थान ग्रुप सी और जी को संयुक्त रूप से दिया गया। ग्रुप सी में रितिका, काजल,



कोमल, रोशनी, पुष्पांजलि, रोमा और ग्रुप जी में रिचा, साक्षी, किरण, नसरीन, उजाला, सुधा और मीनाक्षी थी। तृतीय स्थान ग्रुप डी को दिया गया, जिसमें जाहिदा, पूजा, साक्षी, होमा, और रुखसार सदस्य थी। महाविद्यालय के निदेशक खुर्शीद आलम फरीदी, सचिव एहतेशाम फरीदी, प्रबंधन समिति सदस्य मसरुर अख्तर फरीदी एवं इफ्तेखार फरीदी ने आयोजन समिति एवं सभी छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।

स्वर्ण व्यवसायी के प्रतिष्ठान में लूट-डकैती की साजिश नाकाम

अजनौल के बगीचे दो देसी कट्टा, पांच कारतूस और दो मोबाइल सहित दो गिरफ्तार

दलसिंहसराय एनएसबी। थाना क्षेत्र में एक स्वर्ण व्यवसायी के प्रतिष्ठान में लूट और डकैती की कथित साजिश रच रहे दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चार और पांच नवंबर की मध्यरात्रि अजनौल गांव स्थित एक बगीचे में छापेमारी कर दोनों को दबोचा। इनके पास से दो देसी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस और दो मोबाइल बरामद किए गए हैं। हालांकि, छापेमारी के दौरान कुछ अन्य संदिग्ध अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि चार नवंबर की रात पुलिस को सूचना मिली थी कि दलसिंहसराय थाना क्षेत्र में किसी स्वर्ण व्यवसायी के प्रतिष्ठान में बड़ी लूट या डकैती की वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई जा रही है। सूचना के आधार पर उनके नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। अपराधियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए तकनीकी शाखा की भी मदद ली गई।

पुलिस के अनुसार, पांच नवंबर की रात करीब 1:30 बजे सूचना मिली कि अजनौल गांव में जटदू ठाकुर के बगीचे में कुछ लोग अवैध हथियारों के साथ जुटे हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने करीब 2:30 बजे बगीचे की घेराबंदी कर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई। इस दौरान दो आरोपितों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया गया,37 जबकि अन्य फरार हो गए। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान चकलोकमान वार्ड संख्या-26 निवासी कैलाश ठाकुर के पुत्र प्रवीण कुमार ठाकुर तथा अजनौल डीह वार्ड संख्या-08 निवासी सुखदेव महतो के पुत्र पारस कुमार महतो के रूप में हुई है।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार प्रवीण कुमार ठाकुर का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके विरुद्ध हत्या, लूट, डकैती, चोरी और आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में कुल 10 मामले दर्ज हैं। इनमें मंसूरचक थाना के वर्ष 2015 के दो मामले, दलसिंहसराय थाना के वर्ष 2015, 2019 और 2020 के मामले, समस्तीपुर रेल थाना के दो मामले तथा तेघड़ा, सरायरंजन और बछवाड़ा थाना के मामले शामिल हैं। वहीं, पारस कुमार महतो के विरुद्ध भी दलसिंहसराय थाना में कांड संख्या 606/26 दर्ज है। इस मामले में मारपीट, आपराधिक बल प्रयोग और हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराएं लगाई गई हैं। पुलिस ने बताया कि तलाशी के दौरान प्रवीण के पास से एक देसी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस, जबकि पारस के पास से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके अलावा दोनों के पास से ओप्पो कंपनी के एक-एक पुराने स्क्रीन टच मोबाइल भी जब्त किए गए हैं। मामले में दलसिंहसराय थाना कांड संख्या 644/26, दिनांक 5 नवंबर 2026 के तहत बीएनएस की धारा 310(4), 310(5), 310(6) और आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)ए/35/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस फरार आरोपितों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

छापेमारी दल में दलसिंहसराय थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक मो. इरशाद आलम, अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक संतोष कुमार, विपिन कुमार, प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक राकेश कुमार और थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। कार्रवाई में बिहार एसटीएफ और समस्तीपुर डीआईयू की टीम ने भी सहयोग किया।

विद्यापति राजकीय महोत्सव की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने की समीक्षा बैठक

विद्यापतिनगर एनएसबी। भक्त और भगवान की मिलन स्थली मैथिल कोकिल विद्यापति की पावन धरती पर आयोजित 14वें विद्यापति राजकीय महोत्सव को यादगार और भव्य बनाने की प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। आगामी 22 से 24 नवंबर तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय महोत्सव की सफलता को लेकर गुरुवार को अनुमंडलाधिकारी किशन कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत समिति सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों, मंदिर न्यास समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक का संचालन जदयू प्रदेश सचिव धीरेंद्र कुमार सिंह ने किया। महोत्सव की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने महोत्सव स्थल पर भव्य पंडाल, आकर्षक तोरण द्वार, बेहतर साउंड सिस्टम, अतिथियों के आवासन, साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था और व्यापक प्रचार-प्रसार की तैयारियों पर विशेष जोर दिया। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम, कवि सम्मेलन तथा स्थानीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के बीच रंगोली, क्विज, भाषण सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। महोत्सव के कार्यक्रमों की रूपरेखा के अनुसार प्रथम दिन 22 नवंबर को महाकवि विद्यापति को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। दूसरे दिन कवि सम्मेलन का आयोजन होगा, जबकि तीसरे दिन स्कूली बच्चों के बीच विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। महोत्सव को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए स्थानीय लोगों से भी सक्रिय सहयोग की अपील की गई।



22 से 24 नवंबर तक होगा तीन दिवसीय भव्य आयोजन, आकर्षक पंडाल और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे मुख्य आकर्षण

आयोजन में प्रसिद्ध कलाकारों की प्रस्तुतियों के साथ सूबे के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, कला एवं संस्कृति मंत्री, पर्यटन मंत्री, धार्मिक न्यास परिषद के अध्यक्ष, जिले के सभी सांसद, विधायक, विधान पार्षद एवं जिला परिषद अध्यक्ष सहित कई गणमान्य अतिथियों को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक के उपरांत एसडीएम ने अधिकारियों एवं मंदिर समिति के सदस्यों के साथ विद्यापतिधाम मंदिर परिसर और महोत्सव स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने तथा कार्यक्रम स्थल पर भव्य पंडाल निर्माण की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने आयोजन से जुड़ी सभी तैयारियों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा करने पर बल दिया।

महोत्सव क्षेत्र के गौरव और सांस्कृतिक पहचान का उत्सव : एसडीएम

इस अवसर पर अनुमंडलाधिकारी किशन कुमार ने कहा कि विद्यापति राजकीय महोत्सव मिथिला की समृद्ध संस्कृति, साहित्य, लोक परंपराओं और महाकवि विद्यापति की अमूल्य विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का महत्वपूर्ण अवसर है। इसे महज एक सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखकर पूरे क्षेत्र के गौरव और सांस्कृतिक पहचान के उत्सव के रूप में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोजन में किसी प्रकार की कमी न रहे, इसके लिए सभी संबंधित विभागों, मंदिर न्यास समिति, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों के आपसी समन्वय से तैयारियां की जाएंगी। श्रद्धालुओं और अतिथियों की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। मौके पर बीडीओ महताब अंसारी, ईओ अभिसार कुमार, बीपीआरओ बंटी कुमारी, आरओ अरुण कुमार शर्मा, थानाध्यक्ष सूरज कुमार, पूर्व मुखिया गणेश गिरि 'कवि', रत्न शंकर भारद्वाज, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार जयसवाल, हरिओम गिरि, नवीन कुमार गिरि, मुखिया रामप्रवेश राय, लालबाबू सिंह, जेई विधुत गंगा सागर प्रसाद, चिकित्सा प्रभारी पारसनाथ, बी2वर्ल्ड आईटी प्रबंधक रजनीश कुमार, प्रधान लिपिक चंद्रप्रकाश लाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

गोलियों की गूंज से दहला ढोढरा पुल स्वर्ण व्यवसायी की हत्या से इलाके में सनसनी

कुर्था (एनएसबी)। अपराधियों ने एक बार फिर कानून-व्यवस्था को चुनौती देते हुए सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया है। गुरुवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के ढोढरा पुल के समीप अज्ञात अपराधियों ने स्वर्ण व्यवसायी मनोज सोनार उर्फ मनोज सेठ को गोली मारकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार इस गोलीबारी में एक अन्य व्यक्ति राधे कृष्ण मिश्रा भी गोली लगने से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया है। जानकारी के अनुसार स्वर्ण व्यवसायी मनोज सोनार गुरुवार के शाम मोतीपुर स्थित अपने दुकान बंद कर ऑटो पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान ढोढरा पुल के समीप पहले से घात लगाए अज्ञात अपराधियों ने उनके ऑटो को निशाना बनाते हुए ताबड़तोड़ गोलीबारी शुरू कर दी। अचानक हुई फायरिंग से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गोली लगने से मनोज सोनार उर्फ मनोज सेठ की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल तथा मृतक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सदर अस्पताल अरवल भेज दिया गया, जहां घायल व्यक्ति का इलाज जारी है। वहीं मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंपे जाने की प्रक्रिया की जा रही है। इस दुस्साहसिक वारदात के बाद क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है। वही स्थानीय लोगों के माने तो इस गोलीबारी ने लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों में अपराधियों की गिरफ्तारी और घटना के शीघ्र उद्भेदन की मांग उठ रही है।



घटनास्थल पर उमड़ी भीड़।



रोते-बिलखते परिजन।

संक्षिप्त खबरें

समेकित जांच चौकी डोभी में डीसीएम ट्रक से एक करोड़ मूल्य का 311 किलो गांजा बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

डोभी (एनएसबी)। समेकित जांच चौकी डोभी में उत्पाद विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक डीसीएम ट्रक से 311.300 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। इस दौरान एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यूपी नंबर की डीसीएम ट्रक के डाले में रद्दी धान के बोरों के बीच छिपाकर 10 बोरों में गांजा ले जाया जा रहा था। जांच के दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने गांजे की बरामदगी करते हुए ट्रक चालक आलोक कुमार (35 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुपौल जिले के करजाइन थाना क्षेत्र के वायसी वार्ड संख्या पांच निवासी शोभानंद यादव के पुत्र आलोक कुमार के रूप में हुई है। इस मामले में अनुसंधान पूरा होने के बाद आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र समर्पित किया जाएगा। छापेमारी दल में उत्पाद विभाग के अधिकारी एवं सैप बल के जवान शामिल थे।

डीएम और एसपी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया संयुक्त निरीक्षण

अरवल (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने ईवीएम वेयरहाउस का किया संयुक्त निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था एवं रखरखाव का लिया जायजा जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस एवं पुलिस अधीक्षक अरवल श्री किरण कुमार गोरख जाधव द्वारा आज ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) वेयरहाउस का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य ईवीएम वेयरहाउस में रखी गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था, रखरखाव तथा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निदेशों के अनुपालन की स्थिति का जायजा लेना था। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा उपकरणों तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। साथ ही ईवीएम वेयरहाउस की निगरानी एवं सुरक्षा से संबंधित निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुपालन की जानकारी प्राप्त की। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा एवं रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों एवं दिशा-निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। वेयरहाउस की नियमित निगरानी, सुरक्षा व्यवस्था की सतत समीक्षा तथा सभी आवश्यक अभिलेखों का विधिवत संधारण सुनिश्चित करने पर भी विशेष बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप सतत निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने में ईवीएम की सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। अतः इस कार्य में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारी एवं कर्मी पूरी सतर्कता, जिम्मेदारी एवं सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।



निरीक्षण करते डीएम और एसपी।

यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ छोड़ने की अपील पर भड़के कांग्रेस नेता, चिराग पासवान के बयान की कड़ी निंदा

अरवल (एनएसबी)। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता रंजीत तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के उस बयान की कड़ी निंदा की है। जिसमें उन्होंने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से 125 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ छोड़ने की अपील की है। रंजीत तिवारी ने इसे चुनावी राजनीति से प्रेरित बयान बताते हुए कहा कि मुफ्त बिजली का लाभ आम जनता, गरीबों और मेहनतकश परिवारों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने बिहार के पासवान समाज के लोगों तथा खेत-खलिहानों में मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले श्रमिकों से अपील की कि वे चिराग पासवान की राजनीति को समझें। उन्होंने आरोप लगाया कि चिराग पासवान जनता को मिलने वाली 125 यूनिट मुफ्त बिजली की सुविधा छोड़ने की बात कर उन्हीं गरीबों और मजदूरों के हितों के खिलाफ काम कर रहे हैं, जिनके समर्थन से उन्हें राजनीतिक ताकत मिलती है। वहीं उन्होंने कहा कि चिराग पासवान अपने पिता स्वर्गीय रामविलास पासवान के आदर्शों और विचारों के साथ भी न्याय नहीं कर रहे हैं। स्वर्गीय रामविलास पासवान ने हमेशा गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों की आवाज उठाई थी। ऐसे में उनके नाम और विरासत की राजनीति करने वालों को गरीबों के हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए। कांग्रेस नेता ने चिराग पासवान को चुनौती देते हुए कहा कि यदि वे वास्तव में जनता के बीच लोकप्रिय हैं तो जहानाबाद संसदीय क्षेत्र अथवा किसी भी सामान्य सीट से चुनाव लड़कर अपनी लोकप्रियता साबित करें। जनता उन्हें चुनाव में उनकी राजनीतिक हैसियत का एहसास करा देगी। वही उन्होंने कहा कि 125 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ आम लोगों के हित से जुड़ा विषय है और इस पर किसी भी तरह की राजनीतिक बयानबाजी बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने चिराग पासवान के बयान की हर स्तर पर निंदा की।

सोहा गांव के धीरज सिंह ने पाँच महीने की पदयात्रा में पाँच ज्योतिर्लिंग और दो धाम का किया दर्शन

सोनवर्षाराज (एनएसबी)। नगर क्षेत्र के सोहा गांव निवासी धीरज कुमार सिंह ने अपने कठिन धार्मिक भावनाओं को आगे बढ़ाते हुए अपने 4 धाम 12 ज्योतिर्लिंग की पदयात्रा के 5वें माह में उसने महाराष्ट्र के नासिक स्थित भगवान त्र्यंबकेश्वर महादेव का दर्शन कर पुजा अर्चना किया। इस तरह धीरज ने सबसे पहले झारखंड के बाबा बैद्यनाथ धाम उसके बाद जगन्नाथ पुरी धाम में भगवान जगन्नाथए बलभद्र और माता सुभद्राए आंध्र प्रदेश के श्रीशैलम में भगवान मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंगए तमिलनाडु के रामेश्वरम धाम पहुँचकर भगवान रामनाथस्वामी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी यात्रा के दौरान धीरज ने तिरुपति बालाजी का भी पावन दर्शन भी किया। इसके बाद महाराष्ट्र की धरती पर पहुँचकर सबसे पहले चैथे ज्योतिर्लिंग बाबा भीमाशंकर और ज्योतिर्लिंग भगवान त्र्यंबकेश्वर महादेव का दर्शन करने के साथ पुजा अर्चना किया । इस तरह धीरज ने 5 वें माह में 5 ज्योतिर्लिंग के दर्शन एवं 2 धाम की यात्रा पूरा कर लिया है। धीरज अब महाराष्ट्र के छठे ज्योतिर्लिंगए संभाजीनगर क्षेत्र के घृष्णेश्वर महादेव के दर्शन करने हेतू अपनी पदयात्रा प्रारंभ करने वाला है।

धन्वन्तरि जयंती धनतेरस ए 8 को मनेगी दीपावली : पंडित तरुण झा

सहरसा। मिथिला व कोशी के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा ने बताया कि कार्तिक कृष्ण पक्ष त्रयोदशी को भगवान धन्वंतरि की जयंती मनाई जाती है। धन त्रयोदशी या धनतेरस का त्योहार इस बार बेहद शुभ संयोग लेकर आ रहा है। धनतेरस दिवाली से दो दिन पहले मनाई जाती हैए इसे धनत्रयोदशी भी कहते हैं। धनतेरस पर देवताओं के वैद्य माने जाने वाले भगवान धनवंतरी की पूजा करते हैं एवं दीपावली 08 नवंबर रविवार को मनाई जायेगी।
विश्वविद्यालय पंचांग के अनुसार कार्तिक मास की त्रयोदशी तिथि 06 नवंबर को दिन में 11 बजकर 18 मिनट से शुरू हो रही हैए प्रदोष काल में त्रियोदशी तिथी होने के कारण धनतेरस इसी दिन मनाई जायेगी। शास्त्र के अनुसार धनतेरस की पूजा सदैव प्रदोष काल में ही की जाती है। 06 को धनतेरसए 07 को यमदीपदानंए हनुमज्जन्मोत्सवए हनुमद्ध्वजादानंए 08 को शुभ दीपावलीए लक्ष्मी कुबेर पूजाए उल्का भ्रमणए काली पूजाए पितृ विसर्जनए 09 पूजाए अन्नकूटए 11 नवंबर को भ्रातृद्वितीयाए चित्रगुप्त पूजा होगी।

चाइनीज लाइट के चमक ने धीमी की चाक की रफ्तार



मिट्टी का दिया बनाते कुम्हार।

कुर्था(एनएसबी)। दीपावली व छठ महापर्व की आहट के साथ ही कुर्था प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में कुम्हकार परिवारों के घरों में चाक की रफ्तार तेज हो गई है। कोई मिट्टी तैयार करने में जुटा है, तो कोई मिट्टी के दीये, कलश, हाथी, ढकना और अन्य पूजन सामग्री को आकार देने में लगा है। घरों की सजावट से लेकर पूजा-पाठ तक में इस्तेमाल होने वाली इन पारंपरिक वस्तुओं को तैयार करने में महिलाएं भी पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग कर रही हैं। त्योहारों का मौसम इन परिवारों के लिए सालभर की कमाई का एक बड़ा अवसर माना जाता है, लेकिन बदलते बाजार और बढ़ती लागत ने इनके सामने आर्थिक चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। एक समय था जब दीपावली में मिट्टी के दीयों से घर-आंगन रोशन होते थे और छठ पूजा में मिट्टी से बने बर्तनों की विशेष मांग रहती थी लेकिन अब बाजार में सस्ती और आकर्षक इलेक्ट्रॉनिक चाइनीज लाइट, मोमबत्तियों तथा आधुनिक सजावटी सामानों की बढ़ती उपलब्धता ने कुम्हारों के पुश्तैनी कारोबार को प्रभावित किया है। चमचमाती रोशनी के बीच मिट्टी के दीयों की मांग पहले जैसी नहीं रह गई है। हालांकि धार्मिक आस्था और परंपरा के कारण मिट्टी के दीयों एवं पूजा सामग्री का महत्व आज भी बरकरार है। पहले कुम्हार लकड़ी के चाक से मिट्टी के बर्तन तैयार करते थे, जिसमें अधिक मेहनत और समय लगता था। अब इलेक्ट्रॉनिक चाक ने उनके काम को कुछ आसान बना दिया है। इससे कम समय में अधिक बर्तन तैयार हो रहे हैं और उत्पादन क्षमता भी बढ़ी है। इसके बावजूद कुम्हार परिवारों की आर्थिक स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हो सका है। मिट्टी लाने, उसे तैयार करने, बर्तन पकाने और बाजार तक पहुंचाने में लगातार खर्च बढ़ रहा है, जबकि तैयार सामान की कीमत में उसी अनुपात में वृद्धि नहीं हो रही है। कुम्हार जनमत पंडित बताते हैं कि मिट्टी के बर्तन बनाने में काफी मेहनत और लागत लगती है। इसके बावजूद बाजार में उचित कीमत नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा कि इस पुश्तैनी कारोबार से किसी तरह परिवार का भरण-पोषण हो पाता है। दाल-रोटी का खर्च निकल जाए, यही बहुत बड़ी बात है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि कम आमदनी और बढ़ती मेहनत के कारण नई पीढ़ी अब इस पुश्तैनी व्यवसाय से दूरी बनाने लगी है। युवा दूसरे रोजगार और व्यवसाय की तलाश में हैं। ऐसे में पीढ़ियों से मिट्टी को आकार देकर समाज की परंपराओं और त्योहारों को जीवंत रखने वाला यह पारंपरिक हुनर धीरे-धीरे संकट का सामना कर रहा है।

तकनीकी विभागों की कार्य प्रगति की डीएम ने की विस्तृत समीक्षा



बैठक करते डीएम।

अरवल (एनएसबी)। तकनीकी विभागों की कार्यप्रगति की जिला पदाधिकारी ने की विस्तृत समीक्षा, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्य पूर्ण करने का दिया निर्देश जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस की अध्यक्षता मे समाहरणालय परिसर में तकनीकी विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं आधारभूत संरचना से संबंधित योजनाओं की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान पीएचईडी विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, भवन निर्माण विभाग एवं लघु जल संसाधन विभाग के कार्यों की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों से योजनाओं की वर्तमान स्थिति, कार्य प्रगति एवं क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं की जानकारी प्राप्त की गई। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि सरकार की विकासात्मक योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं के कार्यान्वयन में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी संबंधित पदाधिकारी अपने-अपने विभागों की योजनाओं की नियमित निगरानी करें तथा निर्माण कार्यों का समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण करते रहें, ताकि कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति सुनिश्चित की जा सके। पीएचईडी (लोक स्वास्थ्य प्रमंडल) विभाग की समीक्षा के दौरान पेयजल से संबंधित योजनाओं की स्थिति, ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता तथा खराब पड़े बापाकलों एवं अन्य पेयजल स्रोतों की मरम्मत की स्थिति की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि आम नागरिकों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विभाग पूरी तत्परता से कार्य करे। पेयजल से संबंधित प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा खराब पेयजल स्रोतों को अविलंब चालू कराया जाए। ग्रामीण कार्य विभाग एवं पथ निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान सडकों के निर्माण, मरम्मत, रखरखाव एवं निमार्णाधीन पथों की प्रगति की जानकारी ली गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन को सुगम बनाने के लिए सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए। निर्माण कार्यों में निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित हो तथा कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए। साथ ही, जिन योजनाओं का कार्य लंबित है, उन्हें निर्धारित समय-सीमा के अंदर पूर्ण करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाए। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान विद्युत आपूर्ति की स्थिति, बिजली से संबंधित समस्याओं, जर्जर विद्युत तारों एवं उपकरणों के रखरखाव तथा उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी की जाए तथा आम नागरिकों से प्राप्त विद्युत संबंधी शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए। सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखते हुए आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य समय पर पूरा किया जाए। भवन निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान विभिन्न सरकारी भवनों के निर्माण, मरम्मत एवं रखरखाव से संबंधित योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी निमार्णाधीन भवनों का कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए। निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा कार्य में अनावश्यक विलंब करने वाले संवेदकों एवं संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। लघु संसाधन विभाग की समीक्षा के दौरान सिंचाई एवं जल संसाधन से संबंधित योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभागीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। योजनाओं के रखरखाव एवं मरम्मत पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि आम लोगों एवं किसानों को इनका समुचित लाभ मिल सके।

कैंसर उपचार के क्षेत्र में गया को बड़ी सौगात

अब गया में भी होगा कैंसर का इलाज, मगध कैंसर सेंटर और अभय इंस्टीट्यूट ने मिलाया हाथ

गया (एनएसबी)। कैंसर जैसी गंभीर और चुनौतीपूर्ण बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए गया से एक राहत भरी खबर सामने आई है। मगध कैंसर सेंटर, पटना और अभय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, गया के संयुक्त सहयोग से गया में कैंसर उपचार की शुरूआत की गई। इस पहल को मगध क्षेत्र में विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इसका उद्देश्य कैंसर मरीजों को उनके अपने क्षेत्र में बेहतर चिकित्सा परामर्श और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने का अवसर प्रदान करना है, ताकि उन्हें इलाज के लिए बार-बार पटना अथवा अन्य बड़े शहरों की यात्रा न करनी पड़े।

कैंसर का नाम सुनते ही मरीज और उनके परिजन मानसिक, शारीरिक तथा आर्थिक चुनौतियों से घिर जाते हैं। बीमारी की गंभीरता के साथ-साथ सही चिकित्सक तक पहुंच, जांच, उपचार और नियमित फॉलोअप की चिंता भी उन्हें परेशान करती है। खासकर ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में रहने वाले मरीजों के लिए बड़े शहरों में जाकर इलाज कराना आसान नहीं होता। ऐसे में गया में कैंसर उपचार की सुविधा शुरू होना न केवल मरीजों के लिए राहत का विषय है, बल्कि पूरे मगध क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए भी एक सकारात्मक पहल है।

इस संयुक्त प्रयास के केंद्र में दो अनुभवी चिकित्सा संस्थानों का सहयोग है। मगध कैंसर सेंटर, पटना के निदेशक डॉ. रिदु कुमार शर्मा और अभय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, गया के निदेशक डॉ. ए. एन. राय ने कैंसर चिकित्सा सेवाओं को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

कैंसर चिकित्सा के विशेषज्ञ हैं डॉ. रिदु कुमार शर्मा : मगध कैंसर सेंटर, पटना के निदेशक डॉ. रिदु कुमार शर्मा कैंसर चिकित्सा के विशेषज्ञ चिकित्सक हैं। उन्होंने पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़ से एमडी तथा रीजनल कैंसर सेंटर, तिरुवनंतपुरम से मेडिकल ऑन्कोलॉजी में डीएम की उच्च विशेषज्ञता प्राप्त की है। उन्हें कैंसर के विभिन्न प्रकारों के निदान और उपचार का व्यापक अनुभव है। हेमेटो-ऑन्कोलॉजी, पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी तथा बोन मैरो ट्रांसप्लांट जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में भी उनकी विशेषज्ञता है। चिकित्सा क्षेत्र में 16 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले डॉ. शर्मा का प्रयास कैंसर मरीजों को आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों के अनुरूप उपचार और उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। मगध कैंसर सेंटर के माध्यम से वे क्षेत्र में कैंसर चिकित्सा की बेहतर व्यवस्था विकसित करने की दिशा में सक्रिय हैं।

विशेषज्ञ चिकित्सकों के साझा प्रयास से मगध क्षेत्र के मरीजों को मिलेगी बेहतर चिकित्सा सुविधा, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

डॉ. ए. एन. राय के अनुभव से मजबूत होगी स्वास्थ्य सेवा : अभय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, गया के संस्थापक एवं निदेशक डॉ. ए. एन. राय चिकित्सा जगत की अनुभवी हस्तियों में शामिल हैं। उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज से एमबीबीएस और मेडिसिन में एमडी की शिक्षा प्राप्त की है। चिकित्सा के क्षेत्र में उच्च अध्ययन के लिए उन्होंने ब्रिटेन से एमआरसीपी और एफआरसीपी जैसी प्रतिष्ठित उपाधियां भी हासिल की हैं। वे अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर तथा बाद में प्राचार्य के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। चिकित्सा शिक्षा, मरीजों की सेवा और स्वास्थ्य संस्थानों के विकास में उनका लंबा अनुभव रहा है। गया में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं को स्थानीय लोगों तक पहुंचाने के प्रयास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

चिकित्सा जगत की प्रमुख हस्तियों की रही मौजूदगी : इस अवसर पर चिकित्सा जगत से जुड़े कई प्रतिष्ठित चिकित्सक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों में डॉ. ए. एन. राय और डॉ. रामाधार तिवारी शामिल रहे। कार्यक्रम में आईएमए बिहार के अध्यक्ष डॉ. ललित मोहन सिंह तथा गया आईएमए के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। इसके अलावा डॉ. के. के. सिन्हा, डॉ. जयश्री सिन्हा, डॉ. यू. एस. अरुण, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. आर. आर. वर्मा, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. आशीष, डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह एवं डॉ. अतुल सिंह सहित अनेक चिकित्सक और गणमान्य लोग मौजूद रहे। चिकित्सा क्षेत्र की इन प्रमुख हस्तियों की सहभागिता ने इस पहल के महत्व को और भी विशेष बना दिया।

स्थानीय स्तर पर उपचार की सुविधा से मरीजों को मिलेगी राहत : गया में कैंसर उपचार की शुरूआत का सबसे बड़ा महत्व यह है कि इससे स्थानीय मरीजों के लिए विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं तक पहुंच आसान बनाने का रास्ता खुलेगा। गया के अलावा औरंगाबाद, जहानाबाद, नवादा, अरवल तथा आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को भी इस पहल से लाभ मिलने की संभावना है। इलाज के लिए लंबी दूरी तय करने में लगने वाला समय, यात्रा का खर्च और परिजनों की परेशानियां कम हो सकती हैं। हालांकि कैंसर का उपचार बीमारी के प्रकार, अवस्था और मरीज की शारीरिक स्थिति के अनुसार अलग-अलग होता है। इसलिए समय पर जांच, विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह, उचित उपचार और नियमित निगरानी बेहद आवश्यक है। स्थानीय स्तर पर ऐसी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होने से मरीजों को उपचार की प्रक्रिया समझने और समय पर चिकित्सकीय सहायता प्राप्त करने में सहूलियत मिल सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार कैंसर के प्रति जागरूकता, शुरूआती लक्षणों की पहचान और समय पर चिकित्सकीय जांच बीमारी से मुकाबले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लोगों को किसी भी असामान्य गांठ, लगातार दर्द, बिना कारण वजन कम होने, असामान्य रक्तस्राव या लंबे समय तक बने रहने वाले अन्य लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। हालांकि ऐसे लक्षणों का अर्थ हमेशा कैंसर नहीं होता, लेकिन चिकित्सकीय जांच कराना जरूरी है।

मगध कैंसर सेंटर, पटना और अभय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, गया की यह साझेदारी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने की क्षमता रखती है। यदि इस पहल के माध्यम से विशेषज्ञ परामर्श, आवश्यक जांच और उपचार की सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जाता है, तो मगध क्षेत्र के हजारों मरीजों को इसका लाभ मिल सकता है। निश्चित रूप से गया में कैंसर उपचार की यह शुरूआत गंभीर बीमारी से संघर्ष कर रहे मरीजों और उनके परिवारों के लिए उम्मीद का एक नया अध्याय साबित हो सकती है।

संक्षिप्त खबरें

चैतन्य मंदिर में नौ को मनेगा गोवर्धन पूजा व अन्नकूट त्योहार

मंदिर के जीर्णोद्धार की योजना करेंगे साकार

पटना सिटी/एनएसबी। गायघाट स्थित लगभग 500 वर्ष प्राचीन चैतन्य मंदिर ठाकुरबाड़ी में नौ नवंबर को गोवर्धन पूजा व अन्नकूट पूजन का आयोजन होगा. इसकी जानकारी मंदिर न्यास समिति के सदस्य नितिन कुमार रिंकु व सचिव सदानंद गोस्वामी ने देते हुए बताया कि पूजन में नागालैंड के राज्यपाल नंद किशोर यादव,पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता,कला संस्कृति मंत्री डॉ प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव,विधायक रतनेश कुमार समेत अन्य प्रबुद्धजन शामिल होगे.इसके साथ ही समाज व सरकार के सहयोग से मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य कराया जायेगा. प्रेस वार्ता में उपस्थित कोषाध्यक्ष कृष्णा सिंघानिंया,सदस्य नारायण प्रकाश शाह व अजीत कुमार, समेत मंदिर न्यास समिति के अन्य सदस्यों ने बताया कि मंदिर में स्थित पुस्तकालय का भी आधुनिक बनाने का कार्य होगा.

निधन को बताया समाज कीअपूरणीय क्षति

पटना सिटी/एनएसबी। मारवाड़ी सेवा समिति के अध्यक्ष संजीव देवड़ा के बड़े भाई प्रदीप देवड़ा के निधन के बाद उनका दाह संस्कार खाजेकलां घाट पर हुआ. दाह संस्कार में विधायक रतनेश कुमार,गोविंद कानोडिया, प्रभाकर मिश्र, प्रभात भरतिया,ललित अग्रवाल,राजेश चौधरी,राजकुमार गोयनका,पूर्व पार्षद बलराम चौधरी,मो जावेद,मो अनवर समेत अन्य समेत अन्य शामिल हुए. मुखाग्नि पुत्र सौरभ देवड़ा ने दी. वो अपने पीछे दो पुत्री व एक पुत्र छोड़ गये. निधन पर निधन पर सामाजिक व राजनीतिक संगठनों से जुड़े लोगों में कमल नोपानी,महेश जालान हनुमान सहाय गोयल के साथ समाज के बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों व पत्रकारों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है.

छापेमारी में जब्त हुई नमक,पुलिस कर रही छानबीन

पटना सिटी/एनएसबी। मासलामी थाना के नुरुउद्दीनगंज स्थित मुहल्ला में पुलिस प्रशासन की टीम ने छापेमारी कर ब्रांडेड कंपनी के मिलते जुलते नाम से साधारण नमक की पैकिंग करने वाले कारखाने का खुलासा किया है. छापेमारी कार्यपालक दंडाधिकारी सुनील कुमार के नेतृत्व में कंपनी के लिगल प्रतिनिधि की उपस्थिति में हुई. छापेमारी के दौरान कारखाना संचालक व कर्मी फरार हो गये. छापेमारी में ब्रांडेड कंपनी के नाम पर पैक आधा किलो व एक किलो की पैकिंग नमक,रैपर,रिफलिंग मशीन व वजन करने की मशीन के साथ अन्य सामान मिला है. कार्यपालक दंडाधिकारी के अनुसार ब्रांडेड कंपनी के खाद्य तेल का डिब्बा व कार्टन भी मिला है. पुलिस ने बताया कि इस मामले में शिकायत के आधार पर कार्रवाई करेगी.

प्रबंधक कमेटी चुनाव को मतदाता सूची प्रकाशन,आज तक होगा दावा आपत्ति

पटना सिटी/एनएसबी। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के निर्देश के आलोक में तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के चुनाव को लेकर पांच हलकों के प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया है. प्राधिकार के निर्देश के आलोक में प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह के आदेश पर मतदाता सूची का प्रकाशन किया गयचा है. पांच हलकों के प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में छह नवंबर तक तक दावा आपत्ति दर्ज होगी. इसके बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा. मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही तख्त साहिब में सियासी हलचल बढ़ गयी है. मतदाता सूची केअंतिम प्रकाशन के बाद ही तख्त साहिब में पांच हलकों में होने वाले चुनाव को लेकर प्राधिकार की ओर से चुनावी प्रक्रिया आरंभ होगी.

नौकरी का झांसा देकर ठगे दो लाख रुपये

पटना सिटी/एनएसबी। बाइपास थाना के बाहरी बेगमपुर सीधे बाजार निवासी मुकेश कुमार ने आलमगंज थाना में नौकरी लगाने के नाम पर दो लाख दस हजार रुपये ठगने और मारपीट कर धमकी देने की शिकायत दर्ज करायी है. आलममगंज थाना की पुलिस ने बताया कि पीड़ित ने बताया है कि सरकारी संस्था में नौकरी लगाने के नाम पर निरंजन कुमार की ओर से रुपये लिया गया है. पैसा मांगने पर गुलजारबाग के पास बुला कर मारपीट व धमकी देने का आरोप लगाया है. पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन कर रही है.

स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चिकित्सक को दी विदाई

पटना सिटी/एनएसबी। मारूफगंज स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की प्रभारी चिकित्सक डॉ माला श्रीवास्तव को विभाग में सचिव बनाये जाने पर विदाई दी गयी. आयोजन में डॉ माला ने डॉ विजय कुमार चौधरी को प्रभार दिया. इस मौके पर पार्षद मनोज कुमार उर्फ मुन्ना जायसवाल, विनय कुमार बिट्टू,डॉ आकांक्षा कुमारी, डॉ शिव प्रकाश,डॉ आरिफा, सम्राट प्रसाद, कृष्णा कुमार, समीर कुमार, राजू गुप्ता, माधुरी कुमारी,सुधा, अनुराधा,जैनुल अबेदिन, पूनम कुमारी, सदमा प्रवीण, राकेश रंजन, मनीष कुमार, रामशोभित, राजदेव सिंह, विशाल, राजकुमार, संजू,सुनैना देवी, मिनता देवी, पप्पू कुमार,राजू कुमार, पिंटू पासवान समेत अन्य उपस्थित थे.

आपूर्ति के लंबित मामलों का शीघ्र करें निष्पादन : डीएम

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) जिला पदाधिकारी समीर सौरभ की उपस्थिति में गुरुवार को जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में खाद्यान्न उठाव एवं वितरण, राशन कार्ड निर्गमन, ई-केवाईसी, जन वितरण प्रणाली की दुकानों के निरीक्षण, गैस सिलेंडर से संबंधित छापेमारी तथा निगरानी समितियों के कार्यों की समीक्षा की गई। नवंबर माह में जिले में 1,390 खाद्यान्न निर्गम आदेश जारी किए गए हैं, जिनमें 514 प्रेषित किए जा चुके हैं। डीएम ने शेष खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण निर्धारित समयसीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। राशन कार्ड से संबंधित 37,444 आवेदनों में 16,150 कार्ड निर्गत किए गए हैं। लंबित ई-केवाईसी एवं राशन कार्ड आवेदनों का शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया। अक्टूबर माह में 1,416 जन वितरण प्रणाली दुकानों में से 893 का निरीक्षण किया गया, जिसमें 12 अनियमितताएं पाई गईं। वहीं, आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत 78 छापेमारी की गई। डीएम ने नियमित निरीक्षण एवं अनियमितता पर नियमानुसार कार्रवाई का निर्देश दिया। पंचायत स्तर की 236 निगरानी समितियों में से 74 की बैठक हुई। शेष समितियों की बैठक शीघ्र कराने का निर्देश दिया गया। वहीं सहयोग पोर्टल पर प्राप्त 1,973 आवेदनों में 1,969 का निष्पादन किया जा चुका है। डीएम ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपूर्ति व्यवस्था में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा लाभुकों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

माय भारत युवा संसद में तीन विजेता चयनित

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में माय भारत के तहत गोपालगंज द्वारा गुरुवार को थावे डीएवी पब्लिक स्कूल में विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद के अंतर्गत जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन किया गया। इसमें 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं ने ह्यएक राष्ट्र, एक चुनावह्न विषय पर अपने विचार एवं तार्किक क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सचिन यादव, बालाजी एवं सुमैया खातून को विजेता घोषित किया गया। तीनों विजेता अगले चरण में बिहार विधानसभा में आयोजित युवा संसद में गोपालगंज जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी डॉ. प्रेरणा सिंह एवं जिला युवा अधिकारी शशांक मित्तल ने विजेताओं एवं प्रतिभागियों को सम्मानित किया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम के समापन पर दीपावली स्नेह मिलन का भी आयोजन किया गया। यह आयोजन युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल रहा।

दिवाली के पूर्व संध्या पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में किया गया कार्यक्रमों का आयोजन



महुआ/एनएसबी। दीपावली के पूर्व आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जानगर, महुआ में रंगोली बनाकर छात्र-छात्राओं ने दीपोत्सव कार्यक्रम मनाते हुए जमकर गीत एवं नृत्य की प्रस्तुति किया। इस अवसर पर दर्जनों छात्राओं ने एक से बढ़कर एक नृत्य का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर शिक्षक संघ जिला सचिव पंकज कुशवाहा ने कहा कि दीपावली का सीधा संदेश है- "तमसो मा ज्योतिर्गमय" मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो।हर मानव अंधकार में जीता है। चाहे बात शिक्षा की हो, संस्कार का हो ,पर्यावरण के प्रति जागरूकता का हो या अध्यात्म के साथ-साथ समाज व देश के प्रति अपने कर्तव्य का हो। हर मानव ज्ञान के लिए अंत अंत तक प्रयासरत रहता है। वह ज्ञान जो हमें एक परिपूर्ण मानव बनाता हो, वह प्रकाश पुंज जो हमारे जीवन को प्रकाशित करता हो वह इस दीपावली के शुभ अवसर पर हम सभी को प्राप्त हो, ऐसी कामना की पूर्ति के लिए ही दीपावली का त्यौहार मनाया जाता है।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार आलोक ने विद्यालय के रसोईया को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सहायक शिक्षिका शकुंतला सिन्हा, सुमन लता,संगीता कुमारी, विनीता कुमारी, मोहम्मद अफजल हुसैन, सजिना प्रवीण के अलावा काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। वही महुआ नगर परिषद क्षेत्र के मध्य विद्यालय महुआ के छात्राओं के द्वारा भी दीपों की आकृति के साथ-साथ शुभ लाभ की आकृति बनाकर भी दिवाली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ध्रुव कुमार, शिक्षक सत्येंद्र कुमार, अमित कुमार, रोहित कुमार के अलावे सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं दर्जनों छात्राएं भी उपस्थित थे।

दो दिवसीय जिला स्तरीय कला उत्सव-2026 का आयोजन



हाजीपुर/एनएसबी। शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा वैशाली के तत्वावधान में जी ए इंटर उच्च विद्यालय, हाजीपुर के सभागार में दो दिवसीय कला उत्सव का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में वैशाली जिले के विभिन्न प्रखंडों के 840 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन सोनाली संचिता, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा, वैशाली , दिलीप कुमार,गुणवत्ता शिक्षा संभाग प्रभारी एवं खुर्शीद अख्तर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग की तरफ से सभी माध्यमिक विद्यालयों(9-12)के छात्रों के लिए प्रत्येक वर्ष कला उत्सव का आयोजन किया जाता है । इसके अंतर्गत संगीत - गायन,वादन एवं नृत्य, थिएटर, पारंपरिक कहानी वाचन तथा दृश्य कला की प्रतियोगिता आयोजित है। नृत्य के निर्णायक मंडल सदस्य श्रीमती सोनी कुमारी एवं श्रीमती उर्मिला मिश्रा के निर्णय के आधार पर समूह नृत्य में उच्च माध्यमिक विद्यालय काशीपुर चकबीबी, हाजीपुर प्रथम, उत्क्रमित उच्च विद्यालय ममरेजपुर कन्या ,देसरी द्वितीय तथा जेटी हाई स्कूल बरुआ बहुआरा, हाजीपुर एवं आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय दामोदरपुर ,राजापाकर ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं एकल नृत्य में उत्क्रमित उच्च विद्यालय शीतलपुर भकुरहर ,लालगंज की सिमरन कुमारी प्रथम, गांधी विद्या मंदिर तिसिऔता ,वैशाली की सेजल कुमारी ने द्वितीय तथा हाई स्कूल मथुरा गोखुला, बिदुपुर की मनीषा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। । निर्णायक मंडल सदस्यों में नृत्य -सोनी कुमारी, उर्मिला मिश्रा, दृश्य कला -ललिता भारती, अर्चना कुमारी, थिएटर -उमेश कुमार प्रसाद सिंह, संजीव कुमार शर्मा, संगीत गायन -विश्वजित कुमार, पूजा कुमारी, संगीत वादन -तारा कान्त सिंह, राहुल कुमार तथा पारंपरिक कहानी वाचन- सुधाकर कांत चक्रवर्ती ,अमरेश कुमार। कार्यक्रम को सफल बनाने में मधु कुमारी, निक्की कुमारी, कुमारी चंदा पंडित, प्रियदर्शनी नेहा, कुमारी सुमन, अंशु प्रिया,सोनी कुमारी, शिवम कुमार, श्रीमती जया,मांडवी कुमारी, सत्यप्रकाश कुमार, अमित कुमार सोलंकी, कुन्दन चौबे, मनीष कुमार प्रमुख हैं । मंच का संचालन मधु कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन विश्वजीत कुमार ने किया।

जिला पदाधिकारी के निर्देश पर 'गंगा उत्सव-2026' का सफल आयोजन

स्वच्छ एवं अविरल गंगा के संरक्षण का दिया गया संदेश



हाजीपुर/एनएसबी। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, नई दिल्ली के निर्देश एवं जिला पदाधिकारी, वैशाली सह अध्यक्ष, जिला गंगा समिति, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह के मार्गदर्शन में नमामि गंगे घाट, हाजीपुर में गंगा उत्सव-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गंगा सहित स्थानीय नदियों के संरक्षण, स्वच्छता एवं अविरलता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा नदी संरक्षण में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का आयोजन जिला गंगा समिति, वैशाली, नगर परिषद, हाजीपुर एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, वैशाली के संयुक्त तत्वावधान में डीपीओ नमामि गंगे, वैशाली श्री मुनेश कुमार के समन्वय से किया गया। इस अवसर पर गंगा आरती, दीपोत्सव, नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, स्वच्छता हस्ताक्षर अभियान एवं स्वच्छता शपथ सहित विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गई। कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों, युवाओं, विद्यार्थियों, प्लास्टिक वॉरियर्स, सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय लोगों को नदियों के संरक्षण तथा घाटों की स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह ने कहा कि गंगा उत्सव हमारी नदियों के प्रति श्रद्धा, सम्मान और सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत, आस्था एवं सभ्यता की पहचान है। नदियों को स्वच्छ, निर्मल एवं अविरल बनाए रखना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि नदी संरक्षण केवल प्रशासनिक प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें आम नागरिकों की सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। जिला पदाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की कि वे नदियों में कूड़ा-कचरा, प्लास्टिक एवं पूजन सामग्री प्रवाहित नहीं करें तथा घाटों की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग दें। जल संरक्षण को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित जल स्रोतों के संरक्षण का संकल्प लें।

शराब तस्करी के नाम पर कार चालक से 50 हजार की अवैध वसूली, तीन गिरफ्तार

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) एनएच-27 पर शराब तस्करी के नाम पर वाहन चालकों को डराकर अवैध वसूली करने वाले गिरोह का कुचायकोट पुलिस ने पदार्फाश किया है।पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि बोलेरो सवार आरोपितों ने एक कार चालक को शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त होने का झूठा आरोप लगाकर पुलिस कार्रवाई का भय दिखाया और उससे यूपीआई के माध्यम से 50 हजार रुपये अपने परिचित के खाते में हस्तांतरित करा लिए।पुलिस ने आरोपितों के पास से घटना में प्रयुक्त बोलेरो और तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं।पुलिस के अनुसार, चार नवंबर को बथना के समीप आइडियल होटल के पास बोलेरो सवार तीन लोगों ने एक कार को रोक लिया।इसके बाद कार चालक पर शराब की तस्करी करने का आरोप लगाते हुए उसे पुलिस से पकड़वाने और कार्रवाई कराने की धमकी दी।इस दौरान आरोपितों ने चालक को भयभीत कर दिया और उससे अपने एक परिचित के यूपीआई खाते में 50 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गोपालपुर थाना क्षेत्र के बरनैया गांव निवासी आदित्य कुमार, कुचायकोट थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव निवासी रितिक कुमार तथा सारण जिले के मसरख थाना क्षेत्र के सोनौली गांव निवासी नितेश सिंह के रूप में हुई है।पुलिस ने तीनों आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें आगे की कार्रवाई के लिए न्यायालय में भेज दिया।

नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस

पंचदेवरी (दैनिक नवसंदेश) नौकरी दिलाने के नाम पर सात लाख 20 हजार 250 रुपये की धोखाधड़ी किये जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कटेया थाना क्षेत्र के भृंगीचक(जमुनहा) निवासी सुनील कुमार मिश्रा उर्फ मुन्ना मिश्रा ने थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी में गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी सुजीत कुमार दुबे पर नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये व गहने लेने तथा बाद में रुपये मांगे जाने पर गाली-गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार आरोपित ने सुनील कुमार मिश्रा की पत्नी रंजना देवी को लिपिक, भतीजे आंसू कुमार मिश्रा को लिपिक तथा साले अजय तिवारी को परिचारी के पद पर नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया था। इसके लिए उसने अलग-अलग तिथियों में फोन-पे के माध्यम से 2 लाख 38 हजार रुपये, नगद चार लाख रुपये तथा 82 हजार 250 रुपये मूल्य के गहने ले लिये। सुजीत कुमार दुबे पर कुल 7 लाख 20 हजार 250 रुपये की रकम लेने का आरोप लगाया गया है। आवेदन में यह भी बताया गया है कि आरोपित ने 19 अक्तूबर 2024 के पत्रांक-7371 का जिला शिक्षा पदाधिकारी, गोपालगंज के कार्यालय आदेश का हवाला देकर नौकरी दिलाने का विश्वास दिलाया था। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब नौकरी नहीं मिली और पीड़ित ने अपनी रकम वापस मांगी, तो कथित तौर पर उसके साथ गाली-गलौज की गयी और जान से मारने की धमकी दी जाने लगी। पीड़ित ने अपने आवेदन में यह भी दावा किया है कि उक्त कार्यालय आदेश के आधार पर हरखौली निवासी मनीष तिवारी उर्फ बिट्टू तिवारी के तीन परिजनों स्नेहा तिवारी, अंकित राज और श्रेया तिवारी को भी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का शिकार बनाया गया है। पीड़ित ने अपने आरोपों के समर्थन में रुपये के लेन-देन और गहने से संबंधित कागजातों की छायाप्रति तथा कॉल रिकॉर्डिंग उपलब्ध होने की बात कही है तथा पुलिस को कई साक्ष्य भी उपलब्ध कराया है। मामले की जांच कर आरोपित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग पीड़ित द्वारा की गयी है। कटेया थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया की 7।20 लाख की ठगी के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है।

हनुमान मंदिर परिसर से हटाया गया अतिक्रमण, प्रशासन ने खाली कराई जमीन

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों की जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने के अभियान के तहत गुरुवार को कुचायकोट अंचल प्रशासन ने बेलबनवां स्थित हनुमान मंदिर परिसर में की गई अवैध कब्जेदारी को हटवा दिया।मंदिर की भूमि पर अस्थायी दुकान रखकर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत मिलने के बाद प्रशासन ने यह कार्रवाई की।मिली जानकारी के अनुसार, कुचायकोट थाना क्षेत्र के बेलबनवां गांव स्थित हनुमान मंदिर परिसर में धर्मेंद्र प्रसाद, पिता रामचंद्र प्रसाद द्वारा कथित तौर पर अस्थायी दुकान रखकर मंदिर की भूमि पर कब्जा किया गया था।इस संबंध में अंचल प्रशासन को सूचना मिली थी। सूचना के आलोक में गुरुवार को अंचल अधिकारी मनोरंजन शुक्ला के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।इस दौरान मंदिर परिसर में अस्थायी रूप से रखी गई दुकान को हटाकर अतिक्रमणमुक्त कराया गया।सीओ ने बताया कि मंदिर परिसर की भूमि पर अस्थायी रूप से किए गए अतिक्रमण को हटा दिया गया है।धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों की भूमि पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।ऐसी शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।अतिक्रमण हटाने के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए कुचायकोट थानाध्यक्ष दर्पण सुमन पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन की इस कार्रवाई से मंदिर परिसर की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।



जिला पदाधिकारी के मार्गदर्शन में विकसित भारत युवा संसद 2027 का जिला स्तरीय आयोजन संपन्न

शीर्ष तीन प्रतिभागियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन



हाजीपुर/एनएसबी। जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह के मार्गदर्शन में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत वैशाली द्वारा आज CIPET, हाजीपुर में विकसित भारत युवा संसद 2027 का जिला स्तरीय आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं, नेतृत्व क्षमता, तार्किक चिंतन एवं प्रभावशाली वक्तृत्व कला का विकास करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। प्रतियोगिता में जिला स्तरीय विषय ह्यएक राष्ट्र, एक चुनावह्न पर प्रतिभागियों ने अपने विचारों को तार्किक, तथ्यपरक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों का मूल्यांकन विषय की समझ, विचारों की स्पष्टता, तार्किक विश्लेषण एवं प्रस्तुतीकरण के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सुश्री सलोनी प्रिया ने प्रथम, श्री करण कुमार ने द्वितीय तथा श्री मुरारी कुमार पांडेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जहाँ वे वैशाली जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह ने सफल प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति एवं भविष्य के नेतृत्वकर्ता हैं। ऐसे आयोजन युवाओं में लोकतांत्रिक चेतना, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मक विचारों को विकसित करने के साथ-साथ उन्हें राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

विद्यालय के बच्चों ने निकाली छठ पूजा की झांकी

गोरौल/एनएसबी। नगर पंचायत गोरौल के प्राथमिक विद्यालय गोरौल चकव्यास के बच्चों ने प्रधानाध्यापक प्रणव कुमार के नेतृत्व में कला समेकित अधिगम की साज सज्जा के साथ छठ पूजा के झांकी प्रस्तुति की। इस झांकी का मुख्य आकर्षण भगवान भास्कर अर्थात सूर्य एवं उनके सात घोड़े गायत्री, वृहती, उष्णिक,जगती त्रिष्टुप,अनुष्टुप एवं पंक्ति की वेशभूषा में सजे बच्चे एवं छठ व्रती बच्चे थे। इन बच्चों को प्रधानाध्यापक ने बताया गया कि छठ व्रत बिहार का प्रमुख त्यौहार है तथा इस व्रत में भगवान सूर्य एवं कात्यायनी माता की पूजा होती है। सूर्य के सात घोड़े वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सात रंगों एवं सप्ताह के सात दिन का प्रतीक है जो हमें जीवन, प्रकृति और आध्यात्मिकता के साथ-साथ निरंतर चलते रहने का संदेश देती है। इसके साथ-साथ छठ व्रत पर घाटों पर अपनायी जाने वाली सुरक्षा के बारे में भी बताया गया। इस कार्यक्रम में शिशुपाल सुंदरम, राजेश रंजन ,सौरभ राज, सुभाष कुमार सारिका सिंह, रोजी प्रवीण इत्यादि शिक्षकों ने बच्चों को छठ व्रत के महत्व के बारे में बताया।



संक्षिप्त खबरें

सेप्टी टैंक में निकला छह फीट लंबा कोबरा, मची अफरातफरी

रेस्क्यू टीम ने घंटों मशक्कत के बाद सांप को सुरक्षित बाहर निकाला

फुलवरिया (दैनिक नवसंदेश) फुलवरिया गांव में गुरुवार दोपहर एक घर के समीप बने सेप्टी टैंक में करीब छह फीट लंबा कोबरा निकलने से अफरातफरी मच गई। फन फैलाए कोबरा को देखकर घर के सदस्यों के साथ आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। देखते ही देखते मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जुट गई। कोबरा सेप्टी टैंक के समीप फन फैलाकर बैठा हुआ था। उसकी लंबाई और खतरनाक अंदाज देखकर लोग सहम गए। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना रेस्क्यू टीम को दी। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और सांप को सुरक्षित बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। काफी सावधानी के साथ घंटों तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद टीम ने छह फीट लंबे कोबरा को सुरक्षित पकड़ लिया। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। रेस्क्यू के दौरान मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुटी रही।



घर में घुसकर महिला से मारपीट व तोड़फोड़, चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

भोरे (दैनिक नवसंदेश) भोरे थाना क्षेत्र के बखरिया गांव में एक महिला के साथ मारपीट करने, घर की पलानी और सरकारी नल तोड़ने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़िता कुशमावती देवी की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, पीड़िता अपने घर पर मौजूद थी, तभी सोनू मांझी, लाची देवी, चंदा देवी और इंद्रजीत मांझी लाठी-डंडों से लैस होकर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। मारपीट के दौरान आरोपितों ने महिला के पलानी वाले घर और सरकारी नल को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना में पीड़िता गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे उसके पुत्र शंभु मांझी द्वारा इलाज के लिए भोरे के रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद से विपक्षी लगातार जान से मारने और दोबारा मारपीट करने की धमकी दे रहे हैं, जिससे वह भयभीत है। मामले में पुलिस ने सुसंगत धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है।

चोरी के मामले में 20 दिन बाद दर्ज हुई प्राथमिकी

शादी के लिए रखे छह लाख नकदी व जेवर ले उड़े थे चोर
15 अक्टूबर की रात कपड़े की दुकान का शटर तोड़कर हुई थी घटना
पीड़ित के आवेदन पर 5 नवंबर को पुलिस ने दर्ज किया केस, छानबीन शुरू

भोरे (दैनिक नवसंदेश) स्थानीय थाना क्षेत्र के कल्याणपुर बाजार स्थित एक कपड़े की दुकान से हुई लाखों की चोरी के मामले में घटना के 20 दिन बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। अज्ञात चोर दुकान का शटर तोड़कर पेटी में रखे 6 लाख रुपये नकद और सोने के जेवरात उड़ा ले गए थे। पुलिस ने 5 नवंबर को केस दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। कल्याणपुर बाजार निवासी शिवजी प्रसाद गुप्ता के पुत्र पंकज कुमार गुप्ता (28 वर्ष) गांव के ही राजेश साह के मकान में किराए पर कमरा लेकर कपड़े की दुकान चलाते हैं। पीड़ित ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वह 9 अक्टूबर को दुकान में ताला लगाकर माता वैष्णो देवी के दर्शन करने गए हुए थे। इसी दौरान 15 अक्टूबर की रात अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर तोड़ दिया। 16 अक्टूबर की सुबह मकान मालिक ने पीड़ित के पिता को दुकान में चोरी होने की सूचना दी। पिता की कॉल के बाद पंकज ने अपने भाई को दुकान पर भेजा और वीडियो कॉल के जरिए देखा तो दुकान के अंदर रखी पेटी टूटी हुई थी। चोर पेटी से 6 लाख रुपये नकद, सोने के कान की बाली और एक अंगूठी चुरा ले गए थे। पीड़ित ने बताया कि उसने शादी के खर्च के लिए जमीन बेचकर वह रकम दुकान में रखी थी। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

दूसरे की जमीन बेचकर रुपये हड़पने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

भोरे (दैनिक नवसंदेश) स्थानीय थाना क्षेत्र के धर्मपुरा मौजा में दूसरे के हिस्से की जमीन जालसाजी कर बेचने और रुपये हड़प लेने का मामला सामने आया है। इस संबंध में हरदिया गांव निवासी अक्षयबर यादव ने बड़हरा गांव निवासी पप्पू सिंह के खिलाफ भोरे थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन के अनुसार, पीड़ित अक्षयबर यादव ने 18 जुलाई 2018 को मौजा धर्मपुरा स्थित खाता संख्या 69, खेसरा संख्या 62 की 2 कट्ठा 15 धूर जमीन की रजिस्ट्री पप्पू सिंह से कुल 2,90,000 रुपये में कराई थी। तय सौदे के तहत पीड़ित ने 52,000 रुपये लिखाई के समय तथा बाद में 87,000 रुपये, यानी कुल 1,39,000 रुपये का भुगतान आरोपी को किया। रजिस्ट्री के बाद पीड़ित को जानकारी मिली कि जिस जमीन का बैनामा कराया गया था, वह किसी अन्य व्यक्ति के हिस्से की है। ठगी का अहसास होने पर स्थानीय स्तर पर मुखिया, सरपंच और पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में पंचायत भी बुलाई गई। पंचायत में आरोपी ने रुपये वापस करने की बात स्वीकार की, लेकिन टालमटोल करते हुए अब तक राशि नहीं लौटाई। आरोप है कि पैसे की मांग करने पर नामजद व्यक्ति गाली-गलौज और मारपीट पर आमादा हो जाता है। पीड़ित के आवेदन पर भोरे थाने में कांड दर्ज कर लिया गया है।

स्मैक बरामदगी में एक तस्कर को दस वर्ष का सश्रम कारावास

एक लाख रूपए अर्थदंड देने का भी कोर्ट ने दिया आदेश

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम संजीव कुमार सिंह की न्यायालय ने स्मैक बरामदगी के तीन वर्ष पुराने मामले में मांझागढ़ थाने के मधु सरेया गांव के एक तस्कर को दोषी पाते हुए दस वर्ष के सश्रम कारावास तथा दस लाख रूपए अर्थदंड की सजा गुरुवार को सुनाई है। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सजा भी काटनी पड़ेगी।अभियोजन पक्ष से विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस ललन द्विवेदी तथा बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने गांव के दिलीप राम को सजा सुनाई।बताया जाता है कि गत 19 जुलाई 2023 को उत्पाद थाने की पुलिस ने कुचायकोट थाने के कुर्म टोला जलालपुर में सड़क पर वाहन चेकिंग कर रही थी।इसी दौरान एक बाइक पर सवार दिलीप राम के साथ ही एक किशोर को 480 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। कांड के अनुसंधानक की तरफ से आरोप पत्र समर्पित किए जाने के बाद मामले की सुनवाई कोर्ट में चल रही थी।

ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया गया निरीक्षण

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) जिला मुख्यालय में स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का गुरुवार को संयुक्त निरीक्षण जिला पदाधिकारी, समीर सौरभ एवं पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी की उपस्थिति में किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। निरीक्षण के क्रम में डीएम एवं एसपी द्वारा मशीनों के सुरक्षित भंडारण, वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, अग्निशमन व्यवस्था एवं



परिसर की साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर संबंधित पदाधिकारियों को मशीनों के सुरक्षित भंडारण, सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने, सीसीटीवी को हर समय क्रियाशील रखने तथा परिसर की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

छठ की झांकी में दिखी लोक आस्था की अनुपम छटा

छात्र-छात्राओं ने किया पारंपरिक रस्मों का सजीव मंचन, पांच दर्जन से अधिक छात्राओं ने दी आकर्षक प्रस्तुति

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) लोक आस्था के महापर्व छठ के आगमन से पहले ही उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुचायकोट बालक में गुरुवार को छठ की मनमोहक दृश्य देखने को मिली।विद्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने छठ पर्व की पारंपरिक पूजा-पद्धति, लोक संस्कृति और धार्मिक आस्था को अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत कर दिया।पारंपरिक परिधानों में सजे छात्र-छात्राओं ने छठ घाट की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। वहीं, छठ के पारंपरिक गीतों से पूरा विद्यालय परिसर भक्तिमय हो उठा।कार्यक्रम के दौरान छठ पूजा की विभिन्न रस्मों का सजीव मंचन किया गया।विशेष रूप से कोसी भराई की विधि और अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के दृश्य ने उपस्थित लोगों को भाव-विभोर कर दिया। छात्राओं ने पारंपरिक पूजन-अर्चन की बारीकियों को इतनी खूबसूरती से प्रस्तुत किया कि



विद्यालय परिसर छठ घाट के स्वरूप में नजर आने लगा। इस आयोजन में पांच दर्जन से अधिक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए छात्राओं ने कई दिनों तक अभ्यास और तैयारी की थी।विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने कहा कि छठ बिहार की लोक आस्था का महापर्व होने के साथ-साथ हमारी समृद्ध लोक संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है।इस तरह के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक संस्कारों से जोड़ना तथा उनके प्रति जागरूक करना है।कार्यक्रम में अंजलि, पूजा, दिशा, अनामिका, काजल सहित रोहित और आयुष ने भी शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

गोपालगंज में शराब तस्करी पर प्रशासन सख्त, चेकपोस्टों पर सघन जांच अभियान

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) जिले में शराब तस्करी पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने निगरानी और जांच अभियान तेज कर दिया है। आगामी पर्व-त्योहारों को देखते हुए जिलाधिकारी समीर सौरभ के निर्देश पर जिले के सभी प्रमुख चेकपोस्टों पर सघन वाहन जांच की जा रही है। इसी कड़ी में कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेकपोस्ट पर उत्पाद पुलिस की टीम विशेष अभियान चला रही है। अभियान के दौरान बिहार में प्रवेश करने वाले ट्रक, बस और अन्य वाहनों की बारीकी से जांच की जा रही है। शराब तस्करी की आशंका को देखते हुए वाहनों में रखे सामान की स्क्रीनिंग मशीन के माध्यम से जांच की जा रही है। वहीं, डॉग स्क्वॉड की मदद से भी संदिग्ध सामान और वाहनों की तलाशी ली जा रही है। बाहर से आने वाले लोगों और संदिग्ध गतिविधियों पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। उत्पाद अधीक्षक अमृतेश कुमार झा ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर बलथरी समेत जिले के सभी प्रमुख चेकपोस्टों पर जांच अभियान तेज किया गया है। पर्व-त्योहारों को देखते हुए विशेष रूप से पांच टीमों का गठन किया गया है। इनमें तीन टीमें



सदर उत्पाद थाना क्षेत्र और दो टीमें मोहम्मदपुर उत्पाद थाना क्षेत्र में तैनात की गई हैं। उन्होंने बताया कि शराब तस्करी से संबंधित किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। जांच अभियान के दौरान विभाग को लगातार सफलता भी मिल रही है। शराब तस्करी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

छठ की लोक आस्था और परंपरा से सराबोर हुआ विद्यालय परिसर

विद्यार्थियों ने उत्साह से मनाया महापर्व

चकागांव (दैनिक नवसंदेश) लोक आस्था के महापर्व छठ की रौनक अब विद्यालयों में भी दिखने लगी है। इसी कड़ी में गुरुवार को उचकागांव प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मथौली पांडेय में छठ पर्व हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पर्व की सांस्कृतिक और पारंपरिक छटा देखने को मिली। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के माध्यम से बच्चों को छठ महापर्व की धार्मिक मान्यताओं, सामाजिक महत्ता और समृद्ध लोक परंपराओं से रूबरू कराया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय प्रसाद ने कहा कि छठ महापर्व बिहार की सांस्कृतिक पहचान और लोक आस्था का प्रतीक है। यह पर्व हमें प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, स्वच्छता, अनुशासन, समर्पण और सामाजिक एकता का संदेश देता है। नई पीढ़ी को अपनी लोक संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के लिए ऐसे आयोजन बेहद महत्वपूर्ण हैं। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल पर्व की खुशियां साझा कीं, बल्कि



विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत के महत्व को समझने का अवसर भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की रंगोली और अन्य प्रस्तुतियों में उनकी रचनात्मक सोच और उत्साह साफ दिखाई दिया। विद्यालय परिवार का प्रयास है कि पढ़ाई के साथ विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से भी जोड़ा जाए। ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, टीम भावना और सृजनात्मक क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की और छठ पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं ने भी पर्व से जुड़े अपने अनुभव और जानकारी साझा की। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम ने बच्चों के बीच उत्साह और उमंग का माहौल बना दिया।मौके पर स्कूल के शिक्षक फूलबदन कुमारी, सपना गुप्ता, देव कुमार, रामनारायण राम आदि थे।

थावे बाईपास चैक पर सड़क हादसों पर लगाम लगाने की तैयारी

प्रशासन ने किया संयुक्त निरीक्षण

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) एनएच-27 के थावे बाईपास चैक पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है। चैक पर बने कट और डायवर्सन के कारण हो रहे हादसों को देखते हुए जिलाधिकारी समीर सौरभ के निर्देश पर गठित तीन सदस्यीय टीम ने बुधवार को घटनास्थल का निरीक्षण किया। टीम में सदर एसडीएम डॉ0 प्रेरणा सिंह, ट्रैफिक डीएसपी और जिला परिवहन पदाधिकारी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने चैक पर यातायात व्यवस्था, सड़क के कट और डायवर्सन की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। साथ ही दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान कर उन्हें दूर करने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपायों पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद यातायात पुलिस और संबंधित विभाग के कर्मियों से भी जानकारी ली। सदर एसडीएम डॉ0 प्रेरणा सिंह ने बताया कि डायवर्सन के कारण सामने आ रही तकनीकी खामियों का आकलन किया जा रहा है। निरीक्षण के



बाद टीम अपनी विस्तृत रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपेगी। रिपोर्ट के आधार पर सड़क सुरक्षा को लेकर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। वहीं, सर्दी के मौसम में कोहरे के कारण सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए भी विशेष तैयारी की जा रही है। वाहन चालकों को रास्ता दिखाने के लिए जरूरी तकनीकी व्यवस्था और सुरक्षा उपायों पर विचार किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान यातायात पुलिस उपाधीक्षक कुमार सोमेश मिश्रा, जिला परिवहन पदाधिकारी, सदर अंचल पदाधिकारी रजत कुमार बरनवाल, यातायात थाना अध्यक्ष राजेश कुमार और नगर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार प्रभाकर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन की इस पहल से उम्मीद है कि थावे बाईपास चैक पर दुर्घटनाओं में कमी आएगी और राहगीरों का आवागमन सुरक्षित हो सकेगा।

इसरो में वैज्ञानिक बने कुचायकोट के मयंक, जिले का बढ़ाया मान

गेट परीक्षा में हासिल की थी ऑल इंडिया 57वीं रैंक

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) प्रतिभा, दृढ़ इच्छाशक्ति और कठिन परिश्रम के बल पर ग्रामीण परिवेश से निकलकर देश की प्रतिष्ठित वैज्ञानिक संस्था इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) तक पहुंचने का सपना कुचायकोट प्रखंड के धर्मपुर गांव निवासी मयंक कुमार ने साकार कर दिखाया है।इसरो में वैज्ञानिक पद पर उनका चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार, बल्कि पूरे गांव और जिले में खुशी की लहर है।गुरुवार की शाम परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद से ही मयंक को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।मयंक कुमार धर्मपुर गांव के प्रतिष्ठित किसान आशुतोष राय और गृहिणी सुधा राय के पुत्र हैं। एक पुत्र और एक पुत्री वाले परिवार में मयंक बड़े बेटे हैं।उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा



के बाद दसवीं और बारहवीं की पढ़ाई पटना के एक विद्यालय से प्रथम श्रेणी में अच्छे अंकों के साथ पूरी की।इसके बाद उन्होंने आईआईटी बीएचयू से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की डिग्री हासिल की।पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने अपनी प्रतिभा और शैक्षणिक क्षमता का परिचय दिया। इसी वर्ष आयोजित गेट परीक्षा में उन्होंने ऑल इंडिया 57वीं रैंक हासिल कर अपनी मेधा साबित की थी।इसी बीच मयंक ने इसरो में वैज्ञानिक पद के लिए आयोजित चयन परीक्षा में भी हिस्सा लिया था।गुरुवार को घोषित परिणाम में उन्हें सफलता मिली और उनका चयन वैज्ञानिक पद के लिए हो।

चार रंगों के डस्टबिन से बच्चों को सिखाया कचरा प्रबंधन का तरीका

ईको क्लब के जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं ने डेमो के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश



कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने और बच्चों में कचरा प्रबंधन की आदत विकसित करने के उद्देश्य से उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलबनवां में ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को चार रंगों के डस्टबिन के माध्यम से कचरे के पृथक्करण और उसके उचित निपटान की जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न रंगों के डस्टबिन का डेमो प्रस्तुत कर बच्चों को बताया गया कि किस प्रकार के कचरे को किस डस्टबिन में डालना चाहिए। ईको क्लब की छात्राएं खुशबू, पलक, आयुषी और अमीना ने प्रदर्शन के माध्यम से गीले और सूखे कचरे सहित अन्य प्रकार के कचरे को अलग-अलग रखने तथा उनके उचित निपटान की प्रक्रिया समझाई।छात्राओं ने बच्चों को घर और विद्यालय परिसर में कचरा इधर-उधर नहीं फेंकने तथा कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में डालने के लिए प्रेरित किया।इस मौके पर प्रधानाध्यापक विनय कुमार ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी अभियान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे दैनिक जीवन की आदत बनाना जरूरी है।बच्चों के माध्यम से स्वच्छता और कचरा प्रबंधन का संदेश घर-घर तक पहुंचाया जा सकता है।कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक विजय कुमार, श्रीराम यादव, कमलेश प्रसाद, रेणु देवी, तेज प्रताप सिंह, सुमन पाल और निशा अग्रहरी ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

जनजाति समुदाय ने आजादी की लड़ाई में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव प्रखंड के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय धर्मचक के परिसर में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग बिहार एवं बिहार अनुसूचित जनजाति एवं प्रशिक्षण संस्थान पटना के बैनर तले गुरुवार के दिन जनजातीय मुद्दे पर जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डीडीसी गौरव कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी राम शंकर कुमार, हथुआ एसडीएम संतोष कुमार, बीडीओ मनोज कुमार पंडित, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामाजी साह, मुखिया संघ के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह एवं बीससूत्री अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीडीसी गौरव कुमार ने कहा कि सरकार अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विकास के लिए प्रयासरत है। जिसको देखते हुए सरकार ने प्रत्येक वार्ड में आंगनबाड़ी केंद्र और गांवों में शिक्षा की अलग जगाने के लिए सरकारी विद्यालयों की स्थापना की है। अनुसूचित जनजाति समुदाय को शिक्षा के प्रति अग्रसर होना होगा। शिक्षा ही समाज के विकास का मुख्य मार्ग है। जिला कल्याण पदाधिकारी राम



शंकर कुमार ने कहा कि देश की आजादी एवं विकास में अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय का भी विशेष योगदान रहा है। जल, जमीन और जंगल को लेकर शुरू किए गए लड़ाई में जनजाति समुदाय के भगवान बिरसा मुंडा ने अपने प्राणों की आहुति दी। रानी दुर्गावती ने भी आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के विरुद्ध बिगुल फूंक कर अपने प्राणों की आहुति दी। बीडीओ मनोज कुमार पंडित ने कहा कि पूर्वजों की आहार पद्धति के सम्मान के लिए यह कार्यशाला आयोजित की गई है। हमारे पूर्वजों की आहार पद्धति में विशेष रूप से कंदमूल, आखेट व जड़ी बूटी शामिल था। जिसका अनुसरण अब बड़े विद्वान एवं सरकार करने लगी है। जिसको देखते हुए अब श्रीअन्न के रूप में मोटे अनाजों की खेती करने के लिए सरकार बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। मुखिया संघ के जिला उपाध्यक्ष व अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामाजी साह ने कहा कि अनुसूचित जनजाति समुदाय ने देश की आजादी व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जनजाति समुदाय ने आजादी के समय 258 अपनी रियासतों को देश के लिए त्याग कर दिया। उन्होंने जनजाति समुदाय के सम्मान में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा गोपालगंज-मीरगंज मुख्य पथ पर किसी चैक पर लगाने की मांग की। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें टीबी के मरीजों की पहचान के लिए सौ से अधिक मरीजों की निशुल्क एक्सरे के माध्यम से जांच की एवं निशुल्क दवा का भी वितरण किया गया। मौके पर सीओ विजय कुमार, स्वास्थ्य प्रभारी डॉ अविनाश प्रताप सिंह, डॉ खाबर इमाम, एमओ तब्बू खातून, प्रबंधक मनोज कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, समाजसेवी इजहारूल हक, विकास मित्र सहित अनुसूचित जनजाति समुदाय के काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

डॉक्टर के पास जा रहे दंपती को घेरकर मारपीट, आभूषण व पर्स छीना, केस दर्ज

भोरे (दैनिक नवसंदेश) स्थानीय थाना क्षेत्र के खजुरहां त्रिमुहानी के समीप इलाज कराने जा रहे एक दंपती को घेरकर मारपीट करने, नकदी व आभूषण छीनने और बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़िता के आवेदन पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, लामीचैर निवासी नेहा खातून ने भोरे थाने में आवेदन देकर बताया कि 31 अक्टूबर को वह अपने पति सेफुलाह अंसारी के साथ मोटरसाइकिल से डॉ0 संदीप कुमार के अस्पताल जा रही थीं। जैसे ही वे त्रिमुहानी के समीप पहुंचे, संसार बंतरिया निवासी गोलू यादव (पिता-जयराम यादव) अपने करीब 10 अज्ञात साथियों के साथ वहां घात लगाए खड़ा था। आरोप है कि आरोपियों ने बाइक रोककर चाबी निकाल ली। जब पति ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने लात-घूंसों से उनकी जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान महिला बाइक से नीचे गिर गई।